Page 11

खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10

देश

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, पुष्य, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • बुधवार • 18 दिसम्बर 2024 • वर्ष 27 • अंक 11 • पृष्ठ 12

भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट : इंडिया के फॉलोऑन बचाया पहली पारी में स्कोर...

बहन के बाद भाई पर भी भ्रष्टाचार की आंच, पूर्व सीएम के बेटे केटीआर पर फॉर्मूला...

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 22 कैरेट	1 किलो चांदी
₹78,000	₹92,500

आज का इतिहास

- 2015 : ब्रिटेन के कोयला खादान केलिंगले केलियरी को बंद किया गया।
- 2009 : जलवायु परिवर्तन पर कोपेनहेगन शिखर सम्मेलन गैर बाध्यकारी बाइंडिंग कोपेनहेगन समझौते के साथ समाप्त हुआ।

न्यूज बाइट्स

सार्वजनिक उपक्रम देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनायेंगे : राजनाथ

नई दिल्ली (ए.)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विश्वास व्यक्त किया है कि रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम आधुनिकीकरण और स्वदेशीकरण को बढावा देते हुए देश को आत्मनिर्भर बनायेंगे। श्री सिंह ने मंगलवार को यहां रक्षा मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। बैठक में पूर्ववर्ती आयुध निर्माणी बोर्ड के निगमीकरण के बाद बनाए गए सार्वजनिक क्षेत्र के नये उपक्रमों की भूमिका और कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया। समिति के सदस्यों को वित्तीय आंकड़ों, आधुनिकीकरण, पूंजीगत व्यय, निर्यात, नए उत्पादों और अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं से अवगत कराया गया। रक्षा मंत्री ने महत्वपूर्ण उत्पादों के स्वदेशीकरण, उत्पादन सुविधाओं के आधुनिकीकरण और एमएसएमई को बढ़ावा देने में नए उपक्रमों के प्रयासों की सराहना की।

आरजेडी 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के खिलाफ

नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को लोकसभा में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल पेश किया। इस पर बिहार में विपक्ष के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बिल का विरोध करते हुए कहा कि आरजेडी 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के खिलाफ है। यब बिल संवैधानिक ढांचे पर प्रहार है। तेजस्वी यादव आज 'कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद यात्रा' को लेकर मधेपुरा पहुंचे। यहां पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान 'वन नेशन, वन इलेक्शन' का विरोध करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के मुद्दे गौण हो जाएंगे। प्रदेश के चुनाव स्थानीय मुद्दे पर होते हैं, वह मुद्दा समाप्त हो जाएगा।

पटना और भागलपुर की दो सड़कों का होगा नवीनीकरण : मंत्री

पटना (नि.सं.)। पथ निर्माण विभाग ने पटना और भागलपुर की दो सड़कों के नवीनीकरण को मंजूरी दे दी है। विभाग ने इन दोनों सड़कों के निर्माण को प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। जिन सड़कों का निर्माण होना है उसमें पटना में दीघा सर्विस लेन और भागलपुर का एनएच-131बी शामिल है। उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि विभाग लगातार विभिन्न जिलों में जिन सड़कों के नवीनीकरण की आवश्यकता है, उन्हें चिह्नित कर उसकी मंजूरी दे रही है। इसी क्रम में पटना और भागलपुर जिले की दो सड़कों के नवीनीकरण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गयी है।

बोधगया में श्रीलंका के राष्ट्रपति का भव्य स्वागत

गया (नि.सं.)। श्रीलंका मंदिर के भंते शिवली ने बताया कि श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने पहली विदेश यात्रा के लिए उन्होंने भारत को ही चुना, यह एक बहुत बड़ी बात है। ये हमारे पुराने संबंधों को दर्शाता है। भारत और श्रीलंका के संबंध काफी समय से प्रगाढ़ रहे हैं। मंगलवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति बोधगया को पहुंचे। बोधगया पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत बीटीएमसी के द्वारा किया गया। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने महाबोधि मंदिर में पूजा अर्चना की और विश्व शांति के लिए कामना किया। बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान लगाया।

लोकसभा में स्वीकार हुआ एक देश एक चुनाव बिल

- कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 17 दिसंबर को विधेयक किया पेश

एजेंसी | नई दिल्ली

देश में एक बार फिर एक देश एक चुनाव की चर्चा जोरों पर है। संसद के शीतकालीन सत्र में मंगलवार केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा के पटल पर एक देश एक चुनाव के लिए 129 वां संविधान संसोधन बिल पेश किया। कई दलों की आपत्ति के बाद बिल को दोबारा पेश करने को लेकर वोटिंग हुई। ज्यादा वोट पड़ने के बाद बिल पेश किया गया। मोदी सरकार का प्रयास है कि देश में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाएं लेकिन विपक्ष इसे संविधान की मूल भावना पर कुठाराघात बता रहा है। यह बिल लोकसभा में साधारण बहुमत से (269 सांसदों ने पक्ष में और 198 ने विपक्ष में मतदान किया) पेश हो गया लेकिन एक नई बहस को जन्म दे दिया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी संख्या में स्पष्ट अंतर की ओर इशारा किया। उन्होंने मीडिया से बाहर बात करते हुए कहा कि निस्संदेह सरकार के पास अधिक संख्या बल है लेकिन इसे (संविधान संशोधन विधेयकों को) पास कराने के लिए आपको दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता है जो उनके पास स्पष्ट रूप से नहीं है। इसलिए सरकार को इस पर अधिक समय तक जोर नहीं देना चाहिए। नियमों के अनुसार, संविधान में इन संशोधनों को लोकसभा से पारित होने के लिए उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई समर्थन की आवश्यकता होगी। कांग्रेस ने आज के उदाहरण का उपयोग करते हुए बताया कि 461 सदस्यों ने संविधान संशोधन विधेयक को पेश करने के लिए मतदान में भाग लिया। यदि यह विधेयक पास करने के लिए मतदान होता, तो उन 461 में से 307 को पक्ष में मतदान करना होता लेकिन केवल 269 ने ऐसा किया। इस विधेयक को समर्थन नहीं है और कई दलों ने इसके खिलाफ बात की है। कांग्रेस के मनीष तिवारी, समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव, तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी और तमिलनाडु के द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के टीआर बालू ने विरोध का नेतृत्व किया। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के शिवसेना गुट और शरद पवार के नेतृत्व वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी समूह साथ ही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग सहित कई छोटे दलों ने भी विरोध जताया।

चुनावों के बाद सार्वजनिक खर्च बढ़ने का मतलब है कि एक साथ चुनाव के बाद अलग अलग चुनावों की तुलना में ग्रोथ रेट बढ़ेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि चुनाव के दो वर्ष पहले और दो वर्ष बाद राजकोषीय घाटा 1.28 प्रतिशत तक बढ़ सकता है।

क्या है एक देश-एक चुनाव ?

भारत में एक देश-एक चुनाव का मतलब है कि संसद के निचले सदन यानी लोकसभा चुनाव के साथ ही सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव भी कराए जाएं। इसके साथ ही स्थानीय निकायों यानी नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों के चुनाव भी हों। इसके पीछे विचार है कि ये चुनाव एक ही दिन या फिर एक निश्चित समय सीमा में कराए जा सकते हैं।

सरकार के पास संख्या कहां है?

विपक्ष का कहना है कि बिल भले ही पेश हो गया लेकिन पास नहीं हो सकता। दो-तिहाई बहुमत सरकार के पक्ष में नहीं है। सरकार का यह कदम संवैधानिक रूप से कमजोर है और इसे जनसमर्थन हासिल नहीं है। कांग्रेस सांसदों की ओर से वोटिंग के दौरान जो मत पड़े उसको लेकर सरकार के ऊपर तंज कसा गया। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर ई-वोटिंग के स्क्रीनशॉट को शेयर करते हुए कहा कि कुल 461 वोटों में से दो-तिहाई बहुमत (यानी 307) की आवश्यकता थी... लेकिन सरकार को केवल 269 वोट मिले, जबकि विपक्ष को 198। एक देश-एक चुनाव का प्रस्ताव दो-तिहाई समर्थन हासिल करने में विफल रहा।

हमारा लोकतंत्र पाताल से भी गहरा है : अमित शाह

संसद के उच्च सदन में संविधान पर चर्चा के दौरान भारी हंगामा देखने को मिला। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने सरकार पर कई आरोप लगाए। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्यसभा में संविधान पर चर्चा का जवाब दे रहे हैं। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि ये हम सभी के लिए संकल्प लेने का समय। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारा लोकतंत्र पाताल से भी गहरा है। अमित शाह ने कहा कि दुनिया सबसे ज्यादा विस्तृत और लिखित संविधान है। दो साल 18 महीने तक विस्तृत चर्चा हुई। शायद ही दुनिया का कोई संविधान होगा जो देश की जनता को कमेंट के लिए दिया गया।

19-20 दिसंबर को बिजनेस कनेक्ट का होगा आयोजन

करीब 80 टॉप लेवल की कंपनियां आएगी

निज संवाददाता | पटना

पटना के ज्ञान भवन में बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 का आयोजन किया जाएगा। 19 और 20 दिसंबर को बिजनेस कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। होटल मौर्या में मंगलवार को उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि 80 से ज्यादा टॉप लेवल की कंपनी बिहार आएगी। एमओयू साइन करेंगी। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का अपना विंडो ओपन किया था। इसके जरिए 1200 ऐसे निवेशक हैं, जिन्होंने इन्वेस्ट करने की इच्छा जाहिर की है। इसके साथ ही 5000 लोग ऐसे निवेशक है, जो वर्चुअल जुड़े रहेंगे। इसमें कई विभाग के मंत्री और अधिकारी के नेतृत्व में प्रमुख उद्योगपतियों के साथ चर्चा होगी। इसके बाद मुख्य एमओयू साइनिंग सीएम नीतीश कुमार की मौजदूगी में होगी। इसमें प्लेनरी सत्र का आयोजन होगा। इसमें बिहार की औद्योगिक क्षमता और नीतिगत ढांचे पर महत्वपूर्ण वीडियो साझा की जाएंगी। मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि बिहार बिजनेस कनेक्ट ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की शुरुआत 2023 में हुई थी। उसमें देश विदेश के 600 से अधिक कारोबारियों ने भाग लिया था।

कई विभागों के मंत्री आएंगे

19 दिसंबर को उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। प्रारंभिक एमओयू साइनिंग और 4-5 विशेष सत्र का आयोजन होगा। एमएसएमईएस और स्टार्टअप पर विशेष चर्चा भी होगी। दूसरे दिन सीईओ राउंड टेबल होगा।

जमीन से जुड़ी समस्या के निपटारे को लेकर पटना में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की हुई अहम बैठक

निज संवाददाता | पटना

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह की अध्यक्षता में विभागीय कार्यालय कक्ष में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में ई-मापी, भू-अभिलेख पोर्टल, भू-समाधान, भू-संपरिवर्तन व ऑनलाइन लगान, ऑनलाइन दाखिल खारिज एवं ऑनलाइन परिमार्जन समेत अंचल निरीक्षण की व्यवस्था पर चर्चा की गई।इस दौरान विभाग के सचिव जय सिंह ने बताया कि सरकारी भूमि, न्यायालय के आदेश, विधि व्यवस्था एवं लोक शिकायत में पारित आदेशों से संबंधित मामलों में वेबसाइट के ड्रॉपडाउन मेन्यू में इन्हें जोड़कर उनका मापी करायी जाय और परिमार्जन के छोड़े गए जमाबंदी के मामले में बिना जमाबंदी संख्या के भी नापी के आवेदन लेने की व्यवस्था सॉफ्टवेयर में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिलावार प्रति अमीन अभी औसत तीन मापी के मामले निष्पादित किए जा रहे हैं और इसमें सरकारी भूमि की नापी की संख्या को जोड़ा नहीं जा रहा है। ऐसी स्थिति में सरकारी भूमि की नापी के अभिलेखों को भी ऑनलाइन हर हाल में कराया जाय। नापी के मामलों में ससमय फीस का भुगतान नहीं करने वाले आवेदकों के आवेदन को 60 दिन के अंदर निरस्त किए जाने का प्रावधान जरूरी है।रेवेन्यू कोड मैनेजमेंट सिस्टम के तहत ई-मापी के अंतर्गत आवेदन करने और उसकी अंतिम रिपोर्ट को भी उक्त प्रणाली के माध्यम से देखने की व्यवस्था की जाये। ऑनलाइन दाखिल खारिज एवं ऑनलाइन परिमार्जन के मामलों की चर्चा करते हुए सचिव ने कहा कि ऑनलाइन दाखिल खारिज एवं परिमार्जन प्लस के तहत प्राप्त आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निष्पादन की समय समय पर समीक्षा की जाय। कार्यप्रणाली को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए अंचल निरीक्षण की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि विभागीय सभी पदाधिकारी माह में कम से कम दो जिलों के एक भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं एक अंचल कार्यालय का निरीक्षण करना सुनिश्चित करेंगे।

बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता और बेहतर करने को हर साल खर्च होंगे 900 करोड़

पटना(नि.सं.)। राज्य के इच्छुक लोगों को बिजली कनेक्शन दे चुकी कंपनी ने अब आपूर्ति व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए गुणवत्ता पर काम करना शुरू कर दिया है। लोगों को निर्बाध बिजली मुहैया के लिए कंपनी ने हर साल औसतन 900 करोड़ खर्च करने का निर्णय लिया है। इस पैसे से तार, पोल, ट्रांसफॉर्मर के साथ ही अन्य सामग्री की खरीदारी की जाएगी। नए उपकरण लगाए जाएंगे और पुरानों को बदला जाएगा। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जरूरत के अनुसार गली-मोहल्ले में वितरण ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएंगे। कंपनी ने 25 केवीए, 63 केवीए, 100 केवीए, 200 केवीए और 315 केवीए का ट्रांसफॉर्मर खरीद करने का निर्णय लिया है।

राज्यपाल ने किया स्वास्थ्य मंत्री की पुस्तक का विमोचन, बिहार के स्वास्थ्य विकास पर जोर

निज संवाददाता | पटना

बिहार विधानसभा के विस्तारित भवन के सभागार में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की पुस्तक 'आरोग्य पथ पर बिहार, जन स्वास्थ्य का मंगल काल' का विमोचन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को शहरों तक सीमित न रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाना बेहद जरूरी है। उन्होंने बिहार के समग्र विकास के लिए स्वास्थ्य प्रक्षेत्र के सुदृढ़ीकरण पर बल दिया। राज्यपाल ने कहा कि बिहार का विकास, भारत के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुस्तक के लेखक मंगल पांडेय की प्रशंसा करते हुए उन्होंने इसे एक उत्कृष्ट और पठनीय रचना बताया, जो स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे प्रगतिशील बदलावों को जनता के सामने रखने का एक सफल प्रयास है।

उन्होंने लेखक के व्यक्तित्व और उनके सामाजिक योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रभाव ने उनके विचारों को स्पष्टता और सकारात्मकता प्रदान की है। इसके परिणामस्वरूप वे समाज और राष्ट्र हित में लगातार सक्रिय रहते हैं। राज्यपाल ने यह भी बताया कि राजभवन इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर के टीकाकरण के लिए प्रयासरत है और इस कार्य में स्वास्थ्य विभाग से सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने राज्य को टी.बी. मुक्त बनाने के प्रयासों को भी प्राथमिकता देने की अपील की।

फीडर सोलराइजेशन योजना : किसानों और बैंकों के बीच संवाद कार्यक्रम का आयोजन

निज संवाददाता | पटना

फीडर सोलराइजेशन योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए विद्युत भवन में किसानों, बैंकों और बीएसपीजीसीएल (बिहार स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड) के बीच संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में किसानों को प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत फीडर सोलराइजेशन से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी गई। बीएसपीजीसीएल के अधिकारियों ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से योजना के तकनीकी और वित्तीय पहलुओं को विस्तार से समझाया। किसानों को बताया गया कि इस योजना के तहत सोलर प्लांट लगाने के लिए प्रति मेगावाट 4 एकड़ जमीन की आवश्यकता होगी, जो उपकेंद्र से अधिकतम 5 किलोमीटर की दूरी पर होनी चाहिए। किसान जमीन को लीज पर भी ले सकते हैं। प्रति मेगावाट परियोजना की लागत लगभग 5 करोड़ रुपये आने का अनुमान है, जिसमें से 1.50 करोड़ रुपये का अनुदान सरकार की ओर से दिया जाएगा। योजना में भाग लेने के लिए किसानों को निविदा प्रसंस्करण शुल्क 590 रुपये और निविदा शुल्क 11,800 रुपये जमा करना होगा। साथ ही, अग्रिम धनराशि के रूप में प्रति मेगावाट 1,00,000 रुपये बैंक गारंटी या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा करना अनिवार्य है। आवेदन की अंतिम तिथि 24 दिसंबर 2024 निर्धारित की गई है, और परियोजना को 12 महीनों के भीतर पूरा करना होगा। संवाद कार्यक्रम में बीएसपीजीसीएल के मुख्य अभियंता दिलीप कुमार और निदेशक ए.के. सिंह मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक और इंडियन ओवरसीज बैंक के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

आईएएस संजीव हंस और उनके करीबियों की संपत्ति जब्त

निज संवाददाता | पटना

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को आईएएस अधिकारी संजीव हंस, पूर्व राजद विधायक गुलाब यादव, पुष्पराज बजाज, सादाब और तीन कंपनियों के खिलाफ 2000 पन्नों की सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है, जिसमें उन पर बिहार बिजली बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया गया। 1997 बैच के आईएएस अधिकारी और पूर्व विधायक गुलाब यादव दोनों 18 अक्टूबर से न्यायिक हिरासत में हैं। हंस को पटना से जबकि गुलाब यादव को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था।

पटना की विशेष पीएमएलए अदालत में दायर आरोप पत्र में सुभाष यादव, परवीन चौधरी को भी सह-अभियुक्त के तौर पर शामिल किया गया है। आरोप पत्र में गवाहों के बयान, जब्त किए गए दस्तावेज़ और पूछताछ के रिकॉर्ड शामिल हैं। कोर्ट अब सुनवाई के लिए तारीख तय करेगी और आरोपियों को समन जारी करेगी। ईडी की जांच से पता चला है कि संजीव हंस ने 2018 -2023 की अवधि के दौरान बिहार सरकार में तमाम प्रमुख पदों और केंद्रीय प्रतिनियुक्तियों पर रहते हुए भ्रष्ट आचरण में लिप्त होकर अवैध धन कमाया है। ईडी की पटना टीम ने मनी लांड्रिंग के मामले में आईएएस अधिकारी संजीव हंस और उनसे जुड़े अन्य लोगों की सात अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त किया है। जब्त अचल सम्पत्ति की कीमत लगभग 23.72 करोड़ रुपये है। जानकारी के अनुसार जब्त सम्पत्तियों में नागपुर के तीन भूखंड, दिल्ली स्थित एक-एक फ्लैट और जयपुर के तीन फ्लैट शामिल हैं।

विकास योजनाओं की समीक्षा और महिला संवाद कार्यक्रम की तैयारी

23 दिसंबर से शुरू होगी मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब प्रगति यात्रा पर निकलेंगे। जिसका पहला चरण 23 से 28 दिसंबर तक चलेगा। यात्रा का आगाज पश्चिमी चंपारण से होगा। 24 को पूर्वी चंपारण, 26 को शिवहर, सीतामढ़ी, 27 को मुजफ्फरपुर और 28 को वैशाली में प्रगति यात्रा निकलेगी। इससे पहले 15 दिसंबर को नीतीश कुमार महिला संवाद यात्रा पर निकलने वाले थे। लेकिन अब संवाद यात्रा जनवरी में होगी। आपको बता दें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा महिला संवाद कार्यक्रम से पूरी तरह अलग है। प्रगति यात्रा में मुख्यमंत्री सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे, जबकि जनवरी में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम ग्रामीण विकास विभाग की ओर से सभी जिलों में आयोजित किए जाएंगे।

इस कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री कुछ स्थानों पर जा सकते हैं, इसमें वो महिलाओं से संवाद करेंगे। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह-जीविका आदि से भी संवाद होगा। बिहार कैबिनेट ने महिला संवाद कार्यक्रम के लिए ग्रामीण विकास विभाग के 225 करोड़ के प्रस्ताव को नवंबर में मंजूरी दी थी। महिला संवाद यात्रा की तारीख को आगे बढ़ा दिया गया है। बिहार में चुनाव से पहले नीतीश कुमार का किसी यात्रा पर जाना कोई नई बात नहीं है। वो अब तक करीब 14 यात्राएं कर चुके हैं। इस यात्रा का मकसद बिहार की जनता को नीतीश सरकार के कार्यकाल में हुई राज्य की प्रगति के बारे में बताना है। फिर चाहे वो शराबबंदी जैसा बड़ा फैसला हो, महिला सशक्तिकरण हो, बिहार का विकास हो, स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में किए गए काम हो। या फिर नौकरी और रोजगार की बात हो। साल 2010 और 2015 के चुनाव में लगभग सभी जातियों की महिलाएं सीएम नीतीश की वोटर रहीं। दरअसल इसके पीछे वजह यह है कि महिलाएं सीएम नीतीश के काम को पसंद करती हैं।

संक्षिप्त समाचार

वजीरगंज में भी बाधित रहेगी बिजली

वजीरगंज। वजीरगंज विद्युत ग्रिड उपकेंद्र में मेंटेनेंस कार्य को लेकर मंगलवार को ढाई घंटे विद्युतापूर्ति बाधित रहेगी। सहायक कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार ने बताया कि 132/33 केवी के मेन बस हाईलेवल आइसोलेटर में मेंटेनेंस के कार्य को लेकर मंगलवार सुबह 10 से लेकर दोपहर साढ़े 12 बजे तक विद्युतापूर्ति बाधित रहेगी। इसके कारण वजीरगंज, मायापुर, फतेहपुर, मोहड़ा, मंझवे एवं पैमार विद्युत शक्ति उपकेंद्रों की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

चौकीदार को गोली मारने वाले दो अपराधी गिरफ्तार, बैंक और ज्वेलरी शॉप में लूटपाट करने आए थे

नालंदा। नालंदा के रहुई थाना क्षेत्र के बाजार इलाके में बजरंगी मोड़ के पास 8-9 दिसंबर की रात ज्वेलरी शॉप लूट और पीएनबी में लूट के प्रयास के दौरान चौकीदार पर जानलेवा हमला हुआ था। मामले में फरार दो आरोपियों पुलिस ने पकड़ा है। अब कुल तीन आरोपी पुलिस गिरफ्त में आ चुके है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल देसी कट्टा, एक कारतूस और चोरी के इस्तेमाल में लाए जाने वाले उपकरण भी बरामद किया है। सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश में गठित एसआईटी टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी बीच नगर थाना क्षेत्र के चैनपुरा निवासी मोहम्मद सिराज और मोहम्मद मिराज उर्फ घोचा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी ने बताया कि अपराधी रहुई बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक और ज्वेलर्स शॉप में लूट को अंजाम देने के फिराक में थे, लेकिन चौकीदार अलखदेव पासवान अपराधी से भिड़ गए थे। इस दौरान गोलीबारी भी हुई थी, जिसमें चौकीदार घायल हुए थे। गिरफ्तार अभियुक्तों का कई आपराधिक इतिहास पाया गया है, जिससे ज्ञात हुआ है कि अभियुक्त पिछले 10 वर्षों से अधिक नालंदा जिला में संगठित गिरोह बनाकर क्षेत्र में सक्रिय हैं। दोनों के ऊपर बिहार और लहेरी थाना में 19 से अधिक मामले दर्ज हैं।

प्लेटलेट बढ़ाने में बकरी के दूध का कोई योगदान नहीं

गया। गया पपीता और बकरी के दूध का प्लेटलेट बढ़ाने में कोई योगदान नहीं होता है। लोगों को इस अंधविश्वास से बचना चाहिए। और सही समय पर अपने चिकित्सक से सुझाव लेना चाहिए। उक्त बातें सोमवार को गया शहर के एक निजी होटल में आईएमए, गया एवं एपीआई, मगध डिवीजन द्वारा आयोजित कांटीन्यूस मेडिकल एजुकेशन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पटना के डॉ. अविनाश कुमार (डीएम, हिमेटोलॉजी) ने कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने रक्तस्राव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सुझाव दिया कि शादी से पहले थैलेसीमिया की जांच अवश्य कराएं, ताकि आने वाली पीढ़ी इस रोग से बच सके। कार्यक्रम के दौरान चार सत्रों के दौरान आर्थराइटिस, हेपेटाइटिस, हड्डी की जांच और रक्तस्राव से संबंधित रोगियों के नैदानिक दृष्टिकोण जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस आयोजन का उद्देश्य आमजन को इन समस्याओं के बारे में जागरूक करना था। चार सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम में चेयरपर्सन की भूमिका डॉ. श्रीप्रकाश सिंह, डॉ. एनके नवल, डॉ. विमलेंदु विमल, डॉ. पीके सिन्हा, डॉ. आरआर वर्मा, डॉ. सुनीता शर्मा, डॉ. डीके सहाय, डॉ. राजेश्वर शर्मा, डॉ. अमिता सिन्हा, डॉ. आलोक जैन एवं डॉ. धनंजय कुमार ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीरज कुमार और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह ने किया। मौके पर डॉ. एएन राय, डॉ. रामाधार तिवारी, डॉ. विजय जैन, डॉ. वीके करण, एएमएस, गया के अध्यक्ष डॉ. रतन कुमार, डॉ. यूएस अरुण, डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह, डॉ. पूनम सहाय, डॉ. अनीता कुमारी, डॉ. भोला भाई, डॉ. जयदेव सिन्हा, डॉ. शैलेंद्र कुमार, डॉ. एलपी सिंह, डॉ. कनिष्क परमार, डॉ. टी. शर्मा आदि मौजूद थे। फेफड़े, हार्ट व आंखों को प्रभावित कर सकता है आर्थराइटिस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रांची के डॉ. विंध्याचल कुमार गुप्ता ने आर्थराइटिस विषय पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि रुमेटाइड आर्थराइटिस केवल जोड़ों तक सीमित नहीं है। यह फेफड़े, हार्ट, स्किन और आंखों को भी प्रभावित कर सकता है। एक से अधिक जोड़ों में दर्द होने पर समुचित जांच और इलाज आवश्यक है। उन्होंने यह भी चेताया कि झोलाछाप डॉक्टरों की आयुर्वेदिक दर्द की बिना लेबल वाली दवाओं से बचना चाहिए। हेपेटाइटिस होने पर चिकित्सक से करें संपर्क वहीं पटना के डॉ. सत्यम सिन्हा (डीएम, हेपेटोलॉजी) ने हेपेटाइटिस विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि हेपेटाइटिस बी और सी की समय पर जांच अनिवार्य है। हेपेटाइटिस बी पॉजिटिव होने पर हर स्थिति में दवा की आवश्यकता नहीं होती है। इसके लिए चिकित्सक से परामर्श लेना जरुरी है। उन्होंने कहा कि हेपेटाइटिस का टीका सभी को लेना चाहिए।



पहले दिन पहुंचे पांच हजार से ऊपर तीर्थयात्री, अपने पूर्वजों के लिए किया श्राद्ध

गया। पौष मास के आरंभ के साथ ही सोमवार से मिनी पितृपक्ष शुरू हो गया है। एक बार फिर मोक्षदायिनी फल्गु के तट पर देश के कई राज्यों से पिंडदानी अपने पूर्वजों की मुक्ति के लिए पहुंच रहे हैं। पिंडदानियों की सबसे अधिक संख्या ठंड प्रदेशों से है। वे गयाजी में मुख्यत : तीन वेदियों (विष्णुपद, फल्गु व अक्षयवट) के लिए कर्मकांड कर रहे है। इस संदर्भ में श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शंभु लाल विट्ठल व सचिव गजाधरलाल पाठक ने संयुक्त रूप से बताया कि पौष मास के आरंभ के साथ ही मिनी पितृपक्ष शुरू हो गया है। पहले दिन करीब पांच हजार से ऊपर तीर्थयात्रियों का मेला रहा। पिंडदानियों ने देवघाट पर सुबह से लेकर दोपहर तक श्राद्ध की प्रक्रिया पूरी की, फिर पिंड को मोक्षदायिनी फल्गु के साथ श्री विष्णुपद के गर्भगृह में जाकर भगवान के चरण पर चढ़ाया और पितरों की मुक्ति की प्रार्थना की। उन्होंने बताया कि मिनी पितृपक्ष में हिमाचल प्रदेश, उतराखंड, जम्मू कश्मीर, नेपाल, बंगाल, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु व पंजाब से तीर्थयात्री गयाजी आएंगे।

मध्यप्रदेश से पहुंचा 70 पिंडदानियों का दल मध्यप्रदेश के इंदौर, थार, देवास आदि शहरों से एक दिनी श्राद्ध के लिए करीब 70 तीर्थयात्री निजी बस से सोमवार की सुबह गयाजी पहुंचे। गयाजी पहुंचते ही वे सीधे देवघाट गए, जहां मोक्षदायिनी फल्गु के तट के पास बैठ पिंडदान के कर्मकांड को पूरा किया। पिंडदान के कर्मकांड को पूरा करा रहे आचार्य सुनील मिश्रा ने बताया कि सभी पिंडदानियों ने एक दिन में तीन प्रमुख वेदियों फल्गु, विष्णुपद व अक्षयवट का श्राद्ध किया। श्राद्ध की प्रक्रिया पूरी करने के बाद गंगासागर के लिए रवाना हो गए। मिनी पितृपक्ष में मुख्यतः चार वेदी पर होते हैं पिंडदान सचिव श्री पाठक ने बताया कि पौष मास के आरंभ के साथ ही मिनी पितृपक्ष शुरू हो गया है। मिनी पितृपक्ष में मुख्यतः चार वेदी पर ही तीर्थयात्री पिंडदान के कर्मकांड को करते है। चार प्रमुख वेदियों में (विष्णुपद, फल्गु, सीताकुंड व अक्षयवट) शामिल है। इसके अलावे प्रेतशिला वेदी पर भी कुछ पिंडदान पितरों के निर्मित श्राद्ध करते है। उन्होंने बताया कि इसमें अधिकांश पिंडदान एक व तीन दिन वाले होते है। मिनी पितृपक्ष शुरू पर प्रशासनिक व्यवस्था नगण्य मिनी पितृपक्ष शुरू होते ही देवघाट पर तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ने लगी है, पर घाट पर प्रशासनिक व्यवस्था नगण्य है। मोक्षदायिनी फल्गु पूरी तरह से मैली हो गई है। नदी के ऊपर में गंदगी तैर रही है, जिसके कारण पिंडदान अब नदी में स्नान नहीं कर पा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के अधिकारी राहुल देव ने बताया कि नदी थोड़ी गंदगी है। गंदगी को साफ कर देने से तीर्थयात्रियों को सुविधा मिलेगी।

श्रीलंका के राष्ट्रपति ने महाबोधि मंदिर में की पूजा, बदल दी गई थी शहर की विधि व्यवस्था

DM और एसपी की रही मौजूदगी, जनवरी में पीएम ने किया था दौरा

निज संवाददाता। गया

विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर में मंगलवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा ने बोधगया पहुंचे। जहां उन्होंने महाबोधि मंदिर में भगवान बुद्ध का दर्शन किया और उन्हें पुष्प अर्पित करते हुए पवित्र खीर भेंट किया। भगवान बुद्ध के दर्शन के उन्होंने मंदिर परिसर में स्थित पवित्र बोधि वृक्ष की छांव में भगवान बुद्ध को नमन किया और सूक्ष्म ध्यान साधना की। बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमेटी ने खादा वस्त्र देकर उनका भव्य स्वागत किया। उनके साथ आए श्रीलंकाई शिष्टमंडल का भी पारंपरिक अंदाज में अभिनंदन किया गया। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा करीब 30 मिनट तक महाबोधि मंदिर परिसर में रहे। उन्होंने पूजा-अर्चना के बाद पूरे मंदिर का भ्रमण किया और बौद्ध धर्म के भिक्षुओं से मन्दिर की महत्ता और इतिहास के बारे में जाना। बोधगया में उनका कुल 2 घंटे का प्रवास रहा।

महाबोधि मंदिर में दर्शन के बाद श्रीलंकाई राष्ट्रपति श्रीलंका बौद्ध मॉनेस्ट्री पहुंचे और अस्थि कलश का दर्शन किया। इसके बाद वह कड़ी सुरक्षा घेरे में वापस गया एयरपोर्ट के लिए निकल गए। राष्ट्रपति की इस यात्रा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया था। साढ़े आठ बजे से लेकर साढ़े 11 बजे तक रूट डायवर्ट कर दिया गया था।

राष्ट्रपति के आगमन पर गया में की गई विधि व्यवस्थाः राष्ट्रपति के आगमन पर उनके साथ डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम और एसएसपी आशीष भारती खुद हर जगह मौजूद थे। मंदिर परिसर और आसपास पुलिस बल की तैनाती रही। दर्शन के दौरान महाबोधि मंदिर में आम श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगी रही। साढ़े 11 बजे बाद आम श्रद्धालुओं का प्रवेश चालू किया गया। महाबोधि मंदिर में पूजा व ध्यान और साधना के बाद अनुरा कुमारा ने बोधगया के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व की सराहना की। इस दौरान श्रीलंका के शिष्टमंडल ने भी मंदिर की परम्पराओं और शांति के संदेश को लेकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। राष्ट्रपति की इस यात्रा से भारत-श्रीलंका के सांस्कृतिक और धार्मिक संबंधों को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

1972 में रखा गया था अस्थि कलशः बता दें कि राष्ट्रपति का इंडिया में इस साल का पहला आधिकारिक दौरा है। इससे पहले जनवरी में श्रीलंका के प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने ने भी बोधगया का दौरा किया था। वहीं, पूरे साल श्रीलंका से कई बड़े नेता गया पहुंचे। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा ने श्रीलंका बौद्ध मॉनेस्ट्री जाकर भगवान बुद्ध के अस्थि कलश के दर्शन किया। भगवान बुद्ध का अस्थि कलश 1972 से यहां रखा गया है। जब श्रीलंका से बोधगया लाया गया था। मान्यता है कि यह भगवान बुद्ध के अवशेष का एक अंश है। जो बौद्ध श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत पवित्र और पूजनीय है। बोधगया जहां भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। श्रीलंका के बौद्ध श्रद्धालुओं के लिए हमेशा से आस्था का केंद्र रहा है।

महाबोधि मंदिर को लेकर दो विधायकों में सियासी खटपट

निज संवाददाता। गया

♦ RJD के एक विधायक ने कहा- BTMS के कामकाज में गड़बड़ी, लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

बोधगया स्थित विश्वविख्यात महाबोधि मंदिर की व्यवस्था पर राजद के दो विधायकों के बीच तीखी बयानबाजी शुरू हो गई है। मखदुमपुर विधायक सतीश दास द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार आरोपों को लेकर को बोधगया विधायक कुमार सर्वजीत ने पलटवार किया है।

मीडिया से बातचीत करते हुए कुमार सर्वजीत ने कहा कि महाबोधि मंदिर जैसे विश्वविख्यात स्थल को बदनाम करना गलत है। एमएलए सतीश दास को अगर कोई समस्या थी, तो मुख्यमंत्री को बताना चाहिए था, न कि मीडिया में अनर्गल बयानबाजी करनी चाहिए थी। कुछ महीने पहले भी सतीश दास ने मंदिर प्रशासन पर आरोप लगाए थे। जिसके बाद जिलाधिकारी, बीटीएमसी के सदस्य और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की गई थी। उन्होंने कहा कि जिसमें उनके आरोप झूठे पाए गए थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि मंदिर की गरिमा बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी है। इसे बाजार में लाने से बचना चाहिए। मैं और मेरा परिवार 90 के दशक से बोधगया की राजनीति में हैं। मंदिर की हर गतिविधि से परिचित हूं। सतीश मेरा छोटा भाई है। जब मिलेगा तो पूछूंगा कि आखिर उसकी समस्या क्या है।

बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति लगाया था गंभीर आरोपः बता दें कि मखदुमपुर विधायक सतीश दास ने बीटीएमसी (बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति) पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने दावा किया कि डीएम, बीटीएमसी के सचिव, सदस्यों और यहां तक कि एक फोटोग्राफर तक भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। हालांकि सतीश दास ने अपने आरोपों के समर्थन में कोई प्रमाण सार्वजनिक नहीं किया। उनका कहना था कि वे सबूत मुख्यमंत्री को सौंपेंगे। सतीश दास के महाबोधि मंदिर को लेकर हुआ विवाद राजद के भीतर दरारें दिखा रहा है।

गया में हथियार के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया



गया के मनोहरपुर में कोंच थाना पुलिस ने हथियार के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। तालशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा बरामद किया गया है। अपराधी पुलिस से बचने के लिए कट्टा को सब्जी के लत के बीच छुपा दिया। इस बात की जानकारी एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल ने दी है।

एसडीपीओ ने बताया कि कोंच थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि ग्राम मनोहरपुर में एक व्यक्ति शराब के नशे में अवैध हथियार लहराकर लोगों को धमका रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने वरीय अधिकारियों को जानकारी दी। पुलिस टीम जैसे ही मौके पर पहुंची। आरोपी पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। आरोपी की पहचान मनोहरपुर निवासी राम ईश्वर कुमार उर्फ गया यादव के रूप में की गई है। पकड़े गए आरोपी की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच करने पर शराब के नशे धुत्त होने की पुष्टि हुई। जिसके बाद उसके खिलाफ कोंच थाना कांड संख्या-35/24: धारा 447/427/385/34, कोंच थाना कांड संख्या-458/24: धारा 191(2)/190/126(2) समेत कई धारा दर्ज की गई।

पटना में 23 फरवरी को आक्रोश महारैली होगी, पूर्व मंत्री नागमणि बोले, जातीय जनगणना में घोटाला हुआ

निज संवाददाता। गया



गया शहर के सर्किट हाउस में पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि ने सोमवार को जातीय जनगणना पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को घेरा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि ने कहा जातीय जनगणना धरातल पर नहीं है, बल्कि कागजों पर ही सीमित है। बिहार में जातीय जनगणना कराई गई है। बड़े पैमाने पर घोटाला किया गया। जाति जनगणना के खिलाफ हम लोगों ने निर्णय लिया है कि स्वागत समिति कोईरी समाज के तत्वावधान में 23 फरवरी 2025 को पटना में कोईरी आक्रोश महारैली का आयोजन किया जाएगा।

जमीनी स्तर पर जातीय जनगणना हुआ ही नहींः पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जमीनी स्तर पर जातीय जनगणना हुआ ही नहीं है और उसका परिणाम हुआ कि कोईरी समाज की जनसंख्या 12% है, उसे 4% कर दी गई। भूमिहार राजपूत और ब्राह्मण का जनसंख्या 6 से 7% है उसे भी 2 से ढ़ाई प्रतिशत कर दी गई। कलाई जाति मुसलमान में आता है उसे हिंदू में काउंट कर दिया गया। इससे साबित होता है कि जातीय जनगणना वास्तव में जमीनी स्तर पर नहीं बल्कि कागजों पर है।

65 विधानसभा घूमने के बाद आज गया पहुंचा हूंः कहा कि 65 विधानसभा घूमने के बाद आज गया आया हूं। मुख्यमंत्री ने जाति जनगणना को जो मजाक बनाया है। उसी के खिलाफ पटना के गांधी मैदान में 23 फरवरी 2025 को कोईरी आक्रोश महारैली का आयोजन किया जाएगा। बिहार के एक-एक प्रखंड का दौरा कर रहा हूं। लोगों से आग्रह भी कर रहा हूं कि पटना में इस महारैली में शामिल होकर अपनी आवाज को बुलंद करिए और सरकार को गद्दी से उतारने का काम कीजिए।

ये कागजों तक ही सीमित

राजगीर महोत्सव को यादगार बनाएगी सद्भावना यात्रा, भाईचारे का संदेश देना उद्देश्य

स्कूली बच्चों के साथ सामाजिक संगठन और आम लोग भी होंगे शामिल

निज संवाददाता। नालंदा

राजगीर महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। इस बार महोत्सव को यादगार बनाने के लिए 22 दिसंबर को एक भव्य सद्भावना यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा स्वर्ण भंडार से निकलकर पैदल चलते हुए विश्व शांति स्तूप परिसर तक जाएगी। राजगीर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार ओमकेश्वर ने बताया कि महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार महोत्सव में कई नए आकर्षण होंगे। सद्भावना यात्रा का उद्देश्य सभी धर्मों के लोगों को एक साथ लाना और भाईचारे का संदेश देना है। इस यात्रा में स्कूली बच्चे, सामाजिक संगठनों के लोग और आम जनता भी शामिल होंगे।

महोत्सव स्थल की सजावटः महोत्सव स्थल को बेहद खूबसूरती से सजाया जाएगा। एशियन हॉकी गेम्स की तर्ज पर महोत्सव स्थल को सजाया जाएगा। होटल एसोसिएशन से भी अपील की गई है कि वे अपने होटलों को सजाएं। महोत्सव के दौरान यातायात और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सभी चौक-चौराहों पर यातायात पुलिस तैनात रहेगी। महोत्सव स्थल पर पेयजल, शौचालय और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। स्वच्छता का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। राजगीर महोत्सव बिहार का एक प्रमुख सांस्कृतिक कार्यक्रम है। इस वर्ष का महोत्सव और भी भव्य होने वाला है। यह महोत्सव लोगों को एक साथ लाने और उन्हें भारतीय संस्कृति से रूबरू कराने का एक अच्छा अवसर होगा।

कराटे प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल नालंदा के फैज अली ने की जीत हासिल

निज संवाददाता। नालंदा

बिहारशरीफ मुख्यालय के आलमगंज निवासी फैज अली ने कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर जिले और परिवार का नाम रोशन कर दिया है। दिल्ली में आयोजित स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया में अंडर-17 वर्ग में फैज ने नालंदा का प्रतिनिधित्व करते हुए यह बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस प्रतियोगिता में कुल 24 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। फैज अली ने बताया कि वे पिछले पांच सालों से कराटे की ट्रेनिंग ले रहे हैं। बचपन से ही कराटे में रुचि रखने वाले फैज़ को उनके बड़े भाई का विशेष सहयोग मिला, जिसने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। फैज के ट्रेनर खुशनुद मलिक ने उनकी मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि फैज न केवल एक मेहनती खिलाड़ी हैं, बल्कि अपनी रणनीतिक सोच से कराटे में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। फैज का सपना है कि वे भविष्य में ओलिंपिक में खेलें और देश के लिए मेडल जीतकर भारत का नाम विश्व स्तर पर रोशन करें। उन्होंने यह भी कहा कि अब तक बिहार सरकार से कोई सहयोग नहीं मिला है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि राज्य सरकार जल्द ही खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगी। गोल्ड मेडल जीतने के बाद फैज के परिवार और मोहल्ले में खुशी का माहौल है। उनके पिता गुलाम रसूल ने कहा कि उन्हें अपने बेटे की इस उपलब्धि पर गर्व है। उन्होंने कहा कि वे हर संभव सहयोग देकर फैज़ को आगे बढ़ने में मदद करेंगे। मोहल्ले के लोगों और दोस्तों ने भी फैज़ को बधाई दी और मिठाई बांटकर इस खुशी को मनाया।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
ई-निविदा नोटिस सं0-08 ऑफ 2024-25/ खुला/गति शक्ति, डीडीयू।
मंडल रेल प्रबन्धक/गति शक्ति/डी.डी.यू. एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।
निविदा सं.-08-डीडीयू-उप मुख्य परियोजना प्रबंधक गति शक्ति-24-25,
(I) **कार्य का नाम एवं लोकेशन** : डी.डी.यू. मंडल के गति शक्ति ईकाई के अधीन डीडीयू डिविजन में "बुकिंग कार्यालय के स्थानांतरण और सर्कुलेटिंग क्षेत्र को अमृत स्टेशन के रूप में बढ़ाकर डेहरी-ऑन-सोन स्टेशन के उन्नयन" का सिविल इंजीनियरिंग कार्य। (ii) **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹ 4,17,18,802.06 (iii) **धरोहर राशि** : ₹ 3,58,600.00
(iv) **ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय** : 30.12.2024 को 12:00 बजे तक। (v) **वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी** : www.ireps.gov.in नोटः- विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।
मंडल रेल प्रबन्धक, (गति शक्ति)
पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल
पीआर/01701/डीडीयूजीएस/डीएनआरजीएस/टी/24-25/36

पूर्व रेलवे
हावड़ा मंडल के तहत पार्सल जगह को लीज पर देने के लिए ई-नीलामी
सं. : सीओएम/पार्सल/लीजिंग/लॉंग टर्म ई-ऑक/एचडब्ल्यूएच/2024/पार्ट-III, दिनांक 13.12.2024 **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक**, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा दो चरणों में दो वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली 04 यात्रीवाही ट्रेनों में 04 अदद एसएलआर के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट के ई-नीलामी माड्यूल के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम और शर्तों से संलग्न अहस्तांतरणीय नीलामी कैटलॉग **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। मौजूदा ई-नीलामी के लिए बोली ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से **www.ireps.gov.in** पर जमा की जाएगी। ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों के लिए क्लास-III का डिजिटल हस्ताक्षर भी लेना आवश्यक है। **नीलामी कैटलॉग का विवरण: (1) नीलामी कैटलॉग सं.:** पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-24-12डी। **ट्रेन :** 03 यात्रीवाही ट्रेनों में 03 अदद एसएलआर। **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 26.12.2024, 13.00 बजे। **(2) नीलामी कैटलॉग सं.:** पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-24-12ई। **ट्रेन :** ट्रेन नं. 12311 हावड़ा-कालका नेताजी एक्सप्रेस का एफएसएलआर-I, **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 30.12.2024, 13.00 बजे।
HWH-487/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे
निविदा सं.: एसडीईएसटीई-आरटीयू-पीएस-एलसीगेट-24-2, दिनांकः 13.12.2024, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा **निविदा सं.: एसडीईएसटीई-आरटीयू-पीएस-एलसीगेट-24-2** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** अनुसूची : क-हावड़ा में स्वतंत्र इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेटों पर आरटीयू का प्रावधान। अनुसूची : ख-हावड़ा में मिड सेक्शन लेवल क्रॉसिंग गेटों पर पावर सप्लाई व्यवस्था का प्रावधान। **बोली प्रणाली** : एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 1,78,29,858/-, **बयाना राशिः** रु. 2,39,200/-, **निविदा कागजात का मूल्यः** रु. 0.00, **समापन अवधिः** 365 दिन। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समयः** दिनांक 13.12.2024 को 17.38 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथिः** दिनांक 25.12.2024, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 08.01.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
HWH-486/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे
निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-निविदा-334, दिनांक 13.12.2024, वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम** : भागलपुर में 10 अदद एवं मालदा टाउन में 30 अदद एसी कोचों, आरएमपीयू टाइप के फीडर्स लॉयड्स/ लॉयड्स/सिदवाल/इन्टेक/अमित/दौलतराम/स्टीसेलाइट आदि प्रस्तुतकारक के प्लांट का 3 वर्ष के लिए वार्षिक सुधारात्मक रखरखाव ठेका। **निविदा मूल्यः** रु. 1,19,49,288.94, **बयाना राशिः** रु. 2,09,800/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई-निविदा जमा देने की तिथि एवं समय :** दिनांक 23.12.2024 से 06.01.2025 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट** : वेबसाइट **www.ireps.gov.in** सूचना पटः वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि वेबसाइट **www. ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
MLD-167/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे
निविदा सूचना सं. ईएलएस-एसएन-ब्रेक-आरआईजी-24, दिनांक 16.12.2024, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरएस, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास प्रमाणित अनुभव है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से खुली निविदा के आधार पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** मॉडिफिकेशन शीट नं. आरडीएसओ/2009/ईएल/एमएस/0381 रिव '0' के अनुसार हाई स्पीड परिचालन के लिए डब्ल्यूएजी 9 लोको में पारंपरिक ब्रेक रिगिंग व्यवस्था का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 1,91,85,498/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** रु.5,000/-, **कार्य की समापन अवधि** : 18 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 15.01.2025 को 15.00 बजे बंद की जाएगी और 15.00 बजे खोली जाएगी। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।
ASN-276/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे
एनआईटी सं.: 286_2024-25, दिनांक 16.12.2024, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 (वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के क्षेत्रधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी/ एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का विवरण** : एईएन/बैण्डेल के अधीन बैण्डेल (03 अदद), मेमारी (01 अदद) एवं बैंची (01 अदद) में 50000 गैलन क्षमता के आरसीसी ओ. एच. टैंक द्वारा स्टील ओ.एच. टैंक की बदली। **अनुमानित मूल्य :** रु. 7,80,95,081.83, **बयाना राशिः** रु. 5,40,500/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 03.01.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।
HWH-491/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

24 घंटे में पुलिस ने बाइक किया बरामद

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के कोसला बागी में पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान रामानंद कुमार का चोरी हुई बाइक को उक्त स्थल से बरामद किया। एसआई सबीना कुमारी के नेतृत्व में पुलिस बल के सहयोग से 24 घंटे में बाइक बरामद किया गया। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने कहा आरोपी के विरुद्ध कांड संख्या 434/2024 दर्ज किया गया है।

12 महिलाओं का किया गया बंधयाकरण

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में मंगलवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम हुआ। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 नवीन कुमार ने केंद्र में आये 12 महिलाओं का बंध्याकरण किया। लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार व आशुतोष कुमार ने बंध्याकरण के लिए आये महिलाओं का खून, जांच, मूत्र जांच, रक्त जांच समेत अन्य जांच किया। इस मौके पर एएनएम स्वर्णलता कुमारी, शोभा कुमारी कुमारी समेत अन्य रहें।

बोलोरो एवं पिकअप की टक्कर में पांच घायल

कोचस (रोहतास) (नि.सं.)। सोमवार की संध्या मे राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर धर्मावती नदी के समीप बोलोरो एवं पिकअप की आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिसमें तीन महिला समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में कोचस वार्ड चार निवासी लक्ष्मीना देवी पति महेंद्र कुमार, ग्राम नरवर निवासी रोशन अंसारी पिता मोहम्मद तबरेज आलम, करगहर सेमरी निवासी मुख्तार राइस पिता इस्लाम राईन, अकबरपुर बक्सर निवासी चांदनी देवी पति सोनू कुमार, ललिता देवी पति राजेश कुमार जिला बक्सर ग्राम अकबरपुर निवासी शामिल है। घटना के बारे में बताया जाता है कि निजी कार्य कर सभी लोग बोलेरो से वाराणसी से कोचस आ रहे थे, की राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर धर्मावती नदी के समीप सामने से विपरीत दिशा से आ रही पिकअप में जोरदार टक्कर हो गई जिसमें सवार पांच लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सुरक्षा पूर्वक सभी को बाहर निकाला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति चिंता जनक बताते हुए बेहतर इलाज के लिए सभी घायलों को बनारस के ट्रामा सेंटर में भेज दिया है। हालांकि मिल रही जानकारी के अनुसार दो महिला तथा एक पुरुष का स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

साढे तीन बीघे की धान की फसल जल करके राख

नोखा (रोहतास) (नि.सं.)। नोखा थाना क्षेत्र के जगनंदनपुर सुअरा में खलिहान में रखे गए धान की बोझा में अगलगी में साढ़े तीन बीघे की धान की फसल जल करके राख हो गई। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह 5:00 देखा गया तो धान की बोझा में आग लगने से धान की फसल जल रही थी। यह धान जो खलिहान में रखी गई थी। यह लियाकत अंसारी जगनंदनपुर सुअरा गांव निवासी की बताई जा रही है। इसकी संभावना व्यक्त की जा रही है कि असामाजिक तत्वों द्वारा इसमें आग लगाकर के फसल को जला दी गई। लियाकत अंसारी के परिजन मुबारक अंसारी ने बताया कि मंगलवार को सुबह 5:00 बजे देखा गया तो आग से धान की फसल जल करके राख हो गई है।

सरकार भवन पर आम सभा की हुई बैठक

कोचस (रोहतास) (नि.सं.)। कथराई पंचायत सरकार भवन पर मंगलवार को आम सभा की बैठक आहुति की गई। जहां बैठक सभी वार्ड सदस्य तथा आम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया निर्मला देवी एवं मंच का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता जयशंकर प्रसाद ने किया। इस दौरान मध्य विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय में आने जाने वाले रास्ते का पक्की कारण एवं कत्थराई में नाली एवं गली का निर्माण तथा पिठफोरवा में नाली गली के निर्माण समेत दो दर्जन से अधिक योजनाओं का चयन किया गया।

डीएम ने किया द्वितीय अपील की सुनवाई

निज संवाददाता | नवादा

जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। आज द्वितीय अपील के तहत 03 परिवादी उपस्थित हुए जिसको अग्रेतर कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को जांच कर प्रतिवेदन शीघ्र देने का निर्देश दिया गया। प्रस्तुत द्वितीय अपीलवाद प्रखण्ड-सिरदला, ग्राम-अकौना, के मंजु प्रीतम पति - दिलीप कुमार के द्वारा प्रथम अपीलीय प्राधिकार, नवादा द्वारा पारित आदेश से विक्षुब्ध होकर बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत ऑनलाईन द्वितीय अपील दायर किया गया। जिसमें संबंधित पदाधिकारी को जांच हेतु भेजा गया एवं जांचोपरान्त कार्रवाई का प्रतिवेदन शीघ्र देने के लिए कहा गया। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम 2015 के तहत किसी भी मामले को दो माह के अन्दर सुनवाई कर निवारण कर दी जाती है। प्रखंडों में पंचायतों से संबंधित विवाद/समस्या को अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर और रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकते हैं। जबकि जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण कराने के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिने तरफ लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों के सुनवाई और निवारण में दोनों पक्षों को बुलाकर की जाती है। इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं ली जाती है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था कार्यालय में की गयी है। आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील दायर की जा सकती है। शिकायत का निवारण अब और आसान हो गया है। अब ऑनलाईन भी शिकायतें अपील की जा सकती है।

पुलिस ने इनामी कुख्यात अपराधी को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता | सीतामढ़ी

सीतामढ़ी पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। दरअसल पुलिस के टॉप 10 सूची में शामिल शार्प शूटर को गुप्त सूचना के आधार पर डुमरा थाना क्षेत्र के बेरबास मोड के पास से डुमरा थानाध्यक्ष एवं तकनीकी शाखा के सहयोग से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार शूटर की पहचान पुनौरा थाना क्षेत्र के पुनौरा निवासी श्रीकांत झा के पुत्र विजय कुमार झा के रूप में की गई है। प्रेस वार्ता के दौरान सदर डीएसपी 1 रामकृष्ण ने बताया कि जिले के विभिन्न थाना के साथ मुजफ्फरपुर, शिवहर एवं दरभंगा के कई मामले दर्ज है जिसको लेकर बिहार पुलिस मुख्यालय के द्वारा 50000 रुपए की राशि की घोषणा भी की गई थी।

लगातार दूसरे दिन उत्पाद विभाग की टीम को मिली कामयाबी

निज संवाददाता | मुजफ्फरपुर

नए साल में जश्न मनाने को लेकर शराब कारोबारी द्वारा लगातार विदेशी शराब की खेप मुजफ्फरपुर पहुंच रही है। लेकिन इन शराब कारोबारियों के मंसूबों पर उत्पाद विभाग के द्वारा लगातार कार्रवाई होती हुई दिख रही है। यही कारण है कि बीते दो दिनों में उत्पाद विभाग की कार्रवाई में दो ट्रक से विदेशी शराब की बड़ी खेप को जप्त किया गया है। एक तरफ जहाँ कल उत्पाद विभाग की टीम ने जिले के देवरिया थाना क्षेत्र से एक ट्रक के अंदर बने तहखाना से 109 कार्टून विदेशी शराब को बरामद किया। वही एक बार फिर आज गुप्त सूचना के आलोक में उत्पाद विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए मुजफ्फरपुर जिले के बरुराज थाना क्षेत्र के चनही चौक के पास से यूपी निर्मित शराब की बड़ी खेप को एक ट्रक से बरामद किया हैं। बताया जा रहा है की उत्पात विभाग को गुप्त सूचना मिली थी की बरुराज थाना क्षेत्र के चनही चौक के पास एक ट्रक में भारी मात्रा में विदेशी शराब की खेप लायी गईं हैं। जिसको नववर्ष के अवसर पर खपाने की तैयारी हैं। जिसके बाद उत्पात टीम ने बड़ी कारवाई करते हुए कारोबारियों के मनसूबे पर पानी फेर दिया और 115 कार्टून शराब को जप्त कर लिया। हालांकि उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा की गई कार्रवाई की भनक लगते ही अँधेरे का फायदा उठाकर कारोबारी भागने में सफल हो गए। उत्पात इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया की जहाँ पर शराब की खेप पकड़ी गयी हैं। वहाँ लोग बताते हैं की गैस कटिंग की आड़ में शराब का कारोबार किया जाता हैं। कारोबारियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही हैं।

प्रभारी सहायक निदेशक ने दिया सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं की जानकारी

निज संवाददाता | नवादा

प्रभारी सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा कोषांग अमरनाथ कुमार द्वारा जिले में संचालित सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। जिले में विधवा, दिव्यांगजन एवं वृद्धजनों से संबंधित विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाएं यथा इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना, मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, बिहार राज्य निःशक्तता पेंशन योजना चलाई जा रही है। इसके साथ ही राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना भी है जिसके अंतर्गत राज्य के बीपीएल परिवार के मुख्य अर्जनकर्ता जिनकी आयु 18-59 वर्ष के बीच हो, की अकस्मात मृत्यु होने पर उनके आश्रित को एकमुश्त 20,000/- रुपये की आर्थिक सहायता राशि के रूप में सरकार द्वारा दी जाती है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना के अन्तर्गत किसी भी आय एवं किसी भी उम्र के व्यक्ति की दुर्घटना में मृत्यु या 18-60 वर्ष आयु वर्ग के व्यक्ति की अपराधिक घटना में मृत्यु होने की स्थिति में उनके आश्रित परिवार/निकटस्थ संबंधी को एकमुश्त 20,000/- रूपये की आर्थिक सहायता राशि के रूप में सरकार द्वारा दी जाती है। इसके अतिरिक्त कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना अन्तर्गत बी०पी०एल० परिवार के किसी भी आयु के व्यक्ति की मृत्यु होने पर उनके अन्त्येष्टि क्रिया हेतु परिवार को 3,000/- रूपये की एकमुश्त सहायता राशि के रूप में सरकार द्वारा दी जाती है। उन्होंने बताया कि बिहार शताब्दी कुष्ठ कल्याण योजना के तहत कुष्ठ पीड़ितों को समाज के मुख्य धारा में शामिल करना एवं उनके प्रति भ्रांतियों को समाप्त करते हुए भेदभाव का उन्मूलन हेतु Visible Deformities Grade-ll के कुष्ठ रोगी को भोजनादि हेतु बिहार सरकार द्वारा 1,500/- रूपये प्रतिमाह के दर से आर्थिक सहायता राशि के रूप में दी जाती है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के तहत निःशक्त पुरुष से विवाह करने वाली सामान्य महिला या निःशक्त महिला से विवाह करने वाले सामान्य पुरुष अथवा निःशक्त स्त्री/पुरुष से विवाह करने वाले निःशक्त स्त्री/पुरुष को सरकार द्वारा आर्थिक सहायता दी जाती है। इसके साथ ही जाति प्रथा को समाप्त करने, दहेज प्रथा को हतोत्साहित करने, छुआछूत की भावना को समाप्त

करने तथा अन्तर्जातीय विवाह करने वाली महिला को आर्थिक दृष्टि से सबल बनाने हेतु मुख्यमंत्री अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना संचालित है। विवाहित जोड़े में से वधु की आयु 18 वर्ष अधिक और वर की आयु 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। उनके द्वारा बताया गया कि उक्त योजनाओं का लाभ लेने हेतु जिलेवासी प्रखंड कार्यालय या जिला के सामाजिक सुरक्षा कोषांग में सम्पर्क कर सकते हैं।

60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों के लिए विशाल रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन

निज संवाददाता | तिलौथू (रोहतास)

आसरा सासाराम केयर प्रोस्थेटिक एवं आर्थोटिक रिहैब सेंटर के तत्वावधान में ग्राम पंचायत सरैया, प्रखंड तिलौथू में एक विशाल आवेदन पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 60 वर्ष से अधिक आयु के महिला-पुरुषों एवं दिव्यांगजनों ने भारी संख्या में भाग लिया और अपना आवेदन जमा कराया। शिविर के दौरान पंचायत के मुखिया संजय चौधरी और उपमुखिया अमित कुमार गुप्ता पूरी तत्परता और सक्रियता के साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंचायत सचिव संतोष कुमार, विजय कुमार राम, सरपंच राम नारायण शर्मा, और सभी वार्ड सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर में सैकड़ों लाभार्थियों ने अपनी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आवेदन किया। इस अवसर पर लोगों के बीच विशेष उत्साह देखा गया। उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि यह शिविर बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए जीवन में एक नई रोशनी लाने वाला है, जिससे उन्हें उनके दैनिक जीवन में सहूलियत मिलेगी। मुखिया संजय चौधरी ने कहा, 'हमारा मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक तबके को सहायता पहुंचाना है, विशेष रूप से वे लोग जो उम्र या दिव्यांगता के कारण समस्याओं का सामना कर रहे हैं। पंचायत स्तर पर इस तरह के आयोजन से हम लोगों तक सीधे जुड़ पाते हैं। 'उपमुखिया अमित कुमार गुप्ता ने भी इस पहल की सराहना की और भविष्य में इस तरह के और भी कार्यक्रमों को आयोजित करने की प्रतिबद्धता जाहिर की। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों की भारी उपस्थिति ने आयोजन की सफलता को और भी गौरवपूर्ण बना दिया। यह शिविर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम साबित हो रहा है, जिससे समाज के वंचित वर्गों को विशेष लाभ मिलेगा।

विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता | विक्रमगंज (रोहतास)

विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, दिनारा अंतर्गत ज्योति प्रकाश सिंह पिता-अक्षय लाल सिंह, ग्राम-भड़सरा रोड, भड़सरा, थाना-दिनारा के औद्योगिक परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया की सिंह द्वारा अवैध ढंग से एल०टी० तार में सर्विस तार संयोजित कर विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी एवं परिसर में मीटर भी अधिष्ठापित नहीं पाया गया। प्राथमिकी दर्ज होने तक विद्युत संबंधित कागजात की मांग करने पर नया विद्युत संबंध हेतु आवेदित ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन का निवेदन संख्या-523414823748 उपलब्ध कराई गयी, जिनके कागजात मे त्रुटि रहने के कारण आवेदन अस्वीकृत कर दिया गया था, परन्तु इनके द्वारा अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। इनके इस कृत्य से साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना को 34144 राजस्व की क्षति हुई है। कनीय विद्युत अभियंता दिनारा विकाश कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे स्मार्ट प्रीपेड मीटर रिचार्ज नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं के परिसर का सघन जांच की जा रही है। जांच में स्मार्ट प्रीपेड मीटर या नॉर्मल मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है।

» निरीक्षण के क्रम में पाया गया की सिंह द्वारा अवैध ढंग से एल0टी0 तार में सर्विस तार संयोजित कर विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी एवं परिसर में मीटर भी अधिष्ठापित नहीं पाया गया। प्राथमिकी दर्ज होने तक विद्युत संबंधित कागजात की मांग करने पर नया विद्युत संबंध हेतु आवेदित ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन का निवेदन संख्या-523414823748 उपलब्ध कराई गयी।

पूर्व मध्य रेल के अधिकारी एवं कर्मचारी अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से होंगे सम्मानित

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)





भारतीय रेल ने 101 कर्मचारियों और अधिकारियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। 21 दिसंबर 2024 को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव इन्हें सम्मानित करेंगे। पूर्व मध्य रेल से धनबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अंजय तिवारी, सोनपुर मंडल के प्वाइंट्समैन श्याम सुंदर प्रसाद, डीडीयू के मुख्य वाणिज्य पर्यवेक्षक संजीव कुमार, धनबाद के सीनियर सेक्शन इंजीनियर कुंज बिहार लाल और लेखा सहायक प्रवीण रंजन इस पुरस्कार के लिए चुने गए हैं। अंजय तिवारी ने कोयला लोडिंग के लिए रेक की उपलब्धता सुनिश्चित कर माल लदान में मंडल को उत्कृष्ट उपलब्धि दिलाई। श्याम सुंदर संरक्षित रेल परिचालन में अहम योगदान दे रहे हैं। संजीव कुमार ने रेल राजस्व बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुंज बिहार लाल ने रेल पुलों और एलएचएस के डिजाइन में अहम योगदान दिया, जबकि प्रवीण रंजन को उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए चुना गया है।

स्नातक परीक्षा के दूसरे दिन परीक्षा केंद्रों पर कदाचारमुक्त परीक्षा हुई संपन्न, परीक्षा केंद्र पर दिखी सख्ती

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

संचालित स्नातक परीक्षा के दूसरे दिन भी यूजी 2024-28 स्नातक सेमेस्टर वन की परीक्षा मंगलवार को शहर के चार परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में कदाचारमुक्त संपन्न हुई। ज्ञात हो कि शहर में निर्धारित चार परीक्षा केंद्रों में वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय में सबसे अधिक परीक्षार्थियों की संख्या 2944, इंदु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय 1343, अंजबित सिंह महाविद्यालय 1104 व पटेल महाविद्यालय में 950 परीक्षार्थियों की सूची शामिल है। वही संचालित परीक्षा के दूसरे दिन भी वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय व इंदु तपेश्वर सिंह महिला कॉलेज पर प्रतिनियुक्त प्रवेक्षक सहित केंद्राधीक्षक के नेतृत्व में सघन जांच अभियान चलाया गया है। जिसके तहत परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल,किताब, गेस पेपर, ब्लूटूथ सहित नकल से जुड़ी अन्य चिट-पुर्जे की गहन जांच सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षार्थियों से की जा रही है। वही कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर इंदु तपेश्वर सिंह महिला कॉलेज केंद्राधीक्षक डॉ. बिनोद कुमार सिंह एवं प्रवेक्षक अतिबला सिंह सहित वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय, धारूपुर केंद्राधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह उर्फ फुलेंदर सिंह एवं प्रवेक्षक डॉ. कन्हैया सिंह पूरे एक्शन मूड में दिख रहें है। दूसरे तरफ देखा जाए तो पटेल महाविद्यालय केंद्राधीक्षक विश्वनाथ सिंह एवं अंजबित सिंह महाविद्यालय केंद्राधीक्षक एस भास्करन भी नकल को लेकर काफी सख्ती करते दिख रहें है। वही संचालित परीक्षा 16 से 21 दिसंबर तक दो पालियों में संचालित होगी। जिसका निर्धारित समय पहली पाली सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे जबकि दूसरी पाली दोपहर 1:30 से 4:30 बजे तक है। दूसरी तरफ देखा जाए तो वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय परीक्षा केंद्र पर लगभग 20 कमरे व परीक्षा हॉल,ऑटो प्लांट, पर्याप्त आधुनिक शौचालय, वेटिंग हॉल, डीजी जनरेटर, पेयजल नल व कल, महाविद्यालय कैंटीन, प्रसिद्ध मां सरस्वती, पर्याप्त लैब, सेमिनार हॉल, खेलकूद ग्राउंड सहित अनेकों सुविधाओं से सजा वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. मनीष रंजन के नेतृत्व में पूरे शाहाबाद प्रक्षेत्र में पठन-पाठन,शिक्षा व परीक्षा केंद्र के रूप में आदर्श महाविद्यालय बन गया है। जो बिहार के लिए भी आइकॉन बनता जा रहा है। जबकि परीक्षा के संबंध भी चार परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक ने बताया कि संचालित परीक्षा के अंतिम दिन तक सघन अभियान जारी रहेगी।

दिनारा में वार्ड सदस्यों का आमरण अनशन, डीएम के आने तक जारी रहेगा आंदोलन

निज संवाददाता | दिनारा (रोहतास)

प्रखंड मुख्यालय परिसर में वार्ड सदस्यों ने 15 दिनों के धरना-प्रदर्शन के बाद अब आमरण अनशन का रास्ता चुन लिया है। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर वार्ड संघ के प्रखंड अध्यक्ष नर्वदेश्वर चौबे आमरण अनशन पर बैठे हैं। उन्होंने बताया कि जिले के अन्य प्रखंडों में वार्ड सदस्यों के खातों में अनुरक्षक राशि जमा कर दी गई है, लेकिन दिनारा प्रखंड के 297 वार्ड सदस्यों को यह राशि नहीं मिली। यह मामला पिछले तीन वर्षों से लंबित है। चौबे ने आरोप लगाया कि अब तक 2 करोड़ 13 लाख 84 हजार रुपये का गबन किया गया है। इसके लिए उन्होंने पंचायत सचिव और मुखिया को सीधे जिम्मेदार ठहराया। प्रत्येक वार्ड सदस्य को 72 हजार रुपये मिलना था, लेकिन दिनारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में वार्ड सदस्य आज भी इससे वंचित हैं। अनशन कर रहे सदस्यों ने कहा कि नल-जल योजना के तहत प्रति माह 4,000 रुपये का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा, बिना कार्यकारिणी की बैठक के योजनाओं को मंजूरी देने का विरोध किया गया। उन्होंने यह भी मांग की कि नल-जल मरम्मत कार्य वार्ड क्रियान्वयन प्रबंधन समिति के माध्यम से कराया जाए और नली-गली योजना का क्रियान्वयन भी वार्ड सदस्यों द्वारा किया जाए। प्रखंड विकास पदाधिकारी कुलदीप कुमार विभूति ने कहा कि वार्ड सदस्यों की मांगों की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि अनशनकारियों की स्वास्थ्य जांच नियमित रूप से कराई जा रही है। वहीं वार्ड सदस्यों ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक डीएम स्वयं आकर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं करतीं, तब तक उनका अनशन जारी रहेगा।

जमीन विवाद में बुजुर्ग को पीट-पीटकर मार डाला, पड़ोसियों पर लगा हत्या का आरोप

» घटना को लेकर मृतक के पुत्र आकाश कुमार ने बताया कि घर पर हम नहीं थे तभी पड़ोसी दिनेश सिंह, संजय सिंह, मंटू सिंह से एक कदम दूरी इतना ही जमीन का विवाद चल रहा था।

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)

जमीनी विवाद को लेकर गांव के दबंगों ने 65 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति को पीट-पीटकर कर हत्या कर दी है। मारपीट का वीडियो सामने आया है। मृतक महिषौर थाना क्षेत्र के सोहर्थी गांव निवासी स्व योगेश्वर प्रसाद सिंह के पुत्र राम नरेश सिंह बताए गए हैं। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है सभी का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। जिसके बाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। घटना को लेकर मृतक के पुत्र आकाश कुमार ने बताया कि घर पर हम नहीं थे तभी पड़ोसी दिनेश सिंह, संजय सिंह, मंटू सिंह से एक कदम दूरी इतना ही जमीन का विवाद चल रहा था। जो बार बार गाली गलौज और मारपीट करने रहता था। उन्होंने कहा कि सर्वे चल रहा है जिसको लेकर वे लोग कह रहा था कि मेरा जमीन आपके इधर निकल रहा है तो हमलोग बोले थे सभी पाटीदार जुटेंगे तो पंचायत कर समझौता कर लिया जाएगा। लेकिन वे लोग नहीं माने और मेरे जमीन पर लगे हरा पेड़ पौधों को कटना शुरू कर दिया था। जब मेरे पिता जी रोकने गए तो मारपीट कर घायल कर दिया था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस मौके से पहुंचकर उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहा था तभी रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इस संबंध में महिसौर थाना अध्यक्ष राम निवास ने बताया कि जमीनी विवाद में दो पक्षों में झड़प हुई है। जिसमें एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस मौके से पहुंचकर शव कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दी गई है। मृतक के परिवार वालों के द्वारा आवेदन प्राप्त होते हैं प्राथमिक की दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

50 लीटर शराब को किया जब्त

रजौली (नवादा) (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के डीह रजौली में बजरा टीम के साथ पुलिस बलों ने 50 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया। साथ ही 1500 लीटर तैयार जावा महुआ के घोल को विनष्ट किया गया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि शराबबंदी को सफल बनाने को लेकर पुलिस बलों के सहयोग से जंगली क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र समेत अन्य जगहों पर छापेमारी की जाती है। उन्होंने कहा कि वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर बजरा टीम के सहयोग से शराब निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान डीह रजौली से पुलिस बलों ने प्लास्टिक के गैलनों में रहे कुल 50 लीटर शराब को बरामद किया गया। साथ ही 1500 लीटर तैयार जावा महुआ घोल को विनष्ट किया गया। साथ ही कहा कि जब्त शराब को लेकर बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं शराब धंधेबाजों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस बल अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है। इस मौएक पर एएसआई संतोष कुमार सिंह के अलावे सशस्त्र बल के साथ चौकीदार मनोज कुमार मौजूद रहे।

कचरा निस्तारण में कर रहा लापरवाही

रजौली (नवादा) (नि.सं.)। नगर पंचायत क्षेत्र में प्रत्येक दिन बाजार के सड़कों एवं गली-मोहल्ले में सफाईकर्मियों की मदद से कचरा का उठाव किया जा रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र से उठाव हुए कचरे का निस्तारण अनुमण्डल कार्यालय के पीछे खुले क्षेत्र में किया जा रहा है। इस कचरे के वजह से हरदिया सेक्टर ए के अलावे आसपास के गांवों में गंदगी एवं बदबू का प्रसार हो रहा है। इस समस्या को लेकर हरदिया सेक्टर ए गांव निवासी जयपाल यादव ने अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के समीप वाद दायर किया था। जिसकी सुनवाई करते हुए अंचलाधिकारी रजौली को नगर पंचायत के कचरा निस्तारण के लिए जमीन का आवंटन किया गया। वहीं अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा एक एकड़ के आसपास जमीन की मांग की गई थी। जिसको लेकर रजौली पूर्वी पंचायत के झिरझो गांव में जमीन का आवंटन किया जा चुका है। वहीं जमीन के हस्तांतरण हेतु अग्रतर कानूनी प्रक्रिया के लिए वरीय पदाधिकारी को अभिलेख भेजा गया है। वहीं शिकायतकर्ता जयपाल यादव ने बताया कि जमीन के आवंटन के बाद भी अनुमण्डल कार्यालय के पीछे ही कचरा फेंका जा रहा है।

नाबालिग समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

रजौली (नवादा) (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के हरदिया सेक्टर ए के रामबालक मिस्त्री के छोटे बेटे सोनू कुमार के मौत के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने एक नाबालिग समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चलें कि बीते 12 दिसम्बर की संध्या 6:30 बजे प्राणचक मोड़ के समीप लगभग 15 लोगों द्वारा सोनू कुमार को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया था। जिसकी मौत इलाज के दौरान पटना के एक निजी अस्पताल में हो गई थी। घायल युवक को लेकर उसकी दादी सरस्वती देवी द्वारा थाना काण्ड संख्या 576/24 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, किन्तु इस दौरान युवक के मौत हो जाने के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घण्टे के भीतर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि मारपीट एवं छिनतई मामले में घायल युवक की मौत पटना के एक निजी अस्पताल में हो गया था। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर तकनीकी टीम की सहायता ली गई। इस दौरान नरहट एवं अकबरपुर थाना क्षेत्र से कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तीन लोगों में दो बालिग पुरानी बस स्टैंड निवासी अर्जुन यादव उर्फ भेड़ा महतो के पुत्र बब्लू कुमार को नरहट थाना क्षेत्र के ओलिपुर गांव से गिरफ्तार किया गया एवं रामस्वरूप यादव के पुत्र राकेश कुमार को नरहट थाना क्षेत्र के कुटनी बिगहा से गिरफ्तार किया गया है। वहीं एक नाबालिग आरोपी को अकबरपुर थाना क्षेत्र से हिरासत में लिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मंगलवार को तीनों लोगों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

बैंकर्स कमिटी की बैठक आयोजित

रजौली (नवादा) (नि.सं.)। प्रखण्ड कार्यालय में मंगलवार को बीडीओ संजीव झा के नेतृत्व में एलडीएम संजीव कुमार दास व डीडीएम नाबार्ड सुशांत कुमार के अलावे बैंक कर्मी मौजूदगी में ब्लॉक लेवल बैंकर्स कमिटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सीओ मो. गुफरान मजहरी, बीपीआरओ राजन कुमार, जीविका बीपीएम मनीष कुमार व एसबीआई मैनेजर रंजीत कुमार भी मौजूद रहे। बीडीओ ने बताया कि प्रत्येक तीन माह के अंतराल में प्रखण्ड क्षेत्र के बैंक कर्मियों के साथ बैठक कर जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में समीक्षा की जाती है। साथ ही बैठक में बैंक सम्बंधित योजनाओं पीएमएफएमई, पीएमईजीपी और सामाजिक सुरक्षा योजना की समीक्षा किया गया। साथ ही ब्लॉक क्रेडिट प्लान पर चर्चा, ब्लॉक ऋण योजना तैयार करना और उसका क्रियान्वयन, बैंकों के ऋण कार्यक्रमों में आने वाली समस्याओं का समाधान, बैंकों में होने वाली प्रशासनिक समस्याएं, केसीसी लोन, एग्रीकल्चर, मुख्यमंत्री योजना व जेएलजी के अलावे अन्य मुद्दों पर चर्चा किया गया। साथ ही बैंक को ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को ऋण देने के लिए बोला गया है। इस मौके पर कुणाल कुमार, राजेश कुमार, अमर कुमार, सुनील कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

पैक्स में धान खरीद का निरीक्षण

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार मंगलवार को अधिकारियों ने मसौढा पैक्स में धान अधिप्राप्ति का निरीक्षण किया। प्रशिक्षु बीडीओ फैजान अहमद व प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी दीपक कुमार सक्सेना ने पैक्स गोदाम में धान खरीद का जायजा लिया। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष सिधेश्वर यादव समेत अन्य किसान मौजूद रहे। अधिकारियों ने निरीक्षण के बाद बताया इस पैक्स में 13 किसानों से 1022 किंवटल धान की अधिप्राप्ति हुई है, जो स्टॉक के अनुकूल पाया गया है। इस दौरान प्रशिक्षु बीडीओ ने किसानों को प्रात्साहित करते हुए कहा कि आप सभी अधिक से अधिक किसान पैक्स में धान देकर न्यूनतम समर्थन मूल्य की प्राप्ति करें। वही धान खरीद में तेजी लाने का निर्देश पैक्स अध्यक्ष को दिया गया। ताकि लक्ष्य के अनुरूप धान की खरीद हो सके। मौके पर किसान बलबीर चौहान, बाढ़ो यादव, सुरेंद्र चौहान, कृष्णदेव चौहान, रामाश्रय चौहान समेत अन्य मौजूद रहे। उन्होंने कहा प्रधान शिक्षकों के साथ अगर कोई समस्या है, तो उन्हें दूर करने में सहयोग कीजिए। कहा गया एक से 12 वीं कक्षा तक सभी छात्र व छात्राओं का अपार आईएडी बनाना है।

रेडक्रोस सोसाइटी ने सीपीआर, चेकिंग इमरजेंसी रिस्पांस का किया प्रदर्शन

निज संवाददाता | नवादा

डीआरडीए सभागार में जिला प्रशासन नवादा, रेडक्रॉस नवादा और रोटरी नवादा के प्रयास से सीपीआर, चोकिंग, इमरजेंसी रिस्पांस का प्रदर्शन और प्राथमिक चिकित्सा पुतलों पर प्रदर्शनों के साथ संवादात्मक, व्यावहारिक सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। डॉ० किशोर झुनझुनवाला मेदांता हॉस्पिटल पटना के डायरेक्टर द्वारा सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि सीपीआर का मतलब है कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन। यह भी एक तरह की प्राथमिक चिकित्सा यानी फर्स्ट एड है। जब किसी पीड़ित को सांस लेने में दिक्कत हो या फिर वो सांस न ले पा रहा हो और बेहोश जो जाए तो सीपीआर से उसकी जान बचाई जा सकती है। बिजली का झटका लगने पर, पानी में डूबने पर और दम घुटने पर सीपीआर से पीड़ित को आराम पहुंचाया जा सकता है। हार्ट अटैक यानी दिल का दौरा पड़ने पर तो सबसे पहले और समय पर सीपीआर दे दिया जाय तो पीड़ित की जान बचाने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। सीपीआर देने की प्रक्रिया के संदर्भ में उन्होंने कहा कि सीपीआर क्रिया करने में सबसे पहले पीड़ित को किसी ठोस जगह पर लिटा दिया जाता है और प्राथमिक उपचार देने वाला व्यक्ति उसके पास घुटनों के बल बैठ जाता है।उसकी नाक और गला चेक कर ये सुनिश्चित किया जाता है कि उसे सांस लेने में कोई रुकावट तो नहीं है। जीभ अगर पलट गयी है तो उसे सही जगह पर उंगलियों के सहारे लाया जाता है।सीपीआर में मुख्य रुप से दो काम किए जाते हैं। पहला छाती को दबाना और दूसरा मुँह से सांस देना जिसे माउथ टु माउथ रेस्पिरेशन कहते हैं। पहली प्रक्रिया में पीड़ित के सीने के बीचोबीच हथेली रखकर पंपिंग करते हुए दबाया जाता है। एक से दो बार ऐसा करने से धड़कनें फिर से शुरू हो जाएंगी। पंपिंग करते समय दूसरे हाथ को पहले हाथ के ऊपर रख कर उंगलियो से बांध लें अपने हाथ और कोहनी को सीधा रखें। अगर पम्पिंग करने से भी सांस नहीं आती और धड़कने शुरू नहीं होतीं तो पम्पिंग के साथ मरीज को कृत्रिम सांस देने की कोशिश की जाती है। ऐसा करने के लिए हथेली से छाती को 1 -2 इंच दबाएं, ऐसा प्रति मिनट में 100 बार करें। सीपीआर में दबाव और कृत्रिम सांस का एक खास अनुपात होता है। 30 बार छाती पर दबाव बनाया जाता है तो दो बार कृत्रिम सांस दी जाती है। छाती पर दबाव और कृत्रिम सांस देने का अनुपात 30 :02 का होना चाहिए। कृत्रिम सांस देते समय मरीज की नाक को दो उंगलियों से दबाकर मुंह से सांस दी जाती है। ऐसा इसलिए किया जाता है क्योंकि नाक बंद होने पर ही मुंह से दी गयी सांस फेफड़ों तक पहुंच पाती है।सांस देते समय ये ध्यान रखना है कि फर्स्ट एड देने वाला व्यक्ति लंबी सांस लेकर मरीज के मुंह से मुंह चिपकाए और धीरे धीरे सांस छोड़ें। ऐसा करने से मरीज के फेफड़ों में हवा भर जाएगी। इस प्रक्रिया में इस बात का भी ध्यान रखना होता है कि जब कृत्रिम सांस दी जा रही है तो मरीज की छाती ऊपर नीचे हो रही है या नहीं। ये प्रक्रिया तब तक चलने देनी है जब तक पीड़ित खुद से सांस न लेने लगे। जब मरीज खुद से साँस लेने लगे, तब ये प्रकिया रोकनी होती है।सीपीआर अगर किसी बच्चे को देनी है तो विधि में थोड़ा सा बदलाव होता है। बच्चों की हड्डियों की शक्ति बहुत कम होती है इसलिए दबाव का विशेष ध्यान रखा जाता है। अगर 1 साल से कम बच्चों के लिए सीपीआर देना हो तो सीपीआर देते वक़्त ध्यान रखे 2 या 3 उंगलियों से ही छाती पर दबाव डालें और छाती पर दबाव और कृत्रिम सांस देंने का अनुपात 30 :02 ही रखें। सभागार में उपस्थित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी सीपीआई के बारे में जाना एवं डॉक्टर झुनझुनवाला के द्वारा सभी कर्मियों से प्रैक्टिकल भी करवाया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यालय के प्रधान एवं कर्मी मौजूद थे।

घर में लगी आग से मां बेटी की झुलस कर हुई मौत

बेतिया (नि.सं.)। जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र में हुई अगलगी की घटना में मां बेटी की झुलसने से मौत हो गयी। वहीँ दोनों को बचाने गए पिता भी झुलसकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर है बुरा हाल है। घटना जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत डकही गांव की है। मृतकों की पहचान डकही गांव निवासी बद्री राम की पत्नी सुगांती देवी(38) और उनकी बेटी खुशबू कुमारी(15) के रूप में की गई है। जबकि घायल की पहचान बद्री राम के रूप में हुई है। जख्मी बद्री राम के बड़े भाई संजय राम ने बताया कि सोमवार की देर रात बद्री अपने परिवार के साथ सोए हुए थे। इसी दौरान मवेशियों के लिए जलाए गए अलाव से आग लग गया। जबतक बद्री कुछ समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिसमें झुलस कर बद्री की पत्नी और बेटी की मौत हो गई। जबकि बद्री गंभीर रूप घायल हो गए हैं। वहीं इस आग लगी के घटना में करीब पांच लाख का नुकसान भी हुआ है। बताया जाता है कि बद्री गांव में ही खेती और सरगटिया पंचायत मे स्वच्छताग्रही का काम करते हैं। उन्हें दो बेटा और एक बेटी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

बाइक चोर गिरोह का पुलिस ने किया खुलासा, तीन चोरों को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता | खगाड़िया

कल खगड़िया नगर थाना में रहीमपुर के अभिषेक कुमार ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना के लिए आवेदन दिया था। जिसमे नगर थाना पुलिस द्वारा 584/2024 कांड दर्ज कर मोटरसाइकिल चोरी का उद्भेदन शुरू किया। मोटरसाइकिल चोर को पकड़ने के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर के द्वारा छापेमारी के लिए टीम बनाकर जांच शुरू किया। अनुसंधान के क्रम में सी सी टी वी के अवलोकन में अमन कुमार भोरगढ़ को मोटरसाइकिल चोरी में संलिप्त पाया गया और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। चोरी की गई मोटरसाइकिल और मास्टर चाभी के साथ गिरफ्तार अमन कुमार की निशानदेही पर चित्रगुप्त नगर थाना क्षेत्र में की गई चोरी की मोटरसाइकिल के साथ संजय सिंह हरपुर और साकेत सिंह हरपुर को गोगरी क्षेत्र से पुलिस ने गिरफ्तार किया। अब पुलिस द्वारा इन तीनों चोरी का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। इस पूरे छानबीन में 2 चोरी हुआ मोटरसाइकिल, 3 मास्टर चाभी, 3 मोबाइल और 2100 रुपए बरामद हुआ है। साथ ही अमन कुमार की संलिप्तता अन्य कांडों में भी दृष्टिगोचर हुई है। इस पूरे छानबीन में नगर थानाध्यक्ष राकेश कुमार, एस आई रोबिन कुमार, एस आई नीरज कुमार ठाकुर, एस आई सीमा कुमारी साथ टाईगर बल में शामिल थे।

बन्द घर का ताला तोड़कर चोरों ने उड़ाए लाखों रुपये की संपत्ति

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

सर्दी का मौसम शुरू होते ही कौआकोल में इन दिनों चोरों ने भी अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। कौआकोल थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार सहित अन्य गांवों में चोरों ने लगातार लोगों के घरों में डाका डालना शुरू कर दिया है। ताजा मामला कौआकोल बाजार में सोमवार की रात्रि देखने को मिला है। जहां अज्ञात चोरों ने एक मिठाई दुकानदार के बन्द घर का ताला तोड़कर सोना एवं चांदी के बेशकीमती आभूषण सहित आठ लाख रुपये नकदी राशि की चोरी कर लिया। बताया जाता है कि कौआकोल बाजार निवासी मोती सिंह के पुत्र व मिठाई दुकानदार सत्येन्द्र प्रसाद उर्फ संतोष सिंह अपने रिश्तेदार के यहां गए हुए थे, इस बीच सोमवार की देर रात्रि उनके घर के मुख्य दरवाजा का ताला तोड़कर अज्ञात चोर अंदर में घुस गया और कमरा में रखे बक्शा का ताला तोड़कर पत्नी और पुत्री का सोना एवं चांदी का लगभग 15 लाख रुपये मूल्य के बेशकीमती गहना एवं दुकान के बिक्री समेत अन्य माध्यम से बचा कर घर में रखे हुए आठ लाख रुपये नकदी चोरी कर लिया। घटना के बाद पीड़ित परिवार के ऊपर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इधर कौआकोल बाजार सहित अन्य जगहों पर लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने लोगों का जीना हराम कर रखा है। जिससे लोगों में पुलिस के प्रति काफी नाराजगी देखी जा रही है। इधर सोमवार की रात्रि कौआकोल बाजार के दुकानदार सत्येन्द्र प्रसाद उर्फ संतोष सिंह के घर में हुई चोरी की घटना के बाद दुकानदारों में काफी आक्रोश देखा गया। दुकानदारों ने घटना के विरोध में मंगलवार को अपना-अपना दुकान बन्द कर पुलिस के प्रति नाराजगी जताते हुए चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी करने तथा चोरी गए सामानों की बरामदगी की मांग करते हुए बाजार स्थित जेपी चौक पर प्रदर्शन किया। बाजार विकास समिति के अध्यक्ष राहुल शुक्ला ने बताया कि बाजार में लगातार चोरी की बढ़ रही घटनाएं से दुकानदार काफी चिंतित हैं। उन्होंने प्रशासन से स्थाई रूप से बाजार में चौकीदार की प्रतिनियुक्ति करने तथा रात्रि में पुलिस गश्ती तेज करने का मांग किया। पुलिस प्रशासन के हस्तक्षेप एवं शीघ्र ही चोरों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कराने के आश्वासन के बाद आक्रोशित दुकानदार शांत हुए।

पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब किया जप्त

निज संवाददाता | नवादा

नववर्ष का स्वागत को ले जिले के शराब माफिया अवैध शराब भंडारण करने में जुट गये हैं। इसी कड़ी में जिले के वारिसलीगंज थाना अंतर्गत उत्तर बाजार स्थित एक घर में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में लाखों रूपये का विदेशी शराब और बीयर जब्त करने में सफलता हासिल की है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर 200 लीटर विदेशी शराब और बीयर बरामद किया। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रुपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि उत्तर बाजार निवासी स्व शिवनंदन प्रसाद के 55 वर्षीय पुत्र सुबोध कुमार के घर में अवैध विदेशी शराब व बीयर भंडारण कर रखा था, जिसे गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान शराब माफिया सुबोध सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें नवादा नगर थाना क्षेत्र के महुली गांव निवासी कृष्ण प्रसाद यादव का 30 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार तथा वारसलीगंज थाना क्षेत्र के भुआलचक गांव निवासी गया यादव का 40 वर्षीय पुत्र रतन कुमार शामिल है। उन्होंने बताया कि जब्त विदेशी शराब में रॉयल स्टेग, ब्लेंडर प्राइड, वकार्डी व्हाइट रम, इम्पोरियल ब्लू तथा किंगफ़िशर बीयर केन सहित 383 बोतल बरामद किया गया है। उक्त शराब का अनुमानित काउंटर कीमत लगभग डेढ़ लाख रूपये आंका जा रहा है, जिसे बिहार में शराबबंदी को लेकर दुगने दामों में बेचे जाते हैं। ऐसे में मोटी रकम की कमाई को लेकर शराब भंडारण करने में इन शराब माफियाओं को न तो पुलिस का भय है और ना ही कानून का डर है। गौरतलब है कि ऐसे शराब माफियाओं के द्वारा ही चंद रूपयों के लिए लोगों के बीच जहरीली शराब परोसने का भी गोरखधंधा किया जाता है, जिसको लेकर जिले में जहरीली शराब से कई लोगों की जानें जा चुकी है। फिलवक्त, नये साल में शराब माफियाओं द्वारा भारी मात्रा में शराब भंडारण कर लोगों के बीच न्यू ईयर जश्न में शराब परोसने की तैयारी की जा रही है। पुलिस ऐसे शराब माफियाओं पर नकेल कसने के लिए लगातार छापेमारी करने में जुटी है। बता दें कि झारखंड सीमा से सटे बिहार के नवादा जिले में शराब का खेप धड़ल्ले से मंगाया जा रहा है, जिसपर पुलिस पैनी नजर रखे हुए है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा, एसआई भोला प्रसाद सिंह, पीटीसी पप्पू कुमार तथा पीटीसी संतोष कुमार सिंह के अलावा कई पुलिसजवान शामिल थे।

22 दिसम्बर को दुर्गामण्डप में होगा जदयू की बैठक

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

प्रखण्ड के दुर्गामण्डप परिसर में आगामी 22 दिसम्बर को प्रखण्ड जदयू के कार्यकारिणीं की बैठक सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रखण्ड जदयू अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा ने बताया कि जिलाध्यक्ष के निर्देश पर 22 दिसम्बर को आयोजित होने वाली बैठक सह कार्यकर्ता सम्मेलन में हजारों लोग शामिल होंगे। जिसकी तैयारी को लेकर मंगलवार को बिझो गांव स्थित प्रखण्ड जदयू कार्यालय में सभी पंचायत अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नीतीश सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। मौके पर पूर्वी 20सूत्री अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद, राजेन्द्र रावत, शिवबालक प्रसाद, रघुनन्दन महतो, कपिलदेव महतो, विनय कुमार साव आदि मौजूद थे।

पत्रकार के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

पेंशनर भवन नारदीगंज में मंगलवार को नारदीगंज बाजार निवासी पत्रकार सतीश कुमार मिश्र के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। इस दौरान उपस्थित पेंशनरों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित कर मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। समाज सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा दिवंगत पत्रकार नारदीगंज बाजार निवासी सतीश कुमार मिश्र एक व्यवहार कुशल के साथ निर्भीक, बेबाक व मृदुभाषी व्यक्ति थे। वे फिलहाल कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। रविवार को अहले सुबह में पावापुरी विम्स में इलाज के दौरान निधन हो गए। उनके निधन से पत्रकरिता जगत के साथ परिवार को अपूर्णीय क्षति पहुंची है। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्री व एक पुत्र को छोड़कर दुनिया से विदा हो गए। इस दौरान अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर सचिव श्रीकांत सिंह, रामशरण सिंह, कामता प्रसाद सिंह, रामधीन सिंह, चंद्रिका सिंह, नरेश कुमार, रघुनंदन प्रसाद, सियाशरण दास समेत अन्य लोगों ने संवेदना व्यक्त किया।

समारोह पुर्वक मनाई गयी स्वतंत्रता सेनानी की 44वीं पुण्यतिथि

निज संवाददाता | नवादा

जिलांतर्गत वारिसलीगंज नगर परिषद के बाईपास रोड स्थित जेपीएस आईटीआई परिसर में मंगलवार को स्वतंत्रता सेनानी स्व. ज्वाला प्रसाद सिंह की 44 वीं पुण्यतिथि सह पुष्पांजलि समारोह श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरीय पत्रकार रामरतन सिंह रत्नाकर ने किया। जबकि मंच संचालन शिक्षाविद डा. गोविंद जी तिवारी ने किया। सर्वप्रथम अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। समारोह के आयोजक स्व. ज्वाला बाबू के पुत्र जेपीएस आईटीआई निदेशक सह अपसढ पंचायत मुखिया राजकुमार सिंह और पौत्र ई। निरंजन कुमार ने अतिथियों को अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ आदि देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी डा. पंकज कुमार, पुलिस निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, पूर्व जिला पार्षद अखिलेश सिंह, जिला पार्षद अंजनी कुमार, वरीय नागरिक संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा। बच्चन पांडेय, नप अध्यक्षा रेखा देवी, जदयू जिला महासचिव अधिवक्ता चंद्रमौलि शर्मा, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष गौतम कुमार, साहपुर पंचायत मुखिया रंजना कुमारी, शेखपुरा जिला माध्यमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, भाजपा नेता संजीव कुमार, राजद नेता सुरेंद्र प्रसाद यादव, विधायक प्रतिनिधि शैलेंद्र कुमार, कांग्रेस नेता राकेश नंदन शर्मा, अजय कुमार तिवारी आदि ने समारोह को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता सेनानी स्व। ज्वाला प्रसाद सिंह को भारतमाता का सच्चा सपूत बताते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने की लोगों से अपील की। इसके बाद जरूरतमंद पुरुषों तथा महिलाओं के बीच कम्बल वितरित किया गया। ज्वाला बाबू की याद में सहभोज का आयोजन किया गया।

24 बोतल एवं 48 फ्रूटी में भरे विदेशी शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी से उत्पाद एसआई बब्लू कुमार व एएसआई विशु हेम्ब्रम ने कलकत्ता से नवादा की ओर जा रही एक बस से 24 बोतल विदेशी शराब को बरामद किया। साथ ही एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद एसआई बब्लू कुमार के नेतृत्व में उत्पाद बलों के सहयोग से झारखण्ड की ओर से आने वाली प्रत्येक छोटी से लेकर बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। जांच के क्रम में कलकत्ता से नवादा की ओर जा रही एक बस की जांच करने पर एक बोरे के अंदर कार्टून में बन्द 375 एमएल के रॉयल स्टेज सुपीरियर व्हिस्की नामक 24 बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया।साथ ही एक शराब धंधेबाज गोविंदपुर थाना क्षेत्र के दनियार गांव निवासी मो. इकबाल अंसारी के पुत्र मो. शाहिद अंसारी को गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी ओर 180 एमएल फ्रूटी में बन्द कुल 48 पीस फ्रूटी शराब बरामद किया गया, जिसकी कुल मात्रा 9 लीटर है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि फ्रूटी शराब के साथ नालन्दा जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र निवासी स्व चन्देश्वर प्रसाद के पुत्र रविशंकर कयमर को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही बताया कि बीते सोमवार की मध्य रात्रि गश्त के क्रम में उत्पाद एसआई बब्लू कुमार ने हरदिया डैम के समीप से दो बाइकों पर लदे कुल 205 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब एवं गिरफ्तार धंधेबाजों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं गिरफ्तार शराब धंधेबाजों का स्वास्थ्य जांच कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

शराब की जांच के दौरान एक व्यक्ति के पास से मिले 59.36 लाख रुपये कैश

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी से उत्पाद एसआई बब्लू कुमार ने एक यात्री बस की जांच के दौरान एक व्यक्ति के पास रहे बैग से 59.36 लाख रुपये बरामद किया। बरामद पैसे की जानकारी रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार को दी गई।सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष जांच चौकी पर पहुंचे और व्यक्ति को पैसे के साथ हिरासत में लेकर थाना आये। थाना में पुलिस बलों ने हिरासत में लिए व्यक्ति से जरूरी पूछताछ किया। पूछताछ के क्रम में हिरासत में लिए व्यक्ति की पहचान नालन्दा जिले के थरथरी थाना क्षेत्र के छरियारी गांव निवासी रामनरेश पाण्डेय के रूप में हुई है। साथ ही बताया कि वह रांची से बिहार शरीफ जा रहा था। जिसे जांच के दौरान उत्पाद बलों ने रोक लिया। इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि हिरासत में लिए युवक से जरूरी पूछताछ के बाद आयकर विभाग को सूचना दी गई। सूचना पाकर आयकर विभाग के पदाधिकारी आये और हिरासत में लिए व्यक्ति से जरूरी पूछताछ हेतु अपने साथ ले गए हैं एवं बरामदगी के रुपये सुरक्षित रखा गया है। पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही मुक्ति पाना है : अर्चना दीदी

आरा। भागवत कथा सह रामलीला के तीसरे दिन हनुमान मंदिर, रमना मैदान में कथा वाचिका अर्चना दीदी ने कहा कि मनुष्य जीवन से जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान किया। कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। इस दौरान काशी से आये मशहूर कलाकारों की मंडली ने रामलीला की प्रस्तुति दी। जिसमे सीता स्वयंवर व बाणासुर संवाद दिखाया गया। सीता स्वंयवर को देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित थे। हनुमान मंदिर के महंत सुमन बाबा, सत्येंद्र नारायण सिंह, त्रिवेणी सिंह, कुमार मोहित, कुमार रोहित, यशवंत नारायण, गुड्डू सिंह व संजय राय ने ठाकुर जी की आरती की। संचालन सचिव अधिवक्ता सुनील सिंह ने किया।

लूट के तीन लाख 49 हजार रुपये बरामद, आरोपी फरार

आरा। नवादा थाना के सब-इंस्पेक्टर हरफूल कुमार और डीआईयू ने कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र के जुबराज गांव से घर में छुपाकर रखे लूट का 3 लाख 49 हजार रुपया बरामद कर लिया। पुलिस को देखकर आरोपी फरार हो गया। नवादा थाना के थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया कि थाना क्षेत्र से 11 दिसंबर 2024 और 12 दिसंबर 2024 को झपटा मार गिरोह के द्वारा दो लोगों से रुपए से भरा बैग छीन लिया गया था।जिसके बाद दोनों पीड़ित द्वारा थाना में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराया गया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी श्रीराज के आदेश के आलोक में नवादा थाना के एसआई हरफूल कुमार और डीआईयू के साथ टीम का गठन किया गया।पुलिस आरोपी की पहचाना कर गिरफ्तारी और लुटे गए रुपए की बरामदगी के लिए कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र के जुबराज गांव में आरोपी के घर से छापेमारी कर घर में छुपाकर रखा गया 3 लाख 49 हजार रुपया बरामद कर लिया गया। घटना क्रम 11 दिसंबर 2024 को नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी मोहल्ला के पास से मुफस्सिल थाना क्षेत्र के इंग्लिशपुर गांव के मनोज कुमार यादव से 3 लाख 42 हजार की लूट हुई थी। 12 दिसंबर 2024 को नवादा थाना क्षेत्र के अम्बेडकर गोलम्बर के पास से टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा गांव के निवासी सुनील कुमार सिंह से एक लाख 16 हजार की हुई थी लूट।

एसीएस ने नल-जल योजनाओं का किया निरीक्षण

कोईलवर| पीएचईडी के एसीएस पंकज कुमार ने कोईलवर प्रखंड के धनडीहाँ, फरहंगपुर व खनगांव पंचायत में नल जल योजना का निरीक्षण किया। यहां के स्थानीय है अधिकारियों ने एसीएस को कोईलवर प्रखंड में नल जल की स्थिति की जानकारी दिया। इधर आरा जाने के दौरान एसीएस ने खनगांव पंचायत के हरदास टोला के वार्ड संख्या- तीन में निरीक्षण कर नल जल की स्थिति की जानकारी गांव वालों से लिया। मौके पर स्थानीय ग्रामीणों के अलावा प्रतिनिधि समेत लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

खराब सड़कें व जाम पर उठे सवाल

आरा। सोमवार को आरा पहुंचे उपमुख्यमंत्री सह बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा ने भोजपुर जिला के सदस्यों के साथ परिसदन में बैठक किया। इस दौरान विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक विशाल प्रशांत, डीएम तनय सुल्तानिया, एसपी राज व विभागीय कार्यपालक अभियंता भी थे। इस दौरान आरा शहर में जाम, खराब सड़कों, अधिकारियों की कार्यशैली और अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई।बैठक में बीस सूत्री समिति के सदस्य सह जदयू महानगर अध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी ने उपमुख्यमंत्री से आरा शहर भीषण सड़क जाम से मुक्ति दिलाने की मांग की। उपमुख्यमंत्री को बताया कि आरा शहर के दक्षिणी छोर पर आबादी का भार ज्यादा है। भीषण जाम से निजात दिलाने के लिए पूर्वी और पश्चिमी छोर से दो सड़क का निर्माण हो। जिससे शहर में ट्रैफिक का भार कम हो सकेगा। कायमनगर से जीरोमाइल तक सड़क निर्माण कराया जाए। चंदवा बांध से जगजीवन हॉल्ट होते हुए आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे तक संपर्क सड़क बनाने से कम जाम लगेगा। बैठक में आरा के गोढ़ना रोड के मरम्मती की मांग की गई। उपमुख्यमंत्री की प्रेस-वार्ता का बहिष्कार जिला प्रशासन के द्वारा उपमुख्यमंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा के प्रेस-वार्ता में देर के कारण मीडिया कर्मियों ने बहिष्कार किया। मीडिया कर्मियों के अनुसार उपमुख्यमंत्री के प्रेस-वार्ता कराने में काफी देर की गई। समय पर मीडिया कर्मियों को बुला लिया गया। लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी प्रेस-वार्ता नहीं कराया जा रहा है। इसके पहले मीडिया कर्मियों को सही से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम और प्रेस वार्ता की जानकारी भी नहीं दी गई।

गड़हनी व सहार में आज नहीं रहेगी बिजली

गड़हनी| मेंटेनेंस कार्य को ले गड़हनी विधूत शक्ति केन्द्र व जगदीशपुर पवार ग्रिड क्षेत्र में आज सुबह 19 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली नही रहेगी। उक्त जानकारी कनीय अभियंता निर्मल कुमार ने दिया। साथ ही बताया कि जगदीशपुर पावर ग्रिड में 33 हजार व गड़हनी सब स्टेशन में मेंटेनेंस कार्य होना है जिसके कारण गड़हनी के सभी फीडरों में बिजली नही रहेगी। वही कहा कि यदि मेंटेनेंस कार्य पहले भी समाप्त हो जाएगा तो बिजली बहाल कर दिया जाएगा। सभी क्षेत्र के उपभोक्ताओं से अपील है कि पानी सहित जो भी जरूरी कार्य है सुबह 10 बजे के पहले कर ले जिससे कोई परेशानी नही हो। वहीं, सहार में भी बिजली विभाग के जेई जितेंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार को सुबह 10:00 से लेकर शाम 5:00 बजे तक जगदीशपुर ग्रिड में 33केवी मे मेंटेनेंस का कार्य किए जाने की सूचना है। इसके लिए उपभोक्ता समय से अपना काम निपटा लेंगे। असुविधा के लिए खेद है।

पौधारोपण व कंबल वितरण का आयोजन

बक्सर। राजपुर प्रखंड के मंगरांव गांव में स्वर्गीय अंगद सिंह की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता पूर्व मुखिया मकरध्वज सिंह और पत्रकार पंकज कमल ने की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय अंगद सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उनकी स्मृति में पौधारोपण का आयोजन किया गया। पूर्व मुखिया मकरध्वज सिंह ने कहा कि अपनों की स्मृति में पौधारोपण की परंपरा को अपनाना चाहिए। यह न केवल प्रियजनों की याद को जीवित रखने का माध्यम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक है। उन्होंने सुझाव दिया कि जन्मदिन, श्राद्ध, विवाह और अन्य सामाजिक-धार्मिक अवसरों पर पौधे लगाने को आदत में शामिल करना चाहिए। इससे न केवल धरती का हरित श्रृंगार होगा, बल्कि सरकार की जल-जीवन-हरियाली योजना को भी मजबूती मिलेगी। वयोवृद्ध शिक्षक भृगुनाथ सिंह ने सभा में कहा कि लोगों के मन में पेड़-पौधों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करनी होगी। उन्होंने चेताया कि पेड़-पौधों के बिना धरती पर जीवन की कल्पना भी असंभव है। श्रद्धांजलि सभा के बाद जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकार अरबिंद तिवारी, शंकर पांडेय, गोवर्धन सिंह, डॉ. अवधेश सिंह और ज्योति सिंह सहित अन्य लोगों ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। इस सभा ने पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कल्याण का संदेश देते हुए अपनों की स्मृतियों को चिरस्थायी बनाने का प्रयास किया।

अभिषेक ने ली जान सुराज की सदस्यता

बक्सर। बक्सर जिले के मूल निवासी सह हाईकोर्ट के अधिवक्ता अभिषेक कुमार पाण्डेय को जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने अंग वस्त्र प्रदान करते हुए पार्टी की अधिकारिक रूप से सदस्यता प्रदान की। मौके पर पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा मौजूद थे। इस अवसर पर प्रशांत किशोर ने कहा कि अभिषेक के पार्टी में शामिल होने से पार्टी को अभूतपूर्व मजबूती और बढ़त मिलेगी। वहीं अभिषेक कुमार पाण्डेय ने कहा कि जन सुराज से जुड़ कर बिहार में होने वाले परिवर्तन साक्षी बनेंगे। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करने के साथ-साथ बक्सर जिले में सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहेंगे।

भोजपुर में मारपीट में जख्मी महिला की मौत

निज संवाददाता | आरा

♦ मंदिर बनवाने के लिए नहीं दिया था चंदा, घर में घुसकर परिवार ने किया था हमला

भोजपुर जिले के महटाटी गांव में दो महीने पहले हुए मारपीट में जख्मी बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। इलाज के दौरान उन्होंने अपने बेटी के घर पर दम तोड़ दिया। मृतका महटाटी गांव निवासी सुरीठ प्रसाद की पत्नी रामरती देवी (68) है। मृतका के पति सुरीठ प्रसाद ने बताया कि गांव में मंदिर बन रहा था। जिसमें गांव के ही एक व्यक्ति ने चंदा मांगा था लेकिन उनकी पत्नी ने नहीं दिया। इसी बात के विवाद को लेकर बीते 10 अक्टूबर की सुबह जब वह घर पर अकेली थी तो उक्त व्यक्ति अपने बेटे और पत्नी के साथ घर में घुसकर कुदाल की बेत से पत्नी की जमकर पिटाई की। मारपीट के दौरान उनलोगों ने कुदाल की बेत से उनके सिर पर मार दिया गया था। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया था। भर्ती कर दो दिन इलाज करने के बाद 12 अक्टूबर को उनकी हालत में कोई सुधार नही होने के कारण बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया था। इलाज के लिए पटना स्थित पीएमसीच ले गए थे। जहां से 21 अक्टूबर को डिस्चार्ज कर दिया गया था। उन्हें अपने गांव महटाटी नहीं ले जाकर धनगाई थाना क्षेत्र के दलीपपुर गांव उनकी बेटी उषा देवी के घर ले गए। उस समय से वहीं पर उनका इलाज चल रहा था। दो दिन बाद वह उन्हें दोबारा पटना दिखाने के लिए जाने वाले थे। लेकिन सोमवार को ही उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना धनगाई थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर धनगाई थाना पुलिस मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतका के पति ने गांव के ही बैजनाथ प्रसाद पर ललकारने और उसके बेटे श्रीकांत पर कुदाल की बेत से मारकर जख्मी करने के कारण इलाज के क्रम में अपनी पत्नी रामरती देवी की मौत होने का आरोप लगाया है। साथ ही मामले को लेकर थाना में आवेदन दिया है। आवेदन पाकर छानबीन करने के लिए आरोपी के घर पुलिस पहुंची। लेकिन महिला की मौत की सूचना पाकर मौके से सभी आरोपी घर में ताला लगाकर मौके से फरार हो गए थे।

आरा में 8 दिनों से ASI हैं गायब

निज संवाददाता | आरा

♦ रूम में मोबाइल, ATM, पर्स मौजूद; बेटे ने कराई FIR, पहले भी कई दफे हुए थे लापता

भोजपुर के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर थाना में पदस्थापित ASI आठ दिन से लापता हैं। जमादार के लापता होने के कारण उनका परिवार सदमे में है। लगातार उनकी खोजबीन भी की जा रही है। हालांकि चर्चा इस बात की है कि इससे पहले भी वो दो से तीन बार किसी को बिना बताए गायब हुए थे, लेकिन वो तीन से चार दिन बाद वापस आ जाते थे। इस बार जब वो नहीं आए तो परिजनों ने आवेदन दिया जिसके बाद FIR हुई है। लापता ASI पटना के रानी तालाब कनपा थाना क्षेत्र के सैदाबाद गांव निवासी अवधेश कुमार यादव हैं। वह वर्तमान में इसी साल की फरवरी महीने से जगदीशपुर थाना में जमादार के पद पर जॉइन किया है। इससे पहले वह वैशाली के हाजीपुर में पोस्टेड थे और पीटीसी ट्रेनिंग कर जमादार बनाकर भोजपुर जॉइन किया था। लापता जमादार के छोटे बेटे मनीष कुमार ने 10 दिसंबर को जगदीशपुर थाना में अपने पिता के लापता होने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिक में लापता जमादार के बेटे मनीष कुमार ने कहा कि जगदीशपुर थाना में पदस्थापित जमादार फिरोज खान ने फोन कर उन्हें जानकारी दी कि उनके पिता अवधेश कुमार यादव 9 दिसंबर की रात साढ़े नौ बजे से थाना पर मौजूद नहीं है। इसके बाद उन्होंने बोला कि ठीक है आप लोग पता कीजिए मैं वहां आता हूं। 10 दिसंबर को वह थाना पहुंचे और थाना, अन्य जगहों पर उनकी तलाश करने की बात कही। थानाध्यक्ष के आने के बाद ASI फिरोज खान, दारोगा रश्मि और अन्य पुलिसकर्मी की मौजूदगी में वीडियो-फोटो कर उसके द्वारा अपने लापता पिता के रूम का ताला तोड़ा गया। देखा गया कि उनका मोबाइल, एटीएम, पर्स और उनके संबंधित कागजात और पर्सनल सामान वहीं पर मौजूद हैं।

सोनवर्षा उच्च विद्यालय का विधायक ने किया औचक निरीक्षण

निज संवाददाता | बक्सर

बक्सर जिले के सोनवर्षा उच्च विद्यालय में डुमरांव विधायक अजीत सिंह ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई। स्कूल में छात्रों की उपस्थिति बेहद कम थी और कक्षा 11वीं में केवल तीन छात्राएं ही उपस्थित पाई गई। स्कूल की खराब स्थिति को देखते हुए विधायक ने प्रधानाध्यापक जितेंद्र सिंह को 21 दिसंबर को छात्र, अभिभावकों और शिक्षाविदों के साथ एक विशेष सेमिनार आयोजित करने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों की उपस्थिति और शिक्षण सामग्री की उपलब्धता की भी जांच की। इस दौरान विद्यालय भवन और कक्षाओं की स्थिति भी अनुकूल नहीं पाई गई। छात्रों की नामांकित संख्या और वास्तविक उपस्थिति में भारी अंतर देखा गया। शिक्षकों की कक्षाओं में समय पर उपस्थिति न होना एक गंभीर लापरवाही के रूप में सामने आया।

आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने का निर्देश: निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि विद्यालय में अनियमितता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही विद्यालय प्रशासन को निर्देश दिया कि आवश्यक सुविधाओं, किताबों और शैक्षिक सामग्री की व्यवस्था समय पर सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही प्रधानाध्यापक को स्कूल की समस्त जानकारी डिजिटल माध्यम पर उपलब्ध कराने को कहा गया है। इस दौरान विद्यालय में मंटू पटेल, मो० नासिर हसन, विजय सिंह, रवि कुमार, नीरज कुमार, रवि शंकर और अजमेर सहित 18 शिक्षक उपस्थित रहे।

9 साल की बच्ची से रेप, मरने तक पीटा

निज संवाददाता | आरा

भोजपुर में 9 साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या की गई। आरोपी दुष्कर्म के बाद तब तक बच्ची को मारता रहा, जब तक वो मर नहीं गई। वारदात सोमवार देर शाम की है। जहां पड़ोस के मुंह बोले चाचा ने बहाने से बच्ची को अपने घर बुलाया। रेप करने के बाद पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। बच्ची के परिजनों ने सड़क पर शव रखकर जाम किया है। आगजनी भी हुई है। परिवार आरोपी को फांसी की सजा, 50 लाख का मुआवजा और सरकारी नौकरी की मांग कर रहा है। पांचवी क्लास की छात्रा के चेहरे पर दांत से काटने के निशान हैं। वहीं दीवार में मारने की वजह से उसके पूरे सिर में सूजन हो गया। आरोपी ने अपने घर के दस बाय दस के अंडर ग्राउंड कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची को पीटकर पटक-पटककर उसकी हत्या की गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन और पड़ोस के लोगों ने आरोपी को जमकर पीटा और उसे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। आरोपी को पुलिस कस्टडी में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। बच्ची टाउन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला की रहने वाली थी। जो मोहल्ले के सरकारी स्कूल में पढ़ती थी। आरोपी भी उसी मोहल्ले का निवासी नारायण साव (40) है। जो कबाड़ी की गाड़ी चलाने का काम करता है।

आटा लेने गई थी बच्ची- पिता: मृत बच्ची के पिता ने बताया कि 'देर शाम मोहल्ले की दुकान से बच्ची को आटा लेने के लिए भेजा था। आटा लेकर घर पर आई तो कहा कि नारायण चाचा ने मुझे अपने घर पर बुलाया है। जिसके बाद वो आरोपी नारायण के घर चली गई। काफी समय बीत जाने के बाद जब घर नहीं आई तो हम लोग उसके घर गए। बच्ची के बारे में पूछने पर उसने कहा कि वो नहीं है और जल्दी से गेट बंद कर लिया।' पिता ने कहा- 'आसपास के सभी लोगों के साथ जाकर जब दोबारा पूछा तो, नारायण ने कहा- वह मेरे घर से जा चुकी है, यहां नहीं है। जिसके बाद हमें शक हुआ। हमलोग जबरदस्ती उसके घर में घुसे और बेटी को खोजने लगे। उसके घर के अंदर ग्राउंड कमरे में जाकर देखा तो मेरी बेटी चौकी के नीचे मरी हुई पड़ी थी।' आरोपी की पत्नी दो से तीन महीने पहले अपने देवर के साथ मायके चली गई थी।

आरोपी अस्पताल में भर्ती: लोगों ने पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसपी राज, एसपी परिचय कुमार, टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय अपनी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को बुलाकर साक्ष्य इकट्ठा किया गया। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाया। मृत बच्ची के पिता ने आरोपी नारायण साव पर अपनी बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसे दीवार में लड़ाकर पीट-पीटकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। बच्ची को न्याय दिलवाने और आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने की मांग की है।

आरा में आर्मी के एक्स JCO पर बरसाए 10 थप्पड़

निज संवाददाता | आरा

♦ राइफल-हथियार लेकर 10 लोगों ने दरवाजा पीटा, घसीटकर ले गए; कहा- हत्या के बाद काटकर फेंक देंगे

आरा में हथियार से लैस 10 लोगों ने आर्मी से रिटायर्ड जूनियर कमिशन ऑफिसर से मारपीट की है। राइफल और हथियार लेकर आए बदमाशों ने देर रात उनके घर का दरवाजा खटखटाया। जैसे ही पीड़ित शख्स ने गेट खोला, बदमाशों ने उनपर 10 थप्पड़ बरसा दिए। घसीट कर अपने साथ ले गए। घटना टाउन थाना क्षेत्र के विजय नगर गौसगंज मोहल्ले की है। इसका सीसीटीवी भी सामने आया है। घायल बड़हरा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी धर्मराज सिंह के बेटे पवन कुमार सिंह उर्फ पिंटू सिंह है। वह टाउन थाना क्षेत्र के विजय नगर गौसगंज मोहल्ले में अपना घर बनाकर रहते हैं। पीड़ित पवन कुमार सिंह उर्फ पिंटू ने बताया कि 15 दिसंबर की रात 10.30 बजे राम बाबू सिंह 10 लोगों के साथ आए थे। राम बाबू दबंग किस्म के लोग हैं। रंगदारी मांगने का काम करते हैं। उन लोगों ने मुझे बुलाया और बहुत थप्पड़ मारा। घसीटकर बंदूक की नोक पर ले गए और गाड़ी में बिठा दया।

मारने की योजना बना रहे थे सभी: पवन कुमार ने बताया कि उसमें से कोई कह रहा था कि तुम्हें मारकर महुली घाट पर फेंक देंगे। कोई कह रहा था कि तुमको काट देंगे तो कोई कह रहा था कि इसको बंदूक से मारकर साइड कर देते हैं। जैसे ही वो लोग मुझे मारने के लिए नीचे उतारे, फायरिंग की कोशिश की, मैं अपनी जान बचाकर वहां से भागा।

आरोपी के भाई हैं मुखिया, वोट नहीं देते थे: राम बाबू सिंह मेरे गांव के हैं। उनके एक भाई वीरेंद्र प्रताप सिंह मुखिया हैं। मेरा आज तक उनसे कोई विवाद नहीं हुआ है। हालांकि जब मुखिया पद के लिए चुनाव हुआ था या होता है तो हम उनको वोट नहीं देते हैं। इस बात पर ही मेरे साथ ऐसा किया होगा।

Ex आर्मी मैन हैं पीड़ित: पवन कुमार सिंह JCO (जूनियर कमीशन ऑफिसर) मेरठ से 2023 में रिटायर्ड हुए हैं। उन्होंने ये भी कहा कि पैसों को लेकर मेरा कोई विवाद नहीं है। मैंने थाना में आवेदन दिया है। सुरक्षा की गुहार लगाई है। सीसीटीवी तक दिखाया है। इस पर पुलिस कहती है कि ऐसे डायरेक्ट किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकते हैं। पीड़ित ने थाना में आवेदन भी दिया है। इसमें गांव के ही रामबाबू सिंह उर्फ अशोक कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, चातर गांव निवासी सुभाष सिंह, मोहनपुर करजा गांव निवासी इंदल कुमार सिंह, बखोरापुर गांव निवासी सह बॉडीगार्ड शशि कुमार, रौशन सिंह और चार-पांच अज्ञात पर आरोप लगाया गया है। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। मामले में पुलिस ने जांच के आदेश दिए हैं।

बक्सर में चौसा रेलवे फाटक बंद होने से लगा जाम

निज संवाददाता | बक्सर

बक्सर-रोहतास स्टेट हाईवे स्थित चौसा रेलवे फाटक सोमवार रात से लेकर अब तक बंद है। जिसके कारण बक्सर रोहतास स्टेट हाईवे पर फाटक के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई है। मुख्य सड़क पर पांच किलोमीटर तक वाहनों की लंबी लाइन के कारण सुबह में वैकल्पिक मार्ग पर भी वाहनों का एकाएक दबाव बढ़ने से जाम जैसी स्थिति बन गई है। जिससे यात्रियों के साथ स्कूली बच्चों की परेशानियां बढ़ गई है। कई स्कूली वाहन बच्चों के पास नही पहुंच पाए है, तो कई वाहन बच्चों को बैठा कर जाम में फंसे हुए है। बता दें कि रेलवे प्रशासन ने फाटक संख्या 78/A के पास तीसरी रेल लाइन को स्टेट हाईवे से पार कराने के लिए विशेष कार्य की अनुमति ली थी। यह फाटक को सोमवार की शाम 7 बजे से सुबह 4 बजे तक बंद रखने का परमिशन लिया गया था। लेकिन मजदूरों और कर्मियों के लेट पहुंचने से काम लेट चालू हुआ। जिसके कारण लिए गए समय के बाद भी रेलवे फाटक बंद कर कार्य जारी है।

वैकल्पिक मार्ग पर बढ़ा वाहनों का दबाव: रेलवे इंजीनियरिंग विभाग की टीम ने पूरी रात गुमटी के पास तीसरी लाइन रेलवे ट्रैक बिछाने के लिए फाटक बंद रखा। जिसके कारण बक्सर से चौसा के रास्ते रोहतास और कैमूर जाने वाले यात्रियों को वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेना पड़ा। हालांकि पुलिस ने वाहनों को सही दिशा निर्देश देने का काम नहीं किया जिससे चौसा स्थित लिंक रोड और वैकल्पिक रास्ता भी मंगलवार की सुबह पूरी तरह से जाम हो गया। चौसा दुर्गा मंदिर मार्ग होते हुए चौसा स्टेशन या फिर बनारपुर के रास्ते खिलाफतपुर के रास्ते यादव मोड़ वाला मार्ग यात्री वाहनों से जाम हो गया है।

फाउंडेशन स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

निज संवाददाता | बक्सर

इटाढ़ी रोड स्थित फाउंडेशन स्कूल का खेल मैदान में सत्र 2024-25 का दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह का भव्य आगाज सोमवार को हुआ। नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर मुख्य अतिथि डॉ एसके दुबे ने गुब्बारा उड़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न हाउसों के छात्र-छात्राओं को विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी को खेल को खेल भावना से खेलने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूता विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। विद्यालय का वार्षिक खेलकूद समारोह अपने आप में बड़ा ही अनूठा था। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। खेलकूद प्रतियोगिता के पहले दिन 100 मीटर रेस, चेन रेस, थ्री लेग, बैलेंस बैलून रेस, शू लेश रेस, स्पून एंड लेमन रेस, रिले रेस, कुर्ता-पजामा रेस, मेक-अप रेस, फ्लैग मेकिंग रेस, सैक रेस जैसे रोमांचक खेलों का आयोजन किया गया। नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने ड्रिल एक्टिविटी भी प्रदर्शित किया। इसमें प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों के द्वारा किए गए इन सभी प्रदर्शनों के पीछे सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का अथक प्रयास रहा। खेल की समाप्ति के दौरान बच्चों के माता-पिता के द्वारा उन्हें मेडल पहनाने का क्षण निराला था। सीनियर एंड सीनियर सेकेंडरी से डॉ एसजे दुबे, अजय तिवारी, रंगनाथ पाण्डेय, रवि कुमार, अजीत कुमार, रविकांत पाण्डेय, वीरेंद्र प्रधान, अजय सिंह ने विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य विकास ओझा ने विद्यार्थियों को इस अवसर पर बधाई दी और उन्होंने बताया कि वार्षिक खेलकूद का आयोजन बच्चों की सर्वांगीण विकास हेतु करवाया जाता है।

उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिला सम्मान

निज संवाददाता | बक्सर

नगर के ईस्टर्न ग्रेस होटल में रविवार रात आयोजित बक्सर आइकॉन अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन बेहद भव्य रहा। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड की अभिनेत्री तनुश्री दत्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में शानदार उपलब्धियां हासिल करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। अभिनेत्री ने बक्सर के आतिथ्य को अद्भुत बताते हुए कहा कि यह अनुभव उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा। यह कार्यक्रम मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संस्था द्वारा आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह, प्रदेश सचिव डॉ दिलशाद आलम और समाजसेवी साबित रोहतासवी ने किया। सभी ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बात करते हुए तनुश्री दत्ता ने कहा कि महर्षि विश्वामित्र की धरती पर आना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण और सभी वर्गों के सशक्तिकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "न केवल नारी सशक्तिकरण बल्कि सभी वर्गों के सशक्तिकरण के लिए अभी काफी काम करने की जरूरत है। ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करते हैं।" मंच संचालन साबित खिदमत फाउंडेशन के सचिव साबित रोहतासवी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने इस आयोजन को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। अभिनेत्री तनुश्री दत्ता ने कहा, "नारी सशक्तीकरण और सभी वर्गों के विकास के लिए काम करने की जरूरत है। इस दिशा में आगे भी प्रयास किए जाएंगे। इस अवार्ड समारोह ने न केवल बक्सर के गौरव को बढ़ाया, बल्कि समाज के प्रति सकारात्मक योगदान देने वाले लोगों को प्रेरित करने का भी कार्य किया। कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले लोगों में कई प्रतिष्ठित नाम शामिल थे। तनुश्री दत्ता ने डॉ दिलशाद आलम की पत्नी कहकशा आलम, डॉ. मुर्शीद रजा, अधिवक्ता खालिद रजा, और हामिद खान के साथ-साथ मुकेश कुमार सिंह (प्रधान महासचिव, बिहार), डॉ. टीएन पाठक (फिजियोथेरेपिस्ट), डॉ. आरपी सिंह (मुख्य सलाहकार, बिहार), अजय कुमार अन्नपूर्णा (महासचिव, बिहार), अंकित कश्यप (जिला अध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ, मधेपुरा), डॉ शैलेश सिंह, डॉ सीएम सिंह, डॉ शैलेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ राजेश सिंह,अंतरराष्ट्रीय तैराकी चैंपियन कैप्टन. विजेंद्र सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता बबन ओझा (अधिवक्ता संघ के जिला अध्यक्ष), साहित्यकार डॉ शशि भूषण मिश्रा, डॉ वरुण सांकृत, पत्रकार गुलशन सिंह राजपूत, चंद्रकांत निराला, रक्तदाता प्रियेश कुमार एवं उनकी टीम, डॉ खालिद रज़ा (डेंटल सर्जन), विवेक कुमार चौधरी (औपचारिक जिला अध्यक्ष, दरभंगा), विजय जुमनानी (जिला अध्यक्ष, व्यवसायिक प्रकोष्ठ, दरभंगा), मनोज (औरंगाबाद), प्रवीण , शाहिद रज़ा (इंजी.), डॉ. शशांक शेखर, रेडक्रॉस सचिव डॉ. श्रवण तिवारी, और डॉ वीके सिंह (वीके ग्लोबल हॉस्पिटल), फॉउंडेशन स्कूल डुमरांव के प्राचार्य प्रतीक चतुर्वेदी, युवा कराटे खिलाड़ी व लेखक रोहित को सम्मानित किया। कार्यक्रम में इन लोगों को किया गया सम्मानित

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

गलत फोटो अपलोड करने के मामले में धराए संदिग्ध को छोड़ा

भागलपुर। सोशल मीडिया अकाउंट पर युवती का आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में एक संदिग्ध को पकड़ा गया था। साइबर पुलिस ने नाबालिग संदिग्ध को खगड़िया से बीते रविवार की शाम को हिरासत में लिया था, जिसके बाद साइबर थाना भागलपुर में रखकर उससे पूछताछ की गई। सोमवार को पूछताछ के बाद उसे छोड़ा गया। संदिग्ध के परिजनों ने बताया कि नाबालिग ने अनजाने में युवती का फोटो पोस्ट कर दिया था। युवती के परिजनों को जानकारी मिली तो उनके द्वारा साइबर थाना में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया था। उसी मामले में साइबर थाना की पुलिस ने नाबालिग को पकड़ा है। वहीं पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 15 दिन पहले साइबर पुलिस ने संदिग्ध का मोबाइल लोकेशन और नंबर की जानकारी निकाल कर संपर्क किया। संदिग्ध को साइबर पुलिस ने फोटो सोशल मीडिया से डिलीट करने को कहा, उसने नहीं किया तो साइबर पुलिस उसे पकड़ लाई।

स्मार्ट सिटी कंपनी के अधिकारी ने एजेंसी पर लगाया आरोप, 50 लाख बकाया बिल नहीं दिया

भागलपुर। सैंडिस कंपाउंड का संचालन करनेवाली एजेंसी विजयश्री प्रेस व स्मार्ट सिटी के बीच झगड़ा कम नहीं हो रहा है। अब यह मामला हाईकोर्ट में है। इन सबके बीच मेन गेट के पास बने वाहन पार्किंग का ताला स्मार्ट सिटी कंपनी के अधिकारी ने लोगों के लिए खोल दिया है। सोमवार को वहां वाहन पार्किंग हो रही थी, हालांकि उन वाहनों की देखभाल की जिम्मेदारी अभी किसी के पास नहीं है। स्मार्ट सिटी कंपनी के अधिकारी ने एजेंसी पर 50 लाख बकाया बिल नहीं देने का आरोप भी लगाया है। मेन गेट के पास स्मार्ट सिटी कंपनी से चयनित सिंघल एजेंसी के सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी लगी है, लेकिन वह गंभीरता से वाहनों की देखभाल नहीं कर पा रहे हैं। वहीं अब स्मार्ट सिटी कंपनी कम समय में टेंडर कर नई एजेंसी के चयन की प्रक्रिया में जुट गई है। खेल एसोसिएशन को यह फ्री दिया गया है, बाकी किसी आयोजक से पांच हजार रोज शुल्क लेना है। पूरे सैंडिस कंपाउंड का बिजली बिल करीब 50 लाख एजेंसी के पास बकाया है, 4 किमी. का पैदल पथ है उसकी सफाई एजेंसी को करनी थी, उसने नहीं किया। उसे भी हम अपने स्तर से करवाते आ रहे हैं। पाथ-वे पर किसी तरह का मेंटेनेंस नहीं किया, जबकि यह भी विजय श्री प्रेस को ही करवाना था।

जेवरात व नगदी के साथ महिला पहुंची थाना

तारापुर। हरपुर थाना क्षेत्र के गनैली पंचायत अंतर्गत हसनपुर गांव के रहने वाले सुनील सिंह की पत्नी ममता देवी सोमवार को हरपुर थाना पहुंची। जहां ममता ने पुलिस को बताया कि वह अपने पति को बिना बताये ही अपने ससुराल हसनपुर से 11 दिसंबर को अपने मायके चली गई थी। पता चला कि मेरी अनुपस्थिति में मेरे पति सुनील सिंह के द्वारा हरपुर थाना में लिखित आवेदन में 12 दिसंबर की मध्य रात्रि घर से चले जाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। प्राथमिकी में मेरे ऊपर लगाया गया आरोप पूरी तरह निराधार है। थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि सुनील सिंह बताया कि पुलिस अनुसंधान कर रही थी कि इसी बीच सोमवार को ममता देवी खुद थाने पहुंचकर मायके जाने की बात स्वीकार की है। ममता व अमरेश को पुलिस अभिरक्षा में मुंगेर कोर्ट भेज दिया गया है।

24 घंटे में मांगों पर विचार नहीं हुआ तो सफाईकर्मी बेमियादी हड़ताल पर जाएंगे

मुंगेर। मुंगेर नगर निगम के सफाई कर्मचारी संघ ने सफाई कर्मी की लंबित मांगों को लेकर 16 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया था। इसी बीच प्रभारी नगर आयुक्त कुमार अभिषेक ने रविवार को लिखित रूप में 15 दिनों की मोहलत कर्मचारी संघ से मांगी थी, लेकिन सफाई कर्मचारी संघ ने सोमवार को सैकड़ों कर्मियों के साथ शहर में विरोध मार्च निकाला। सफाई कर्मचारी संघ के महामंत्री ब्रह्मदेव महतो ने बताया कि मांगों के समर्थन में नगर निगम के सफाईकर्मी ने नगर निगम कार्यालय से सैकड़ों की संख्या में बेकापुर, राजेन्द्र प्रसाद चौक, गांधी चौक होते हुए एक नंबर ट्रैफिक होते हुए निगम कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला गया। इसके अलावा नगर निगम प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है, अगर मांगों पर सुनवाई नहीं हुई तो फिर निगम सफाई कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों के लंबित मांगों में सातवां वेतनमान लागू करने, स्थाई सफाई कर्मी के मृत्यु उपरांत अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति करने, स्थाई कर्मियों के बकाया पंचम व छठे वेतनमान के अंतर-वेतनमान की राशि एकमुश्त भुगतान करने, दैनिक कर्मियों व एनजीओ कर्मियों के वेतन में बढ़ोतरी आदि मांगें प्रमुख हैं। सफाई कर्मचारी संघ के महामंत्री ब्रह्मदेव महतो ने कहा कि मंगलवार को टाउन हॉल में बैठक की जाएगी।

युवती का आपत्तिजनक फोटो पोस्ट करने के मामले में संदिग्ध धराया

भागलपुर। सोशल मीडिया अकाउंट पर युवती का आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में एक संदिग्ध को पकड़ा गया था। साइबर थाना की पुलिस ने नाबालिग संदिग्ध को खगड़िया से बीते रविवार की शाम को संरक्षण में लिया था, जिसके बाद साइबर थाना भागलपुर में रखकर उससे पूछताछ की गई। हालांकि सोमवार को पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया। संदिग्ध के परिजनों ने बताया कि नाबालिग ने अनजाने में युवती का फोटो पोस्ट कर दिया था। युवती के परिजनों को जानकारी मिली तो उनके द्वारा साइबर थाना में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। उसी मामले में साइबर थाना की पुलिस ने नाबालिग को पकड़ा है। वहीं पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 15 दिन पहले साइबर पुलिस ने संदिग्ध का मोबाइल लोकेशन और नंबर की जानकारी निकाल कर संपर्क किया। संदिग्ध को साइबर पुलिस की तरफ से आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया से डिलीट करने को कहा, लेकिन नाबालिग ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। जिसके बाद साइबर पुलिस उसको पकड़ने खगड़िया गई थी।

अलाव की व्यवस्था नहीं होने से परेशानी

भागलपुर। ठंड बढ़ने के साथ ही लोगों की परेशानी बढ़ने लगी है। एक ओर जहां अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ गई है वहीं दूसरी तरफ फूटपाथ पर रात गुजारने वाले लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। इनके लिए अलाव व कंबल की व्यवस्था अबतक नहीं की जा सकी है। ऐसे में गरीब और असहाय लोग इस सर्द मौसम में ठिठुरने को विवश हैं।

रचनाकार, आलोचक और पाठक की त्रिमूर्ति से साहित्य का विकास संभव : प्रो. शाहिद

मुंगेर। रचनाकार, आलोचक एवं पाठक की त्रिमूर्ति से ही साहित्य का विकास संभव है। रॉन्ग नंबर की कथाकार निशात परवीन बहुत जल्द सामाजिक कुरीतियों और स्याह पहलुओं को अपनी लेखनी में पिरो कर व्यक्त करने के हुनर की एक सशक्त हस्ताक्षर बन रही हैं। उनकी लेखकीय क्षमता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सामाजिक वेदना और पीड़ा को शब्दों का स्वरूप देने में उनकी पहली पुस्तक ही पाठकों के बीच खासी लोकप्रियता हासिल कर रही हैं। यह बातें रविवार को कथा संग्रह रॉन्ग नंबर के विमोचन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुंगेर विवि के उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो. शाहिद रज़ा जमाल ने कही। समारोह का संचालन समाजसेवी एवं साहित्य प्रेमी फर्रह शकेब कर रहे थे। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के स्वागत संबोधन में सालीस फाउंडेशन के संस्थापक एवं एस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. इकबाल हसन आज़ाद ने कहा कि रॉन्ग नंबर में कुल 32 कहानियां हैं और लेखिका निशात परवीन ने समाज के प्रति अपनी वेदना को समाज की पीड़ा से जोड़ते हुए कहानी के माध्यम से उद्धृत किया है। विशिष्ट अतिथि टीएनबी कॉलेज के डॉ. अख़्तर आज़ाद ने कहा कि लेखिका ने अपनी कहानियों में वर्तमान भौतिकता वादी समाज को आईना दिखाने का काम किया है। अध्यक्षता करते हुए उर्दू फोरम के संयोजक प्रो. एमएओ जौहर ने कहा कि निशात परवीन का कहानी संग्रह रॉन्ग नंबर में मनुष्य के दुख और सदमे को विभिन्न आयामों में प्रस्तुत किया गया है। मंच संचालन करते हुए फर्रह शकेब ने किया।

भागलपुर में छात्र राजद कार्यकर्ताओं ने कुलपति आवास को घेरा

कहा- वन नेशन वन इलेक्शन BJP का एजेंडा, लागू होने से क्षेत्रीय पार्टी नहीं उठा पाएंगे बेसिक मुद्दा

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में वन नेशन वन इलेक्शन को छात्र राजद भाजपा का एजेंडा बताया है। इसको लेकर मंगलवार को दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता ने कुलपति आवास का घेराव करते हुए नाराजगी जताई है। विरोध कर रहे छात्रों ने कहा कि कुलपति भाजपा के एजेंडा पर काम कर रही है। लोकसभा में बिल पेश कर दिया गया है, लेकिन तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में भी इसका विरोध देखने को मिल रहा है। छात्र राजद के कार्यकर्ता विरोध जता रहे हैं। उनका कहना है वन नेशन वन इलेक्शन ही क्यों जातिगत गणना आरक्षण के मुद्दे पर परिचर्चा क्यों नहीं होगी? राजभवन से जारी प्रेस रिलीज के बाद टीएमबीयू के कुलपति विश्वविद्यालय अंतर्गत कॉलेजों में वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर परिचर्चा करवा रहे हैं। जिसका छात्र राजद के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया है।

कार्यकर्ता पैदल मार्च निकालकर कुलपति आवास तक पहुंचे और आवास का घेराव कर दिया। यहां कुलपति प्रोफेसर जवाहरलाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्र राजद का कहना है कि जब कुलपति वन नेशन वन इलेक्शन पर परिचर्चा करवा रहे हैं तो जातिगत गणना आरक्षण के मुद्दे और धर्मनिरपेक्ष के मुद्दे पर परिचर्चा क्यों नहीं करवा रहे हैं। यहां के कुलपति भाजपा के एजेंडे पर काम करते हैं। जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती है, तब तक यह प्रदर्शन जारी रहेगा। कुलपति को अन्य मुद्दों पर भी चर्चा करनी होगी सिर्फ भाजपा के एजेंडे पर नहीं चलने देंगे। छात्र राजद के उपाध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया कि वन नेशन वन इलेक्शन यह बीजेपी का एजेंडा है।

देश में एक समय चाहे वह राज्य का चुनाव हो सेंट्रल गवर्नमेंट का चुनाव हो, पंचायती चुनाव को छोड़कर सभी चुनाव को एकत्रित करने का निर्णय लिया है ऐसा होने पर क्या नुकसान होगा कि सवाल पर कहा कि रीजनल पार्टियों पर इसका असर होगा, बिहार के जो बेसिक मुद्दे को उठाते हैं। वह कहीं न कहीं दब जाएगा। उन्होंने भाजपा पर भी तंज कसा है। कहा कि हिंदू मुस्लिम मंदिर मस्जिद हिंदुस्तान पाकिस्तान बस इसी पर आकर टीके है। इस मुद्दा को छोड़कर इतना करप्शन है। विभाग में काम नहीं होता है अफसरशाही होता है, यह सब छोड़कर भाजपा अपना हिंदू मुस्लिम का एजेंडा बनाया हुआ है।

विवि प्रशासन पर वामपंथी शक्तियां हावी

मुंगेर। पिछले एक वर्ष में विश्वविद्यालय में सीनेट की बैठक नहीं हुई और न ही सिंडिकेट की ही बैठक हुई। इसके लिए आज तक किसी ने आवाज नहीं उठाया। कई सेवानिवृत शिक्षकों को सही तरह से सेवांत लाभ नहीं मिला है, इसकी आवाज किसी ने नहीं उठाई। पर अपनी असंवैधानिक मांग को पूरा करवाने के लिए ये लोग आंदोलन की धमकी देते हैं। इनलोगों के खिलाफ अब तक तटस्थ रहने वाले लोगों को सामने आना होगा।

यह बातें मुंगेर विश्वविद्यालय शिक्षक शिक्षकेतर संघ उत्थान समिति के अध्यक्ष डा. एके पोद्दार ने कही। उन्होंने कहा कि कुल लोग कुलपति को बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत प्राप्त शक्तियों में ही हस्तक्षेप करने का दुस्साहस कर रहे हैं। ये ऐसे लोग हैं जिन पर उनके सेवा काल में कई प्रकार के गंभीर आरोप लगे हुए हैं।

ऐसे लोग अपने कलंकित चेहरे को छिपाने के लिए ऐसा कृत्य करने पर आमदा हैं। परंतु ऐसी शक्तियों को प्रशासनिक तंत्र पर प्रभावी नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए शिक्षक शिक्षकेतर संघ उत्थान समिति संकल्पित है। मुंगेर विश्वविद्यालय प्रशासन पर वामपंथी शक्तियां हावी होती जा रही है।

भागलपुर रंग महोत्सव की तैयारी की बनी रणनीति

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में 21 से 23 दिसंबर को लाजपत पार्क के पास 11वां भागलपुर रंग महोत्सव का आयोजन होना है। इसकी सफलता के लिए कला केंद्र के प्रांगण में समिति सदस्य प्रकाश चन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में विभिन्न पहलुओं पर विचार हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस साल जिसमें तीन दिनों तक अखिल भारतीय बहु भाषीय लघु नाटक, नुक्कड़ नाटक, लोक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, चित्रकला और रंग जुलूस के कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के कला संस्थाओं के साथ-साथ भागलपुर शहर के दर्जनों कला संस्थाओं की भी रोज प्रस्तुति होगी। महोत्सव के सफल संचालन के लिए अलग-अलग संचालन समिति का निर्माण किया गया। जिनमें कार्यालय प्रभारी प्रणव कुमार के साथ मनीष कुमार सौरभ कुमार और प्रदीप कुमार शामिल रहेंगे। विभिन्न जगहों से आने वाले अतिथि कलाकारों को रेलवे स्टेशन से लाने का काम अरविंद कुमार बिट्टू के नेतृत्व में होगा। **भोजन और आवासन के लिए बांटी गई जिम्मेदारीः** भोजन व्यवस्था के प्रभारी विनोद कुमार रंजन, निर्भय कुमार और सुमन कुमार को बनाया गया। आवासन के सभी कार्यों को सत्येंद्र कुमार मंडल और त्रिभुवन कुमार देखेंगे। कला केंद्र के अतिथि सत्कार में प्रकाश चंद्र गुप्ता, रवि कुमार सिंह, तप घोष, रेनू सिंह, तरुण घोष, तकि अहमद जावेद, महबूब आलम को शामिल किया गया। वहीं, मंच व्यवस्था के संचालन में संजीव कुमार दीपू, मदन कुमार, राजेश झा शामिल रहेंगे। प्रेक्षागृह निर्माण कार्य को रवि कुमार सिंह, सत्यम भास्कर, विनोद कुमार और मनीष कुमार यादव देखेंगे। आवासन की संपूर्ण व्यवस्था को अरविंद आनंद अपने नेतृत्व में संचालित करेंगे।

ये लोग रहे उपस्थितः बैठक में प्रकाश चौधरी, राजेश कुमार झा, तकि अहमद जावेद, तरुण किरण, संजीव कुमार दीपू, तरुण घोष, मनीष कुमार यादव, रेनू सिंह, अरविंद आनंद, संजय कुमार यादव, सत्यम भास्कर, महबूब आलम, तापस घोष, मदन कुमार, अर्जुन शर्मा, उत्तम सिंह, देवाशीष बनर्जी, वासुदेव भाई, प्रणव कुमार, रवि कुमार सिंह सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे।

दानापुर-भागलपुर इंटरसिटी के इंजन में लगी आग

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर के जमालपुर-किऊल रेलखंड के धरहरा रेलवे स्टेशन पर सोमवार की रात साढ़े 8 बजे डाउन दानापुर-भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के इंजन में आग लग गयी। इससे ट्रेन के अंदर बैठे यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गयी। ट्रेन के लोको पायलट ने आग पर काबू पा लिया गया। यात्रियों ने बताया कि 13402 डाउन भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन के निचले भाग में आग लग गयी थी। ट्रेन जैसे ही धरहरा स्टेशन के प्लेटफार्म 2 पर आयी इंजन में आग को देखकर प्लेटफॉर्म पर खड़े यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। प्लेटफॉर्म पर रुकते ही ट्रेन के अंदर बैठे यात्री बाहर की ओर भागने लगे।

एक घंटे तक रुकी रही ट्रेनः स्टेशन पर कार्यरत पोर्टर आग बुझाने के लिए इंजन की ओर दौड़ा। हालांकि ट्रेन के रुकते ही लोको पायलट ने आग पर काबू पा लिया। आग लगने के कारण इंजन बंद हो गया। इसके बाद ट्रेन के पायलट ने दूसरे इंजन की मांग की। लेकिन करीब एक घंटा के बाद इंजन चालू हो गया तथा ट्रेन धरहरा से भागलपुर रवाना हुई। इस दौरान ट्रेन एक घंटे सात मिनट तक धरहरा स्टेशन पर रुकी रही।

एक छत के नीचे मिलेंगी हर तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं, 10 बेड का होगा आईसीयू

मुंगेर। इस बार नए साल पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिलेवासियों को बड़ी सौगात मिलने वाली है। 15 जनवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 32 करोड़ से बन रहे सदर अस्पताल स्थित 100 बेड वाले मॉडल अस्पताल का उद्घाटन कर सकते हैं। हालांकि सीएम के मुंगेर दौरे का कार्यक्रम अभी आधिकारिक तौर पर तय नहीं हुआ है। मॉडल अस्पताल के भवन का काम लगभग पूरा हो गया है। अब संयंत्रों को लगाने तथा रंग-रोगन का काम चल रहा है। एक सप्ताह में यह अस्पताल अपने वास्तविक स्वरूप में दिखने लगेगा। यहां कार्य को युद्ध गति पर किया जा रहा है। मुंगेर जिला में यह पहला अस्पताल होगा, जहां एक ही छत के नीचे हर प्रकार की चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध होगी। इसमें इमरजेंसी वार्ड और जीओपीडी का संचालन नये मॉडल अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर पर होगा। जहां इसके अतिरिक्त चाइल्ड और हड्डी वार्ड सहित गाइनी वार्ड का भी संचालन होगा। वहीं ग्राउंड फ्लोर पर ही अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे और पैथोलॉजी जांच की सुविधा मिलेगी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

निविदा स्थगन सूचना

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा संख्या – 26/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक– 10.12.2024 जिसे विभिन्न समाचार पत्रों में PR No. 341707 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था। उक्त निविदा को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 342221 (Rural Work Department)24-25*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
रूपांकण प्रमंडल सं0–2, मेदिनीनगर

आम सूचना

इस कार्यालय का पत्रांक 306 दिनांक 23.11.2024 द्वारा सर्व सूचित किया जाता है कि उत्तर कोयल भीम बराज परियोजना मोहम्मदगंज के अंतर्गत दायाँ मुख्य नहर एवं बायाँ का लाईनिंग का कार्य नवम्बर 2024 से शुरू किया जाना सूनिश्चित है। अतः दोनों नहर एवं कांडी वितरणी WAPCOS कम्पनी को नहर की लाईनिंग कार्य एवं कांडी वितरणी नहर निर्माण के लिए सौंप दिया गया है एवं सभी कृषकों को सूचित किया जाता है कि रबी अवधि के दोरान नहरों में पानी का संचालन नहीं किया जाएगा। इस परिस्थिति में यदि रबी फसल लगाते हैं तो उसकी सिंचाई की व्यवस्था स्वयं करेंगें।

कार्यपालक अभियंता
रूपांकण प्रमंडल सं0–2, मेदिनीनगर

PR 342245 District(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल औरंगाबाद
बिहार सरकार

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या
(RWD/Aurangabad/DMFT/ET-1/2024–25)

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद द्वारा शीर्ष जिला खनिज फाउन्डेशन अंतर्गत पुल/पुलिया एवं पथ निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण कार्य विभाग मे उचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको से प्रतिशत दर पर ई–निविदा प्रकिया के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

Sl. No.	Name of Work	Estimated Cost (Rs. In Lakh)	EMD (Rs in Lakh)	Cost Of BOQ	Time of Complition (In Months)	Reservation Quota	Amount Payable to
1	2	3	4	5	6	7	8
1	प्रखण्ड नवीनगर के पंचायत सिमरी–धमनी ग्राम–दरूआ के समीप रिउर कैनाल पर पुल का निर्माण।	47.52500	0.96	5000	09 Month	-	E.E.R.W.D. Works, Division, Aurangabad
2	मंझार पंचायत के ग्राम खैरा सारिम विद्यालय से स्व0 वासुदेव यादव एवं रामचन्द्र यादव के घर तक सड़क निर्माण कार्य।	39.24000	0.79	5000	09 Month	-	
3	प्रखण्ड बारूण के धनगाई पंचायत के ग्राम–रामपुर में सुरेश प्रजापति क घर से पुल तक सड़क निर्माण कार्य लम्बाई लगभग 600 फीट	32.71100	0.66	5000	09 Month	Unemployed Engineer	
	कुल योग्य	119.47600					

Note:- As per RCD's Notification No. 13589 dated 13.12.2011 Only those Contractors who are registered under class IV (in, (Concern district)can take part in the tender of work up to 25 lakhs. Contractors who are registered under class I, II, III cannot articipate in the tender amounting up to 25 lakhs or less.

ऑन लाईन निविदा फार्म मिलने का समय — दि0. 27.12.2024 के 09:00 बजे से दि0. 08.01.2025 के 15:00 बजे तक
ऑन लाईन निविदा जमा करने का समय — दि0. 08.01.2025 को 15:00 बजे तक
ऑफ लाईन निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि — दि0. 08.01.2025 को 15:00 बजे तक
ऑन लाईन निविदा खोलने का समय — दि0. 08.01.2025 को 15:30 बजे से

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेब साईट http://pmgsytendersbih.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदको को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से बेब साईट पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

ई टेन्डरिंग की प्रकिया से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी/सूचना हेतु पॉचवा तल्ला,ग्रामीण कार्य विभाग विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड़, पटना से सर्म्पक किया जा सकता है। दूरभाष संख्या–(0612) 2545243, 9973787275 ई मेल– etenderingbihhelp@gmail.com

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0 का0 वि0, कार्य प्र0, औरंगाबाद

PR- 014863 (RWD) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

समाहरणालय, गढ़वा (जिला समाज कल्याण शाखा)
जिला बाल संरक्षण इकाई
E-Mail ID- awc12.monitoring@gmail.com

आम सूचना

मिशनवात्सल्य, बाल संरक्षण सेवाएँ योजनाअन्तर्गत जिलास्तरीय संविदा आधारित चयन की सूचना।

बाल संरक्षण सेवाएँ योजना के अन्तर्गत जिलास्तर पर जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा में संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदनपत्र आमंत्रित कियाजाताहै।

1. शैक्षणिक योग्यता, उम्र, कार्यानुभव एवं मासिक परिलब्धि :–

क्र0 सं0	पद का नाम	उम्र	शैक्षणिक योग्यता	कार्यानुभव	मसिक परिलब्धि
1	संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत देखरेख	30-45 वर्ष	सामाजिक कार्य/मनोविज्ञान/समाज शास्त्र में स्नातकोतर की डिग्री। किसी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एम0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0एम0/पी0जी0डी0आर0डी0 अतिरिक्त योग्यताहोगी।	बालकल्याण/बालसंरक्षण के क्षेत्र में कम से कम तीनवर्ष का अनुभव।	27804.00
2	परामर्शदाता	30-45 वर्ष	सामाजिक कार्य/मनोविज्ञान/समाज शास्त्र मेंस्नातकोत्तर की डिग्री। किसी सरकारी मान्यत प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एम0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0एम0/पी0जी0डी0आर0डी0 अतिरिक्त योग्यताहोगी।	बालविकास एवं कांउसिलिंग में कम से कम 2 वर्ष का अनुभव।	18536.00
3	समाजिक कार्यकर्त्ता	30-45 वर्ष	सामाजिक कार्य/मनोविज्ञान/समाज शास्त्र मेंस्नातकोत्तर की डिग्री। किसी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एम0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0एम0/पी0जी0डी0आर0डी0 अतिरिक्त योग्यताहोगी।	बालविकास एवंकांउसिलिंगमें कम से कम 2 वर्ष का अनुभव।	18536.00
4	आँकड़ा विश्लेषक	30-45 वर्ष	समाज कार्य/समाज शास्त्र एनथ्रेपोलाजी में स्नातक। सरकारी मान्यता प्रप्त विश्वविद्यालय संस्थान से एम0कॉम0/एम0सी0ए0, अतिरिक्त योग्यताहोगी।	संबंधित कार्य में कम से कम 2 वर्ष क अनुभव।	18536.00

बाल कल्याण समिति (CWC) एवं किशोर न्याय बोर्ड (JJB), गढ़वा कार्यालय हेतु :–

क्र0 सं0	पद का नाम	उम्र	शैक्षणिक योग्यता	कार्यानुभव	मसिक परिलब्धि
1	सहायक–सह–डाटाइंट्रीऑपरेटर(CWC)	21-35 वर्ष	किसीभी संकाय में स्नातक। कम्प्यूटर दक्षता एवं हिन्दी तथा अंग्रेजीमेंटंकण। हिन्दी–30 W.P.M अँग्रेजी–35 W.P.M सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से बी0सी0ए0/एम0सी0ए0 अतिरिक्त योग्यताहोगी।	सरकारी संस्थान, लोकउपक्रम मान्यता प्राप्त संस्थानमें न्यूनतम 03 वर्ष का कम्प्यूटर कार्य/कार्यालय कार्यअनुभव।	11916.00
2	सहायक–सह–डाटाइंट्रीऑपरेटर(JJB)	21-35 वर्ष	किसी भी संकाय में स्नातक। कम्प्यूटर दक्षता एवंहिन्दी तथा अंग्रेजी मेंटंकण। हिन्दी–30 W.P.M अँग्रेजी–35 W.P.M सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से बी0सी0ए0/एम0सी0ए0 अतिरिक्त योग्यताहोगी।	सरकारी संस्थान, लोक उपक्रम मान्यता प्राप्तसंस्थान मेंन्यूनतम 03 वर्ष का कम्प्यूटर कार्य/कार्यालय कार्यअनुभव।	11916.00

जिला स्तर पर आवेदन प्राप्तकरने की अंतिमतिथि दिनांक–31.12.2024 समय अपराह्न 05:00 बजेतक है। अंतिम तिथि के बाद आवेदनपत्र स्वीकार नही कियाजाएगा।

नोट :– आवेदन हेतु प्रपत्र एवं विज्ञापन की विस्तृत जानकारी अधिकृत वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर प्राप्त की जा सकती है।

PR 342216 Women, Child Development & Social Security (24-25)_D

उपायुक्त, गढ़वा

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

ग्रामीण विकास मंत्री ने की जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक

राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए गांव का विकास महत्वपूर्ण : दीपिका पांडे

निज संवाददाता | दुमका

राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति को तेज करने के उद्देश्य से मंगलवार को ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की अध्यक्षता में परिसदन दुमका में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंत्री दीपिका पांडेय ने कई महत्वपूर्ण योजनाओं और कार्यों की समीक्षा करते हुए राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए किए जा रहे विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आम लोगों की परेशानियों को कम करना है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत भवनों में जरूरी कागजात तैयार करने की व्यवस्था हो जाने से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि पंचायत कार्यालयों को सशक्त और सुविधाजनक बनाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि लोग पंचायत कार्यालय जाकर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकें और कोई भी ग्रामीण अपनी समस्याओं के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर न लगाए। दीपिका पांडेय ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए गांवों का विकास बेहद महत्वपूर्ण है और इसके लिए राज्य सरकार ने कई योजनाएं बनाई हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के निर्देशों के तहत विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जिलावार समीक्षा की जा रही है, ताकि आगामी बजट तैयार करने में मदद मिल सके और योजनाओं को गति मिल सके। मंत्री ने विशेष रूप से आदिवासी और पिछड़े गांवों की स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की, जहां सड़क और पुलिया के अभाव में गांव शहर से नहीं जुड़ पाए हैं।

इन गांवों के लिए प्राथमिकता पर प्राक्कलन तैयार किया जाएगा, ताकि इन गांवों के लोग बेहतर सुविधाओं का लाभ उठा सकें। बैठक में मंत्री ने मनरेगा योजना के तहत रोजगार सृजन की स्थिति पर भी चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए और कार्य में पारदर्शिता बनी रहे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों के निर्माण कार्यों का भी समग्र रूप से निरीक्षण किया गया और लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत शौचालय निर्माण, साफ-सफाई की स्थिति और कचरा प्रबंधन पर भी मंत्री ने ध्यान केंद्रित किया और कहा कि इन कार्यों को और तेज गति से लागू किया जाए। इसके अलावा, मंत्री ने पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए पंचायतों की भूमिका और अधिकारों पर भी जोर दिया और उन्हें सुनिश्चित किया कि सभी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक समय पर पहुंचे। मंत्री ने आवास योजनाओं, जैसे कि अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), के तहत लाभार्थियों को समय पर मकान उपलब्ध कराने और उन्हें निर्माण के लिए धन राशि मुहैया कराने का भी निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे क्षेत्र का नियमित निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं का लाभ सही समय पर पात्रों तक पहुंचे। मंत्री ने बैठक के दौरान अधिकारियों से यह भी कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान त्वरित रूप से किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में अपर समाहर्ता सहित जिले के अन्य वरीय अधिकारी भी उपस्थित थे। मंत्री दीपिका पांडेय ने बैठक के अंत में अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सरकार के समग्र विकास कार्यों को सही तरीके से लागू कर राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जाएगा और ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार लाया जाएगा।

प्रखंड क्षेत्र भ्रमण के दौरान राहा पंचायत में श्रम मंत्री का हुआ भव्य स्वागत

निज संवाददाता | गोड्डा

झारखंड प्रदेश सरकार के श्रम नियोजन एवं कौशल विकास तथा उद्योग मंत्री सह गोड्डा विधानसभा के विधायक संजय प्रसाद यादव का बसंतराय क्षेत्र के आगमन पर सोमवार की देर संध्या को प्रखंड के राहा पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय राहा के प्रांगण में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में पंचायत के ग्रामीण, बड़े बुजुर्ग एवं महिलाएं शामिल थीं। आजाद स्पोर्ट्स एण्ड यूथ क्लब के केंद्रीय अध्यक्ष मो० सुलेमान जहांगीर आजाद, कांग्रेस के पंचायत अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा कमाल, मो० फारूक आजम, मो० महीर आलम, अब्दुल मजीद, शाहनवाज फरहत व्यास मुनि यादव एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मो० कलीम (कैलाश) के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया। मो० सुलेमान जहांगीर आजाद एवं गुलाम मुस्तफा कमाल के द्वारा क्षेत्र के नागरिकों की ओर से शॉल भेंट कर माननीय मंत्री को सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों का अभिवादन स्वीकारने के बाद मंत्री ने कहा कि क्षेत्र के युवा आदम्य, साहस एवं मजबूत इच्छा शक्ति से ओत प्रोत है। मुझे इस मुकाम तक लाने में क्षेत्र के युवाओं की अविस्मरणीय भूमिका रही है। क्षेत्र में हम लायेंगे परिवर्तन और करेंगे विकास। पूरे विधानसभा के समस्याओं से हम अवगत हैं। आने वाले दिनों में क्षेत्र को विकासात्मक सौगात देंगे। इस अवसर मदरसा मदीना तुल इल्म के सचिव मो० आलमगीर रहावी, स्थानीय जिला पार्षद मो० एहतेशामुल हक, जिला मुख्या संघ के उपाध्यक्ष मो० आलमगीर, प्रखंड प्रमुख अंजर आलम, डॉक्टर अब्दुल सत्तार समेत क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अभियान की सफलता को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों की रैली

- अभिवंचित वर्गों के लिए विशेष कार्यक्रम
- समाज के कमजोर वर्गों के लिए विशेष ध्यान

निज संवाददाता | गोड्डा

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों और अभिवंचितों के बीच जन जागरुकता बढ़ाने के लिए झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 15 दिसंबर 2024 से लेकर 15 मार्च 2025 तक एक व्यापक आउटरिच कैम्पेन (जन जागरुकता अभियान) का आयोजन किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य जन सामान्य को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं, और सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक करना है, जिससे समाज में कानूनी समझ और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जा सके। अभियान का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक भव्य रैली के रूप में किया गया, जो व्यवहार न्यायालय से शुरू होकर जिला मुख्यालय के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए न्यायालय परिसर में समाप्त हुई। रैली के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह पीडीजे राजेश कुमार वैश्य ने बताया कि इस जन जागरुकता अभियान का आयोजन एक्सक्यूटिव चेयरमेन झालसा के निर्देश पर पूरे राज्य में 90 दिनों तक किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत, जिले के विभिन्न प्रखंडों, पुलिस स्टेशनों और पंचायतों के स्तर पर पदस्थापित अधिकार मित्र घर-घर जाकर लोगों को उनके कानूनी अधिकारों और योजनाओं के बारे में जागरूक करेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों, खासकर गरीब और अभिवंचित वर्गों तक पहुंचकर उन्हें उनके अधिकारों के बारे में बताना है। राजेश कुमार वैश्य ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत प्रखंड स्तर पर "मेगा लीगल सर्विस सह इम्पावरमेंट कैंप" लगाए जाएंगे, जहां अभिवंचितों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए उन्हें मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसके साथ ही, जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में लीगल लिटरेसी क्लब्स की ओर से लेखन, पेंटिंग, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं और नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया जाएगा, ताकि कानूनी विषयों को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया जा सके और युवाओं में कानून के प्रति जागरुकता बढ़ाई जा सके।

इस अभियान में विशेष रूप से एससी-एसटी, समाज के कमजोर वर्गों, अभिवंचितों, बच्चों, दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण की दिशा में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन वर्गों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाना और सरकारी योजनाओं से जोड़ना इस अभियान का एक अहम हिस्सा है। इसके अतिरिक्त, बाल विवाह, साइबर ठगी, नशाखोरी, डायन निरोधक और अन्य कुरीतियों के उन्मूलन के लिए भी विशेष अभियान चलाए जाएंगे, ताकि समाज में फैली हुई इन कुरीतियों को समाप्त किया जा सके और एक स्वस्थ, जागरूक और समृद्ध समाज का निर्माण हो सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष ने यह भी कहा कि इस अभियान की सफलता समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों से अपील की कि वे इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें, ताकि जन जागरुकता के इस महत्वपूर्ण प्रयास से समाज में सकारात्मक बदलाव आ सके। इस अभियान में न्यायिक अधिकारियों के साथ-साथ दर्जनों अधिकार मित्र भी सक्रिय रूप से शामिल हुए हैं। इस कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डा. प्रदीप कुमार द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने इस अभियान के उद्देश्य और कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी दी। डा. प्रदीप कुमार ने कहा कि यह अभियान केवल कानूनी जानकारी के विस्तार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसके माध्यम से सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक बदलाव को भी बढ़ावा मिलेगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से जिला प्रशासन और विधिक सेवा प्राधिकरण ने यह साबित किया है कि जन जागरुकता केवल शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों तक भी पहुंचाना चाहिए। यह अभियान न केवल कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास है, बल्कि यह समाज में समानता, न्याय और शांति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अंत में यह कहा जा सकता है कि यह जन जागरुकता अभियान गोड्डा जिले में एक सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

धधकिया स्थित बालगृह में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

दुमका (नि.सं.)। 90 दिवसीय जागरूकता सह आउटरीच कैंपेन के तहत मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका के सचिव उत्तम सागर राणा की अध्यक्षता में धधकिया स्थित बालगृह में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालगृह में निवासरत बच्चों को कानूनी अधिकारों और प्रावधानों से अवगत कराना था, ताकि वे अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें और कानूनी जटिलताओं को समझ सकें। कार्यक्रम में बालगृह के बच्चों को बाल श्रम, बाल विवाह और अन्य महत्वपूर्ण कानूनी मुद्दों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान सचिव उत्तम सागर राणा ने बताया कि यह जागरूकता अभियान 90 दिनों तक चलेगा, जिसमें जिले के सभी प्रखंडों और पंचायतों में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स, बाल श्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से बाल श्रम, बाल विवाह और स्पॉन्सरशिप योजनाओं से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में शिक्षा देना और उन्हें सुरक्षित व स्वस्थ जीवन जीने के लिए कानूनी मार्गदर्शन प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान स्थाई लोक अदालत की सदस्य काजल कुमारी, लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल के अंकित कुमार सिंह, अधिवक्ता नेहा पांडे और पारा लीगल वॉलिंटियर्स भी उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों को कानूनी प्रावधानों के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी और यह बताया कि किस प्रकार वे अपने अधिकारों की रक्षा कर सकते हैं। साथ ही, उन्होंने बाल श्रम और बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाने का आह्वान किया, जिससे इन सामाजिक कुरीतियों को खत्म किया जा सके। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को यह संदेश दिया गया कि वे किसी भी प्रकार की शोषण या असामान्य स्थिति का सामना करने पर कानूनी मदद ले सकते हैं। साथ ही, बाल श्रम और बाल विवाह जैसे गंभीर मुद्दों से बचने के लिए उन्हें अपनी शिक्षा और जीवन की दिशा को समझने की जरूरत है। यह जागरूकता अभियान जिले के हर कोने तक पहुंचाने का लक्ष्य रखता है, ताकि प्रत्येक बच्चा जान सके कि उसे कौन-कौन से कानूनी अधिकार प्राप्त हैं और वह अपने जीवन में बेहतर बदलाव ला सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों, स्वयंसेवी संगठनों और कानूनी विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

डीसी ने की भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक

निज संवाददाता | गोड्डा

समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में मंगलवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले में चल रही विभिन्न परियोजनाओं, विशेषकर रेलवे, एनटीपीसी और एनएच-133 के तहत भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन किया जाए और बाकी कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उपायुक्त ने विशेष रूप से एनटीपीसी की परियोजनाओं के भू-अर्जन कार्यों की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों से कहा कि उन्हें जल्द से जल्द कार्यों को समाप्त करने के लिए अपने प्रयासों को तेज करना होगा। उन्होंने कहा कि जहां भी मुआवजा राशि उपलब्ध है, वहां रैयतों को शीघ्र मुआवजा वितरण किया जाए ताकि किसी प्रकार की शिकायतों का सामना न करना पड़े। इसके अलावा, उन्होंने एनएच-133 के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं का समाधान तुरंत करें। बैठक में उपायुक्त ने यह भी कहा कि जिन परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण के बाद संबंधित ग्रामीणों या व्यक्तियों को मुआवजा नहीं मिला है, उनके मामलों को प्राथमिकता से निपटाया जाए। साथ ही, एनएचएआई के अधिकारियों से कहा कि वे एनएच-133 के निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें।

यदि कोई व्यक्ति सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहा है, तो उसके खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए और उसे उचित कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़े। इस मौके पर बैठक में उपस्थित अपर समाहर्ता गोड्डा, प्रेमलता टुडू ने भी संबंधित अधिकारियों से कार्यों में गति लाने की अपील की और कहा कि समय पर और प्रभावी कार्रवाई से ही इन परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सकता है। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रितेश जयसवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे भूमि अधिग्रहण और मुआवजा वितरण के कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखें और सभी दस्तावेजों की समीक्षा कर सुनिश्चित करें कि कोई भी प्रभावित व्यक्ति वंचित न रहे। बैठक में एनएच के अधिकारियों के साथ-साथ अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं के प्रगति पर चर्चा की और कार्य में आ रही चुनौतियों को साझा किया। उपायुक्त ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने की सलाह दी, ताकि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण हो सकें।

झारखंड राज्य पेंशनर समाज ने धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय पेंशनर्स डे

निज संवाददाता | दुमका

झारखंड राज्य पेंशनर समाज ने मंगलवार को अपने कार्यालय में धूमधाम से राष्ट्रीय पेंशन दिवस मनाया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत ठाकुर की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक और विशिष्ट अतिथि भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक वीरेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर किया गया। समाज के सचिव तारणि प्रसाद कामत ने स्वागत भाषण में बताया कि इस दिन को विशेष रूप से मनाना जाता है क्योंकि इसी दिन सुप्रीम कोर्ट ने पेंशनरों के लिए पेंशन सुविधा का प्रावधान किया था। उन्होंने केंद्र सरकार से पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू करने की अपील की। मुख्य अतिथि ने भारतीय स्टेट बैंक द्वारा पेंशनरों के लिए की जा रही सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि एसबीआई हमेशा पेंशनरों की भलाई के लिए तत्पर है। अब पेंशनर्स एसबीआई पेंशनर पोर्टल के माध्यम से घर बैठे लोन और अन्य सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र कुमार ने समाज को पेंशनरों के जीवन प्रमाणन में सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में भी इसी तरह के सहयोग की उम्मीद जताई। कार्यक्रम में एसबीआई के कुणाल कांति सिन्हा, राम सुंदर पांडेय, नीरेन कुजूर के अलावा समाज के प्रमुख सदस्य जैसे जगन्नाथ झा, हीरालाल साह, रामानंद मिश्र, अरुण झा, श्यामा देवी यादव, माधव कुमार सिंह, बासुदेव प्रसाद आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। मीडिया प्रभारी डॉ. कुंदन झा ने बताया कि इस मौके पर 80 वर्ष से ऊपर के 15 पेंशनरों को भारतीय स्टेट बैंक के सौजन्य से अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित पेंशनरों में महावती हेंब्रम, सुबोध ठाकुर, सविता देवी, दशरथ मंडल, नून मनी मंडल, तारिणी प्रसाद मंडल, देवनारायण मंडल, जगदीश झा, नजीबुल्लाह अंसारी, विष्णु देव प्रसाद, वीरेंद्र कुमार ओंडवार, इग्नेश मुर्मू, जय नाथ मांझी, सुशीला देवी और निर्मला देवी प्रमुख हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समाज के कई सदस्य जैसे परेश चंद्र साहा, बाल किशोर कापरी, सत्यनारायण यादव, पूरन देशवाल, बैद्यनाथ सिंह, मणिकांत लायक, विजय कुमार, गणेश साह, अरविंद मिश्रा, श्रीकांत प्रसाद, भवानी शंकर प्रसाद, सोनेलाल हेमब्रम, चंद्रशेखर मिश्रा, इंजीनियर के एन सिंह, बानेश्वर राय, दुर्गा चौरसिया, शंकर झा, प्रद्युमन शर्मा, जयकरण महतो, राधे मिस्त्री, अब्दुल रशीद, सनातन भूई, अंजनी कुमार सिंह, सीताराम यादव, गोपाल चंद्र झा, के वी झा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। मंच संचालन का कार्य कोषाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र ने किया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों स्त्री-पुरुष पेंशनरों ने भाग लिया और अपनी उपस्थिति से इस आयोजन को सफल बनाया।

विद्यापति सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष व सचिव निर्वाचित

गोड्डा (नि. सं.)। विद्यापति सांस्कृतिक परिषद का त्रिवार्षिक आम चुनाव संपन्न हुआ। सभी पद पर निर्वाचन निर्विरोध एवं आम सहमति से हुआ। नवनिर्वाचित समिति में ज्ञानेंद्र मिश्र अध्यक्ष, डॉ० वंशीधर मिश्रा सचिव तथा निश्चल ठाकुर कोषाध्यक्ष बने। कार्यकारिणी सदस्य के पद पर नरेंद्र मिश्रा, डॉ० बिमल कुमार पाठक, कुंदन कुमार झा, पिंटू कुमार झा, दिलीप कुमार झा एवं सुधीर ठाकुर चुने गए।

नई रेल लाइन सर्वे को ले ग्रामीणों ने किया विरोध

निज संवाददाता | गोड्डा

जिले के मेहरमा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मेहरमा के कई गांवों के ग्रामीणों ने नई रेल लाइन सर्वे को लेकर बीते दिन विरोध जुलूस निकाला। यह विरोध जुलूस सिद्धू-कान्हू चौक से निकलकर प्रखंड कार्यालय मेहरमा पहुंची। जहां ग्रामीणों के द्वारा अनिश्चितकालीन तीन दिवसीय हड़ताल किया जाएगा। वहीं झारखंड राज्य किसान महासभा के अशोक साह ने कहा कि रेल मंत्रालय का कार्य उजाड़ना नहीं, बल्कि बसाना।

नई रेल लाइन सर्वे को लेकर गरीब ग्रामीणों का घर जाने से वह गांव से बेघर हो जायेंगे। जहां शंकरपुर के स्थानीय निवासी प्रभाष कुमार सिन्हा ने कहा नई रेल लाइन सर्वे से हम सभी कई गांवों के ग्रामीणों को क्षति हो रही है। कई गांवों के लोग बेघर हो जायेंगे, उनके पास रहने के लिए जमीन सिर्फ घर के जगह के लिए है। बाहरी क्षेत्र में उनके पास खेत और घर बनाने के लिए जमीन नहीं है। इसको लेकर हम सभी रेल मंत्रालय से पुराने सर्वे पर रेल लाइन बिछाने का मांग करते हैं, ताकि हम सभी गरीबों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता मो० राशिद राजा उर्फ डब्लू, सीपीआईएम जिला सचिव रघुबीर मंडल, मो० मकसूद, शशि कुमार सिन्हा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

गोड्डा को बेस्ट रेसलिंग एसोसिएशन अवार्ड मिलने पर कुश्ती संघ ने जताई खुशी

निज संवाददाता | दुमका

झारखंड राज्य कुश्ती संघ का रांची में संपन्न वार्षिक आम सभा एवं स्थापना के रजत जयंती समारोह के दौरान गोड्डा जिला कुश्ती संघ को बेस्ट रेसलिंग एसोसिएशन का अवार्ड दिया गया। रांची के होटल पार्क प्राइम में आयोजित सम्मान समारोह में पुरस्कार के तहत गोड्डा जिला कुश्ती संघ के सचिव सुरजीत झा को हॉकी इंडिया के महासचिव एवं झारखंड कुश्ती के भीष्म पितामह भोला नाथ सिंह तथा झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार द्वारा ट्रॉफी, अंगवस्त्र एवं दस हजार की नकद राशि से पुरस्कृत किया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए संघ के उपाध्यक्ष अखिल कुमार झा ने बताया कि यह दूसरा अवसर है जब गोड्डा जिला कुश्ती संघ को बेस्ट एसोसिएशन अवार्ड प्रदान किया गया। इसके पूर्व 2022 में यह सम्मान गोड्डा को मिला था।

श्री झा ने बताया कि सम्मान प्राप्त कर गोड्डा लौटने पर संघ द्वारा सोमवार रात स्थानीय बस स्टैंड में सचिव सुरजीत झा का गर्म जोश स्वागत - अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों में मनोज कुमार पप्पु, आशुतोष झा, मुकेश चौधरी उर्फ बंटी चौधरी, ऋषितोष झा, दया शंकर, पंकज यादव, प्रीतम झा, मुकेश भारती, मनीष चौधरी, प्रदीप झा, नितेश झा उर्फ सोनू झा एवं निकेश झा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी गणमान्य उपस्थित थे। सबों ने श्री झा का स्वागत फूल माला एवं बुके से किया तथा इसे जिला की बहुत बड़ी उपलब्धि बताया।

भगैया सप्ताहिक हाट से बाईक उड़ा अज्ञात चोर

मेहरमा (नि.सं.)। स्थानीय थाना क्षेत्रों में इन दिनों बाइक चोरी की घटनाएं सिलसिलेवार रूप से बढ़ गई हैं, जिससे क्षेत्रीय लोग अपनी वाहनों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हो गए हैं। एक ओर जहां मेहरमा थाना क्षेत्र में बाइक चोरी का आरोपी पकड़ा नहीं जा सका है, वहीं दूसरी ओर मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र में भी एक और बाइक चोरी की घटना सामने आई है। मंगलवार शाम को मेहरमा थाना क्षेत्र के मानिकपुर पंचायत स्थित भगैया सप्ताहिक हाट से टीभीएस कंपनी का अपाची मोटरसाइकिल, जिसका निबंधन संख्या जेएच 17 डब्लू 9641 था, चोरी हो गया। पीड़ित ने घटना की सूचना मेहरमा थाना प्रभारी को मोबाइल फोन के जरिए दी, लेकिन तब तक चोर फरार हो चुके थे। इसी प्रकार की एक और घटना मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के माथाडीह गांव में हुई, जहां संजय कुमार साह नामक मोटरसाइकिल मालिक ने बताया कि वह अपनी मोटरसाइकिल को लेकर काफी तलाश किए, लेकिन उसे कोई सुराग नहीं मिल सका।

नाबालिग का अपरहण व दुष्कर्म करने के आरोपित को सश्रम कारावास व 50 हजार रुपये का जुर्माना

निज संवाददाता | गोड्डा

विशेष न्यायाधीश पोक्सो सह जिला जज प्रथम पवन कुमार के न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में मेहरमा थाना क्षेत्र के डोय गांव निवासी शशि कुमार मंडल को नाबालिग का अपरहण करने और उसके साथ दुष्कर्म करने का दोषी पाया। न्यायालय ने शशि कुमार मंडल को पोक्सो एक्ट की धारा 4(1) के तहत 12 वर्ष सश्रम कारावास और 50,000 रूपये जुर्माना की सजा सुनाई। यदि वह जुर्माना अदा नहीं करता है, तो उसे एक वर्ष की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। इसके अतिरिक्त, भारतीय दंड संहिता की धारा 366 (अपरहण) के तहत भी उसे दोषी पाया गया और पांच वर्ष सश्रम कारावास तथा 10,000 रूपये जुर्माना की सजा सुनाई गई। जुर्माने की राशि अदा न करने पर छह माह अतिरिक्त सजा का प्रावधान किया गया है। ये दोनों सजाएं साथ-साथ लागू होंगी। जुर्माने की राशि पीड़िता के पुनर्वास के लिए भुगतान की जाएगी। वहीं, पीड़िता के पुनर्वास और आर्थिक सहायता के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण, गोड्डा को अग्रसारित किया गया, ताकि उसे त्वरित और उचित सहायता मिल सके। इस निर्णय की एक प्रति गोड्डा के सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजी गई, ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सके। अभियोजन पक्ष ने इस मामले में न्यायालय के समक्ष कुल 11 गवाहों का परीक्षण कराया, और उनके द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों ने आरोपित के खिलाफ ठोस आधार तैयार किया। उभय पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने इसे गंभीर अपराध मानते हुए आरोपित को 12 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। यह मामला 31 दिसंबर 2012 का है, जब पीड़िता, जो उस समय एक नाबालिग लड़की थी, अपने घर से बकरी चराने के लिए सड़क की ओर जा रही थी। उसी समय आरोपित शशि कुमार मंडल एक हाइवा गाड़ी लेकर आया और उसे जबरन खींच कर अपने साथ ले गया। शशि कुमार ने पीड़िता को मिर्जाचौकी ले जाकर तीन दिनों तक गाड़ी में बंद रखा और इस दौरान उसके साथ लगातार दुष्कर्म किया। आरोपित ने पीड़िता को धमकी भी दी कि अगर उसने इस बारे में किसी को बताया तो वह उसे गोली मार देगा। तीन दिन बाद, शशि कुमार ने पीड़िता को बाराहाट के पास छोड़ दिया और वहां से भाग गया। पीड़िता के पिता ने इस जघन्य अपराध की शिकायत मेहरमा थाना में दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया। मामले की गहन जांच-पड़ताल के बाद अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोर्ट में चार्जशीट दायर की गई। अभियोजन पक्ष ने मामले को मजबूती से प्रस्तुत किया और न्यायालय में गवाहों के बयान, शारीरिक प्रमाण और अन्य साक्ष्य पेश किए। जांच और सुनवाई के बाद, न्यायालय ने शशि कुमार मंडल को दोषी पाया और उसे कड़ी सजा सुनाई, जो कि न सिर्फ इस अपराध के प्रति कड़ी चेतावनी है, बल्कि पीड़िता को न्याय मिलने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। पीड़िता को अब विधिक सेवा प्राधिकरण से पुनर्वास और आर्थिक सहायता मिल सकेगी, जिससे उसे मानसिक और सामाजिक पुनर्निर्माण में मदद मिलेगी। इस निर्णय से समाज में यह संदेश जाता है कि नाबालिगों के साथ होने वाले ऐसे अपराधों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और दोषियों को कठोर सजा दी जाएगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर बीडीओ ने की प्रखंड स्तरीय बैठक

निज संवाददाता | काठीकुंड (दुमका)

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में टीबी मुक्त पंचायत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न पंचायतों के मुखिया और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से सहयोग मांगा गया। यह बैठक विशेष रूप से उन पंचायतों के लिए आयोजित की गई थी, जिन्हें टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। बैठक में बीडीओ ने सभी पंचायतों के मुखिया को निर्देशित किया कि वे टीबी के लक्षण वाले संभावित व्यक्तियों की पहचान करें और उनकी स्क्रीनिंग कराई जाए। इसके लिए बलगम के सैंपल एकत्र किए जाएं, जिनकी समय पर जांच की जानी चाहिए। साथ ही, उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने की बात कही कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता, एलटी (लैब टेक्नीशियन) द्वारा बलगम के सैंपल की जांच में कोई देरी न हो। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार ने टीबी मुक्त पंचायत बनाने के उद्देश्य से तेलियाचक और आस्तजोडा पंचायत में विशेष जांच शिविर आयोजित करने की योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस शिविर के माध्यम से इन पंचायतों के संबंधित सीएचओ, एएनएम, सहिया और सहिया साथी के सहयोग से स्क्रीनिंग की जाएगी और सभी संभावित व्यक्तियों के बलगम सैंपल एकत्र किए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इन शिविरों का लक्ष्य कुल आबादी का तीन प्रतिशत से ज्यादा सैंपल संग्रह करना है, ताकि किसी भी संभावित टीबी रोगी को समय रहते पहचान कर उसका इलाज शुरू किया जा सके। पिरामल स्वास्थ्य से जिला प्रतिनिधि कृष्ण कुमार पोद्दार ने बैठक में चर्चा करते हुए बताया कि टीबी मुक्त पंचायत बनाने के लिए कुल छह प्रमुख इंडिकेटर हैं। इनमें से एक प्रमुख इंडिकेटर है कि चयनित पंचायतों के सभी गांवों से संभावित व्यक्तियों का स्क्रीनिंग किया जाए और उनकी पहचान की जाए। इसके अलावा, उन्होंने यह भी बताया कि यदि कोई व्यक्ति टीबी पॉजिटिव पाया जाता है, तो उसे निश्चय मित्रों की मदद से उपचार की प्रक्रिया में मदद दी जाएगी। सभी उपस्थित अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को यह भी बताया गया कि निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी रोगियों को पोषण सहायता दी जाती है, ताकि उनके स्वास्थ्य में सुधार हो और वे शीघ्र ठीक हो सकें। वरिष्ठ यक्ष्मा पर्यवेक्षक अभिजीत दास ने इस योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि इस योजना का लाभ टीबी रोगियों को समय पर मिलना चाहिए। बैठक में मुखिया शांतिलता मुर्मू और रामेश्वर मोहली ने भी अपने विचार व्यक्त किए और टीबी मुक्त पंचायत बनाने के लिए पूरी तरह से सहयोग देने की बात की। बीपीएम संदीप मुर्मू, सीएचओ स्वेता कुमारी, एएनएम संतोषनी टुडू और उज्ज्वल सोरेन सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने भी इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में समर्पण के साथ काम करने का संकल्प लिया। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे और टीबी के मामलों की पहचान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा, ताकि क्षेत्र में टीबी मुक्त माहौल बनाया जा सके और लोगों को इस घातक बीमारी से बचाया जा सके।

बीडीओ ने की बैंकर्स के साथ बैठक

निज संवाददाता | रानीश्वर (दुमका)

प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने मंगलवार को प्रखंड सभागार में बैंकर्स के साथ बैठक की। लीड बैंक अधिकारी दुमका के उपस्थिति में विभिन्न बैंक के शाखा प्रबंधक एवं विभिन्न विभाग के पदाधिकारी व कर्मियों के साथ बी एल बी सी की समीक्षा हुई। समीक्षा के दौरान जे एस एल पी एस से फर्स्ट लिंकेज सी सी एल, मुद्रा लोन उद्योग विभाग से पीएमएफएमई, पी एम ई जी पी, कृषि विभाग से के सी सी ऋण, के सी सी ऋण माफी योजना को लेकर चर्चा हुई| जिसमे प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सभी बैंक के योग्य आवेदकों को शीघ्र ऋण देने का निदेश दिया गया। बीडीओ ने सभी शाखा प्रबंधक को अबुआ आवास योजना के लाभुकों की सूची उपलब्ध करा कर जिन लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि बैक खाता एवं आधार लिंक के कारण नहीं हुई हैं उन लाभुकों को भुगतान हेतु शीघ्र निराकरण करने कहा। बैठक में प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड समन्वय उद्योग विभाग एवं बी पी एम जे एस एल पी एस मोजूद थे।

सरायकेला-खरसावां पुलिस ने चोरी की 70 बाइक की बरामद, चार अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता | जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)

सरायकेला-खरसावां पुलिस ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतरजिला बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार कर 70 चोरी की बाइक बरामद की हैं। यह गिरोह पहले भी चोरी की मोटरसाइकिलों को लेकर पुलिस के रडार पर था। इससे पहले अगस्त 2022 में जमशेदपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में 67 चोरी की बाइक बरामद की गई थीं। पुलिस की यह कार्यवाही इस गिरोह के खात्मे की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है। एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए अपराधियों की पहचान शंकर माझी उर्फ संदीप, भूषण मछुआ, शिव मुंडा उर्फ शिबू मुंडा और मंगल मुंडा के रूप में की गई है। एसपी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि तमाड़ थाना क्षेत्र के तीन बाइक चोर कुचाई बाजार में चोरी की योजना बना रहे हैं। इस सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एसआईटी (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम) ने त्वरित कार्रवाई की और शंकर माझी और भूषण मछुआ को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद, शिव मुंडा और मंगल मुंडा की गिरफ्तारी भी सुनिश्चित की गई, जो बाइक चुराने और उसे बेचने में सक्रिय रूप से शामिल थे। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि वे सरायकेला, रांची, चाईबासा, खूंटी और जमशेदपुर के हाट-बाजारों, मेले और प्रमुख सार्वजनिक स्थानों से मोटरसाइकिलों की चोरी किया करते थे। इसके बाद, चोरी की इन बाइक को वे शिव मुंडा और मंगल मुंडा के हवाले कर देते थे, जो इन बाइक को ग्रामीण क्षेत्रों में बेचने का काम करते थे। बाइक को बेचते समय वे ग्राहकों से यह कहते थे कि कागजात बाद में मुहैया कराए जाएंगे, ताकि उनकी चोरी की बाइक पर किसी तरह का शक न हो। इस तरह से बाइक चोर गिरोह ने बड़ी संख्या में चोरी की मोटरसाइकिलों को बेचा और इससे उनकी अवैध कमाई हुई। पुलिस को इस गिरोह के खिलाफ मिली जानकारी के आधार पर छापेमारी करते हुए कुल 70 चोरी की बाइक बरामद की गईं। इनमें से 30 बाइक अपराधियों के ठिकानों से बरामद की गईं, जबकि बाकी बाइक छापेमारी के दौरान विभिन्न स्थानों से जप्त की गईं। पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई उनकी लगातार निगरानी और गुप्त सूचनाओं के आधार पर की गई है। एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि इस बरामदगी के बाद अब सरायकेला, रांची, जमशेदपुर, चाईबासा और खूंटी जिलों में हुई चोरी की मोटरसाइकिलों के 25 मामलों का खुलासा हो चुका है। पुलिस अब इन मामलों के संबंधित सत्यापन में जुटी हुई है और आशा जताई जा रही है कि आगे आने वाले समय में इस गिरोह के अन्य अपराध भी उजागर होंगे। उन्होंने बताया कि जिन बाइक का सत्यापन अभी बाकी है, उनकी जांच की जा रही है और उम्मीद है कि कई और चोरी के मामलों को सुलझाने में सफलता मिलेगी। यह सफलता पुलिस प्रशासन के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है, क्योंकि बाइक चोर गिरोह पिछले काफी समय से इलाके में सक्रिय था और पुलिस के लिए यह एक गंभीर चुनौती था। एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने इस सफलता के लिए अपनी टीम की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्रवाई पुलिस की तत्परता और गुप्त सूचना पर आधारित एक सटीक रणनीति का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि अब पुलिस की प्राथमिकता इस गिरोह के अन्य सदस्यों को पकड़ने और इस नेटवर्क को पूरी तरह से नष्ट करने की है। इससे यह साफ होता है कि पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय है और समाज में व्याप्त विभिन्न प्रकार के अपराधों को समाप्त करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने अंचल कार्यालय के सभागार में डीलरों के साथ की बैठक

निज संवाददाता | रानीश्वर (दुमका)

अंचल अधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संदा नुसरत ने अंचल कार्यालय के सभागार में पीडीएस (पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम) डीलरों के साथ बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पीडीएस वितरण प्रणाली को बेहतर और अधिक पारदर्शी बनाना था, ताकि कार्डधारियों को समय पर और बिना किसी कठिनाई के अनाज मुहैया कराया जा सके। बैठक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संदा नुसरत ने सभी डीलरों को सख्त आदेश दिए कि वे 31 दिसंबर तक सभी कार्डधारियों का ई-केवाईसी (E-KYC) करवा लें, ताकि किसी भी कार्डधारी को अनाज वितरण में कोई समस्या न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि बिना अनाज के कोई भी व्यक्ति नहीं रहेगा, और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि हर कार्डधारी को उनका हक समय पर मिले। इसके अलावा, आदिम जनजाति पहाड़िया लाभुकों के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए। उन्होंने कहा कि पहाड़िया समुदाय के लाभुकों को डोर स्टेप डिलीवरी के माध्यम से अनाज वितरण किया जाएगा, ताकि इन इलाकों में रहने वाले लोग भी आसानी से अपनी खाद्य सामग्री प्राप्त कर सकें। इस कार्य को सुनिश्चित करने के लिए सहायक गोदाम प्रबंधक को आदेश दिए गए हैं, और यह निर्देश दिया गया कि वितरण प्रक्रिया में कोई भी रुकावट न आए। बैठक में सभी पीडीएस डीलर और सहायक गोदाम प्रबंधक विश्वनाथ सिंह उपस्थित थे। डीलरों ने बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया और साथ ही कुछ समस्याओं को भी साझा किया, जिनका समाधान जल्द ही किए जाने की उम्मीद जताई गई। यह बैठक प्रखंड प्रशासन की ओर से चल रही योजनाओं और वितरण प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के प्रयासों का हिस्सा थी, ताकि स्थानीय लोगों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके।

आज शिकायतों के समाधान को लेकर पुलिस आयोजित करेगा कार्यक्रम

दुमका (नि.सं.)। जिले की पुलिस ने बुधवार को जन समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की है। यह कार्यक्रम दुमका के इंडोर स्टेडियम में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नगर थाना, मुफ्फसिल थाना, दिग्घी ओपी, काठीकुंड थाना, गोपीकांदर थाना, मसानजोर थाना, मसलिया थाना, और टोंगरा थाना से संबंधित शिकायतों का समाधान करना है। पुलिस ने अपील की है कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की शिकायत, समस्या, या सूचना हो, तो वे इस अवसर का लाभ उठाएं। जिन नागरिकों को कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने में कोई कठिनाई हो, वे जनशिकायत समाधान कोषांग के व्हाट्सएप नंबर 9479590235 या पुलिस अधीक्षक दुमका के ईमेल आईडी (sp-dumka@jhpolice.gov.in) पर अपनी शिकायतें भेज सकते हैं।

परीक्षा केंद्र गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में स्नातक सेमेस्टर-5 की परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण संचालित

निज संवाददाता | छतरपुर (पलामू)

छतरपुर अनुमंडल स्थित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में स्नातक सत्र 2021-24, सेमेस्टर 5 और बैकलॉग की परीक्षा कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में संचालित हो रही है। यह परीक्षा नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जा रही है, जो 12 दिसंबर 2024 से प्रारंभ होकर दोनों पालियों में व्यवस्थित रूप से चल रही है। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु परीक्षा नियंत्रक प्रो. अमित कुमार सिंह को कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन के लिए विशेष दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं। केंद्राधीक्षक एवं प्रभारी प्राचार्य प्रो. राजकिशोर लाल ने बताया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, नकल या अन्य किसी कदाचारपूर्ण गतिविधि को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्रों को यह स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा के दौरान अनुशासन का पालन करें और किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधि में शामिल न हों। उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षा के संचालन में किसी भी तरह की व्यवधान उत्पन्न करने वाले छात्रों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रो. राजकिशोर लाल ने यह भी कहा कि इस बार कॉलेज प्रशासन ने कदाचार मुक्त परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किए हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र में परीक्षाओं के संचालन को लेकर पुलिस प्रशासन और मजिस्ट्रेट की कड़ी निगरानी की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, कॉलेज के कर्मचारियों और सुरक्षा गार्ड्स का भी पूरा सहयोग मिल रहा है, जिससे सभी परीक्षा कक्षों में अनुशासन बनाए रखा जा रहा है। प्रो. राजकिशोर लाल ने कहा कि केंद्र पर सभी परीक्षा कर्मी पूरी तत्परता से काम कर रहे हैं ताकि छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और परीक्षा का माहौल पूरी तरह से शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त बना रहे। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय और कॉलेज प्रशासन का प्रमुख उद्देश्य छात्रों को एक ऐसा वातावरण प्रदान करना है, जहां वे अपनी वास्तविक क्षमता का पूरी तरह से प्रदर्शन कर सकें और परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकें। परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन को लेकर पूरे कॉलेज और परीक्षा केंद्र के कर्मी पूरी तरह से समर्पित हैं। इस समय परीक्षा केंद्र पर पुलिस और प्रशासन की कड़ी निगरानी के साथ-साथ कॉलेज प्रशासन के कर्मचारियों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी अव्यवस्था या कदाचार परीक्षा के रास्ते में न आए। प्रो. राजकिशोर ने अंत में यह कहा कि भविष्य में भी गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज प्रशासन और विश्वविद्यालय की ओर से कदाचार मुक्त और व्यवस्थित परीक्षा का संचालन जारी रहेगा, ताकि छात्रों को एक बेहतर और निष्पक्ष परीक्षा का अनुभव हो सके।

अवैध चावल व्यापार और मिलावटी चावल की आपूर्ति पर कड़ी कार्रवाई

प्रशासन ने राइस मिल को किया सील, ट्रक और चावल जब्त

निज संवाददाता | जामताड़ा



जामताड़ा जिले में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां जिला प्रशासन की टीम को एक राइस मिल में चावल के बोरे पर "रिपब्लिक ऑफ बांग्लादेश" लिखा हुआ मिला। इसके बाद, प्रशासन ने उक्त राइस मिल को सील कर दिया और वहां से मिले चावल और ट्रक को जब्त कर लिया। यह घटना मंगलवार को बेना स्थित रामेश्वरम राइस मिल में सामने आई, जहां बांग्लादेश के बोरे में चावल पैक किए जा रहे थे। जिला प्रशासन को सूचना मिली कि रामेश्वरम राइस मिल में अवैध रूप से बांग्लादेश के बोरे में चावल पैक किया जा रहा है। इस सूचना पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजशेखर, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अबिश्वर मुर्मू और भारी पुलिस बल की टीम ने मिल पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान, प्रशासन ने वहां से चावल के बोरे बरामद किए, जिन पर "रिपब्लिक ऑफ बांग्लादेश" लिखा हुआ था। इस चावल को पैक किया जा रहा था और इसका अवैध व्यापार चल रहा था। मिल को सील करने के बाद, पुलिस ने एक ट्रक भी जब्त किया है, जो चोरी-छिपे इन चावलों की आपूर्ति में शामिल था। जिला प्रशासन का यह कदम अवैध चावल के व्यापार पर कड़ी नजर रखने और स्थानीय बाजार में मिलावटी चावल की आपूर्ति को रोकने के लिए उठाया गया था। प्रशासन ने चावल के अवैध परिवहन और मिलावटी चावल की बिक्री की रोकथाम के लिए यह छापेमारी की। इस पूरे मामले को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और राइस मिल के मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। रामेश्वरम राइस मिल के मालिक संजय परशुराम ने कहा कि बर्धमान, पश्चिम बंगाल के एक व्यापारी ने उन्हें बांग्लादेश भेजने के लिए चावल पैक करने के लिए यह बोरे दिए थे। संजय परशुराम का सवाल था, "क्या बांग्लादेश चावल भेजना अपराध है?" हालांकि, प्रशासन ने इसे अवैध माना और मिल को सील कर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि मील में अब भी कई क्विंटल धान और चावल पड़े हैं, जो सील किए जाने के बाद नष्ट हो जाएंगे। जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजशेखर ने बताया कि प्रशासन ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि चावल के बांग्लादेश के बोरे में पैक होने के कारण मिल को सील किया गया है और मामले की गहराई से जांच की जा रही है। इस प्रकार की कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य स्थानीय बाजार में अवैध चावल की आपूर्ति और मिलावटी चावल के व्यापार को रोकना है। जिला प्रशासन ने यह भी कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए भविष्य में और कड़ी निगरानी रखी जाएगी। मिलों और चावल के कारोबार में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन और पुलिस द्वारा सख्त कदम उठाए जाएंगे। इस मामले में जांच पूरी होने के बाद, दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी और स्थानीय बाजार में इस प्रकार की अनैतिक गतिविधियों को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई जाएगी। जामताड़ा में प्रशासन द्वारा की गई यह कार्रवाई इस बात का संकेत है कि अवैध चावल व्यापार और मिलावटी चावल की आपूर्ति पर प्रशासन की कड़ी निगरानी है। बांग्लादेश से चावल का अवैध आयात और स्थानीय मिलों में उसे पैक कर बेचना न केवल कानून के खिलाफ है, बल्कि यह खाद्य सुरक्षा के लिए भी एक बड़ा खतरा है। प्रशासन ने इस मामले में त्वरित और सख्त कार्रवाई कर यह सुनिश्चित किया है कि चावल की अवैध आपूर्ति को पूरी तरह से रोका जाए।

छात्र ने कुएं में कूद कर की आत्महत्या

हंसडीहा (दुमका) (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के छोटी रणबहियार पंचायत स्थित पंडुवा गांव में एक नौवीं क्लास का छात्र ने सोमवार की देर शाम कुएं में कूद कर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मोहन राय के रूप में की गई है, जो अपने नाना-नानी के घर रह रहा था। किशोर का मूल घर रामगढ़ थाना क्षेत्र के फुलजोरा गांव में था। जानकारी के अनुसार, मोहन राय का घर में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद वह गहरे मानसिक तनाव में आ गया और आवेश में आकर कुएं में कूद कर अपनी जान दे दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचित किया, और हंसडीहा थाना प्रभारी प्रकाश कुमार ने मामले की जानकारी दी। प्रभारी ने बताया कि किशोर की मौत का वास्तविक कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है, और घटनास्थल से प्राप्त जानकारी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

रिलायंस क्रिकेट क्लब ने स्वामी विवेकानंद क्रिकेट क्लब को 7 विकेट से किया पराजित

निज संवाददाता | गोड्डा

जिले में क्रिकेट प्रेमियों के बीच ए डिवीजन क्रिकेट लीग को लेकर उत्साह बना हुआ है। इसी क्रम में गांधी मैदान में जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित मैच में रिलायंस क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वामी विवेकानंद क्रिकेट क्लब को 7 विकेट से पराजित किया। इस मैच में जहां एक ओर स्वामी विवेकानंद क्रिकेट क्लब की बल्लेबाजी संघर्ष करती दिखी, वहीं रिलायंस क्रिकेट क्लब ने अपनी मजबूत बल्लेबाजी और गेंदबाजी से मुकाबला जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्वामी विवेकानंद क्रिकेट क्लब की टीम ने निर्धारित 35 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 135 रनों का स्कोर खड़ा किया। उनकी बल्लेबाजी में सागर कुमार ने 34 रन और रौशन कुमार ने 37 रनों की पारी खेली। हालांकि, टीम के बाकी बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके और टीम को एक चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाने में असफल रहे। रिलायंस क्रिकेट क्लब की गेंदबाजी ने मैच को अपनी पकड़ में ले लिया। सिद्धार्थ कुमार ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके, वहीं सौरव मांझी ने 2 विकेट लेकर विपक्षी टीम को दबाव में डाल दिया।

इसके बाद भी स्वामी विवेकानंद क्रिकेट क्लब का स्कोर 135 रनों तक ही सीमित रहा, जो कि आसानी से प्राप्त किया जा सकता था। जवाब में रिलायंस क्रिकेट क्लब ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 26 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 8 विकेट से मैच जीत लिया। उनकी तरफ से सौरव सुमन ने 47 रन और आयुष कुमार ने 40 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों ने मैच के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की। स्वामी विवेकानंद क्रिकेट क्लब की गेंदबाजी में नीरज और रौशन ने एक-एक विकेट लिया, लेकिन वे अपनी टीम को मैच में वापसी दिलाने में नाकाम रहे। रिलायंस क्रिकेट क्लब ने 135 रनों का लक्ष्य बड़ी आसानी से हासिल कर लिया और एक मजबूत जीत हासिल की। इस शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सिद्धार्थ कुमार को दिया गया। यह पुरस्कार उन्हें जिला क्रिकेट संघ के सदस्य विजय राय के द्वारा प्रदान किया गया।

पांच सूत्री मांग को लेकर सिविल सर्जन से मिला चिकित्सा संघ का शिष्ट मंडल

निज संवाददाता | पाकुड़

दुमका : मंगलवार को चिकित्सा संघ दुमका का एक शिष्ट मंडल सिविल सर्जन से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुलाकात कर अपनी 5 सूत्री मांगों को लेकर वार्ता की। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई, जिनमें मुख्य रूप से बी पी एच यू के तहत कर्मियों के बकाया भुगतान, अटल मुहल्ला क्लीनिक के कर्मियों का समय पर मानदेय, आउटसोर्सिंग कर्मियों का वेतन, और पीएफ खाता में कटौती की गई राशि का जमा करने का मुद्दा शामिल था। चिकित्सा संघ के शिष्ट मंडल ने सिविल सर्जन से यह निवेदन किया कि बी पी एच यू के तहत काम करने वाले कर्मियों को जल्द से जल्द उनका बकाया वेतन भुगतान किया जाए। इसके अलावा, अटल मुहल्ला क्लीनिक के कर्मियों का मानदेय भी समय पर दिया जाए, ताकि उन्हें अपनी मेहनत का उचित भुगतान मिल सके।

संघ ने यह भी मांग की कि आउटसोर्सिंग कर्मियों को समय पर वेतन दिया जाए और उनके पीएफ खाते में की गई कटौती की राशि को सही तरीके से जमा किया जाए। शिष्ट मंडल ने श्रीकुमार मिश्र के बकाया वेतन के बारे में भी सिविल सर्जन से जानकारी ली और इसे शीघ्र भुगतान करने का अनुरोध किया। इस बैठक में चिकित्सा संघ के अध्यक्ष तपन कुमार ठाकुर, जिला सचिव कैलाश प्रसाद साह, जिला कोषाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, जिला मीडिया प्रभारी सच्चिदानंद सोरेन, और प्रखंड सचिव मनोज कुमार शामिल थे। सिविल सर्जन ने इन मुद्दों पर गहरी चिंता जताई और संबंधित विभागों से इन मामलों का समाधान शीघ्र करने का आश्वासन दिया। यह बैठक चिकित्सा संघ और सिविल सर्जन के बीच अच्छे कार्य संबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी, ताकि जिले में चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में बेहतर सुधार हो सके।

जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

जरमुंडी (नि.सं.)। जरमुंडी के स्थानीय बाल भारती विद्यालय में मंगलवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार सिंह के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा तम्बाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जरमुंडी के दंत चिकित्सा पदाधिकारी डा. अश्विनी अरमान, दंत सहायक मुनमुन रक्षित एवं प्रखंड एनटीसी नोडल आनन्द कुमार झा ने बच्चों को तम्बाकू उत्पाद से दूर रहने की सलाह देते हुए उससे होने वाले जानलेवा दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। बच्चों के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता भी करायी गयी। प्रथम स्थान अंकिता कुमारी, द्वितीय स्थान प्रियोश्री चटर्जी एवं तृतीय स्थान प्रियांशु राज ने प्राप्त किया।

19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक जिले में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत लगेगा प्रखंड स्तरीय विशेष शिविर

निज संवाददाता | दुमका

जिले में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत 19 दिसंबर 2024 से 24 दिसंबर 2024 तक प्रखंड स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांवों और कस्बों में सरकारी योजनाओं के लाभ को सीधे आम लोगों तक पहुँचाना है, ताकि शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लोगों तक लाभ पहुँच सके और उन्हें सरकारी सेवाओं का पूरा लाभ मिल सके। कार्यक्रम में जिला प्रशासन द्वारा विशेष ध्यान दिया जाएगा कि सेवाओं के वितरण में कोई गड़बड़ी न हो और लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाई जाए। यह शिविर खासतौर पर उन नागरिकों के लिए आयोजित किए जा रहे हैं, जो विभिन्न सरकारी योजनाओं से अभी तक लाभान्वित नहीं हो पाए हैं, या जिनके पास संबंधित योजनाओं का सही तरीका से जानकारी नहीं है।

इस दौरान सार्वजनिक सेवा वितरण तंत्र के सुधार के साथ-साथ सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न व्यक्तिगत लाभ योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी, ताकि लोगों को इन योजनाओं का लाभ बिना किसी रुकावट के मिल सके। शिविर में सार्वजनिक शिकायतों के निवारण और सेवाओं के वितरण में सुधार पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने इस संबंध में बताया कि इन शिविरों के आयोजन से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी मिले और वे अपनी शिकायतों को आसानी से प्रशासन तक पहुँचा सकें। इसके अलावा, जिला प्रशासन द्वारा यह भी बताया गया कि इस आयोजन के दौरान विशेष रूप से सुशासन सप्ताह के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। सुशासन सप्ताह के तहत विभिन्न गतिविधियाँ जैसे पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान, सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार, और लोगों को प्रशासन की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे इन शिविरों में सक्रिय रूप से भाग लें और शिविर का लाभ उठाएं। साथ ही, वे दूसरों को भी इस अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित करें, ताकि जिले के सभी नागरिकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँच सके और प्रशासन द्वारा दी जाने वाली सेवाओं में कोई भी अवरोध न हो। इन शिविरों के माध्यम से जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा कि जिले भर में शासन की योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन हो और अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

विचार-मंथन

संपादकीय

युद्ध में मारे जा चुके हैं 42 हजार लोग, ज्यादातर देश युद्ध के विरुद्ध

इजराइल और हमास के बीच युद्ध की शुरूआत हुए एक वर्ष से ज्यादा बीत चुके हैं। हमास के हमले के जवाब के नाम पर शुरू हुए इजराइली आक्रमण अब भी जारी हैं और उसके खत्म होने का कोई सिरा फिलहाल नहीं दिख रहा है। यह स्थिति तब भी कायम है जब दुनिया के ज्यादातर देश युद्ध को तुरंत खत्म करने की मांग कर रहे हैं। इस क्रम में बुधवार को भी संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसके तहत गाजा में तत्काल युद्धविराम लागू किए जाने की मांग की गई है। साथ ही हमास और फिलिस्तीनी गुटों की हिरासत में रखे गए बंधकों की रिहाई के लिए भी कदम उठाने को कहा गया है।एक अन्य प्रस्ताव में इजराइल से फिलिस्तानी शरणार्थियों की मदद के लिए संयुक्त राष्ट्र एजंसी पर से प्रतिबंध हटाने की भी मांग की गई है। युद्ध विराम के प्रस्ताव के समर्थन में एक सौ अट्ठावन मत पड़े, जबकि विरोध में केवल नौ मत। जाहिर है, कुछ देशों को छोड़ कर दुनिया के ज्यादातर देश युद्ध के विरुद्ध हैं और ऐसी स्थिति में इजराइल को भी इस पर विचार करने की जरूरत है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अक्तूबर की शुरूआत में इजराइली सीमा के भीतर हमास के हमले में करीब बारह सौ लोगों के मारे जाने के बाद उसके जवाब में इजराइल ने गाजा पर हमला किया था, जिसमें तब से अब तक बयालीस हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इजराइल की दलील अब भी यही है कि वह हमास के आतंकियों का सफाया कर देगा। सवाल है कि जितने लोगों की जान अब तक जा चुकी है, उनमें से कितने वास्तव में हमास या उससे जुड़े आतंकी थे! यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि मारे जाने वालों में गिनती के कुछ को छोड़ दिया जाए तो आमतौर पर सभी गाजा में रहने वाले आम लोग थे, जिनका युद्ध से कोई वास्ता नहीं था। अपने लिए इंसाफ की इच्छा करते और दलील देते हुए इजराइल ने जिस तरह गाजा पर हमले के क्रम में अंतरराष्ट्रीय कानूनों को ताक पर रख कर अस्पतालों और शरण-स्थलों तक को नहीं बख्शा, महिलाओं से लेकर छोटे मासूम बच्चों तक तक मारे गए, उससे यही लग रहा है कि अब इजराइल एकतरफा युद्ध कर रहा है। उसे दुनिया के तमाम देशों सहित संयुक्त राष्ट्र तक की ओर से युद्ध खत्म करने की औपचारिक रूप से की गई मांग पर भी विचार करना जरूरी नहीं लगता। दुनिया में लोकतंत्र के सभी पैरोकार बिना किसी सवाल के यह मानते हैं कि युद्ध किसी समस्या का हल नहीं हो सकता। मगर इसके समांतर से दो या इससे ज्यादा देशों के बीच किसी ऐसे मसले पर युद्ध की शुरूआत हो जाती है जिसे बातचीत के जरिए सुलझाया जा सकता था। इसके बाद होता यही है कि युद्ध में शामिल देशों में होने वाले हमलों में आमतौर पर ऐसे लोग मारे जाते हैं, जिनका युद्ध से कोई लेना-देना नहीं होता। इसमें बच्चों और महिलाओं तक को नहीं छोड़ा जाता। विचित्र यह है कि इस तरह के टकराव में शामिल पक्ष आमतौर पर अपने पक्ष को न्याय और शांति का पैरोकार बताते हैं, जबकि अगर वे खुद युद्ध में शामिल एक पक्ष होते हैं तो उनके हमले में हजारों निर्दोष लोग मारे जाते हैं। गाजा में अब तक जितनी बड़ी तबाही हो चुकी है, वह मानवीयता के खिलाफ एक बड़ी त्रासदी है। इस लिहाज से संयुक्त राष्ट्र में जिस तरह तत्काल युद्ध विराम के समर्थन में दुनिया के ज्यादातर देशों ने मतदान किया, उसके मद्देनजर इजराइल को अब अपने अहं को छोड़ने की जरूरत है।

ग्रेटर इजरायल प्लान क्या है? इसको अमेरिकी समर्थन क्यों हासिल है?

(कमलेश पांडे)

यह बात मैं नहीं कह रहा बल्कि खुद को मानवाधिकार कार्यकर्ता और इतिहासकार बताने वाले क्रेग मरे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 'ग्रेटर इजरायल' को लेकर एक बड़ा दावा किया है, जिससे अरब देशों में सनसनी मच गई है। क्या आपको पता है कि 19वीं सदी में यहूदीवाद (जायोनिज्म) आंदोलन की आधारशिला रखने वाले थियोडोर हर्जेल ने एक ऐसे यहूदी देश की अवधारणा रखी थी, जो अरब के एक बड़े इलाके में फैला हुआ होगा। यदि नहीं तो आपके लिए यह जानना जरूरी है कि यहूदीवाद, यहूदियों का तथा यहूदी संस्कृति का राष्ट्रवादी राजनैतिक आन्दोलन है जो इसराइल के ऐतिहासिक भूभाग में यहूदी देश की पुनर्स्थापना का समर्थन करता है। दरअसल, जायोनिज्म का आरम्भ मध्य एवं पूर्वी यूरोप में 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में हुआ। यह यूरोप के सिमेटिक विरोधी राष्ट्रवादी आन्दोलनों के प्रतिक्रियास्वरूप एक राष्ट्रीय पुनरुज्जीवन आन्दोलन के रूप में शुरू हुआ। यहूदीवाद आंदोलन का मुख्य उद्देश्य है कि फिलिस्तीन में यहूदीकरण तथा यहूदीबाद का विस्तार करना, जिसके लिए इसकी विश्व में बहुत आलोचना हो चुकी है। हालांकि इसके शीघ्र बाद इस आन्दोलन के अधिकांश नेताओं ने फिलिस्तीन के अन्दर अपना देश बनाने का लक्ष्य स्वीकार किया। फिलिस्तीन उस समय उसमानी साम्राज्य के अधीन था। यही वजह है कि समय-समय पर इजरायल में इसे लेकर चर्चाएं होती रही हैं। बहरहाल सारिया में रूस समर्थित बशर अल-असद की क्रूर सत्ता के पतन के बाद अब एक बार फिर से इसकी चर्चा तेज हो गई है। क्योंकि तुर्की के साठगांठ और अमेरिका-इजरायल के परोक्ष सहमति से सीरिया में बशर अल-असद के पतन की पृष्ठभूमि तैयार की गई और इस दुःस्वप्न के साकार होने के बाद ही एक बार फिर से 'ग्रेटर इजरायल' की चर्चा तेज हो गई। क्योंकि बिना कोई समय गंवाए इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के आदेश के बाद इजरायली सेना ने अल्फा लाइन को पार कर लिया और सीरिया के एक बड़े हिस्से पर कब्जा जमा लिया। इसके अलावा, इजरायल और अमेरिका की संयुक्त

> *जअब सवाल है कि ग्रेटर इजरायल में क्या-क्या शामिल होगा? तो जवाब यही होगा कि इजरायली राजनीति में ग्रेटर इजरायल की बात कोई नई बात नहीं है, बल्कि मिडिल ईस्ट मॉनिटर की एक रिपोर्ट भी इस बात की चुगली करती है, जिसके अनुसार, जनवरी 2024 को इजरायली राजनेता एवी लिपकिन ने कहा था कि, 'आखिरकार हमारी सीमाएं लेबनान से सऊदी अरब के ग्रेट डेजर्ट तक फैलेंगी। फिर भूमध्य सागर से फरात नदी (इराक) तक। और फरात के दूसरी तरफ कौन है? कुर्द! और वे हमारे दोस्त हैं।*

बमबारी करके सीरिया में सफल हुए विद्रोहियों की सेना को कमजोर कर दिया गया। उसकी थल, जल और वायु मारक क्षमता वाले हथियारों को लगातार नेस्तनाबूद किया गया। समझा जाता है कि ग्रेटर इजरायल में कई अरब देशों के हिस्से इजरायल के नेतृत्व वाले यहूदी देश में शामिल होंगे। क्योंकि ग्रेटर इजरायल प्लान में अरब का एक बड़ा इलाका शामिल है, जिसे साकार करने में अब ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। कारण कि सीरिया में बशर अल असद की सत्ता मिटने से ईरान ज्यादा कमजोर हुआ है। वहीं, रूस के पांव ही अरब मुल्क से उखड़ चुके हैं, जिससे अफ्रीका तक में रूसी रणनीति अब प्रभावित होगी। इससे एक ओर जहां अमेरिका-इजरायल की बल्ले-बल्ले हैं, वहीं तुर्की के एरदोगन भी अरब के मुस्लिम खलीफा बनने को ततपर नजर आ रहे हैं। बता दें कि सीरिया में बशर अल-असद के शासन के लगभग ढाई दशक के शासन के खत्म होते ही इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायली सेना को गोलान हाइट्स पर इजरायली कब्जे के पार सीरियाई क्षेत्र में जाने का आदेश दिया और इजरायली सेना ने टैंकों के साथ सीमा को बांटने वाली अल्फा लाइन को पार कर लिया। लिहाजा, इजरायली सेना के इस कदम के बाद से ही ग्रेटर इजरायल की परिकल्पना को साकार करने को लेकर चर्चाएं पुनः तेज हो गई हैं। यह बात मैं नहीं कह रहा बल्कि खुद को मानवाधिकार कार्यकर्ता और इतिहासकार बताने वाले क्रेग मरे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 'ग्रेटर इजरायल' को लेकर एक बड़ा दावा किया है, जिससे अरब देशों में सनसनी मच गई है। दरअसल, उन्होंने कहा कि, सीरिया में एक नई सरकार आकार ले रही है, जिसकी फंडिंग और तैयारी तुर्की, अमेरिका, इजरायल और खाड़ी देश कर रहे हैं। यही नहीं, उन्होंने आगे कहा कि यह लोकतंत्र का सांठगांठ मानवाधिकारों के बारे में नहीं है। बल्कि यह ग्रेटर इजरायल और फिलिस्तीनियों के नरसंहार के बारे में है। इसलिए अब सवाल उठता है कि आखिर ग्रेटर इजरायल का अभिप्राय क्या है ? तो एक बार फिर यहां स्पष्ट कर दें कि ग्रेटर इजरायल का मतलब उस बड़े अरब भूभाग से है, जहां तक कभी प्राचीन यहूदी राज्य हुआ करता था। इसे मध्य पूर्व के लिए जायोनिस्ट (यहूदीवादी) विस्तारवादी योजना भी कहा जाता है। जानकार बताते हैं कि 19वीं सदी में यहूदीवाद की स्थापना करने वाले थियोडोर हर्जेल ने इसकी अवधारणा दी थी। इसमें मिस्र की नील नदी से यूफ्रेट्स और मदीना से लेकर लेबनान तक का इलाका शामिल है। यानी इस क्षेत्र में मिस्र, लेबनान, सीरिया, इराक, सऊदी अरब, पूरा जॉर्डन और कब्जे वाला फिलिस्तीनी क्षेत्र शामिल है। समझा जाता है कि इस विशाल इलाके में अमेरिकी प्रभुत्व होने के कारण इजरायल को यह स्वप्न साकार करने में कोई परेशानी नहीं आएगी, बल्कि इस स्वप्न के साकार होते ही उसकी सैन्य ताकत और क्षेत्रीय रणनीतिक प्रभुत्व क्षमता में और भी इजाफा हो जाएगा। समझा जाता है कि भारत का भी मूक समर्थन पुराने और भरोसेमंद दोस्त इजरायल को हासिल है, अन्यथा रूस को सीरिया से खदेड़ने का षड्यंत्र वह नहीं रचता और न ही उसमें शामिल होता। उधर, अमेरिका भी इस मुद्दे पर खामोशी के लिए भारत का अहसानमंद है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार बताते हैं कि बंगलादेश में हिंदुओं के खिलाफ जो इस्लामिक षड्यंत्र चल रहा है, उसके परिप्रेक्ष्य में 'अखंड भारत' यानी ग्रेटर इंडिया के सपने को साकार करने का आरएसएस का दबाव मोदी सरकार पर बढ़ रहा है। यह तभी संभव होगा, जब अरब देश कमजोर होंगे। चूंकि इजरायल की मजबूती ही अरब देशों की कमजोरी है। इसलिए ईरान से लेकर सीरिया तक में चीनी-रूसी दिलचस्पी के बाद भी भारत ने रणनीतिक तटस्थता बरती, जिससे अमरीकी-इजरायल गेम प्लान तो सफल हुआ ही, भारत के शत्रु व पाकिस्तान के समर्थक देश तुर्किये की करीबी भी रूस से घटी, जो भारत के लिए एक शुभ संकेत है। सीआईए और रॉ से जुड़े लोग बताते हैं कि ग्रेटर इंडिया प्लान में अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बंगलादेश, म्यामांर और ईरान के उन हिस्सों को भारत में शामिल करना है, जो कभी विशाल मगध साम्राज्य का हिस्सा रह चुके हैं। इसमें तिब्बत, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालदीव आदि स्वतः शामिल हो जाएंगे। इस क्षेत्र में न केवल सनातनी विचारों को मजबूत करना है, बल्कि हिंसा-प्रतिहिंसा के लिए कोई जगह न बचे, ऐसा प्रशासन मजबूत करना है। समझा जाता है कि चीन को काबू में रखने के लिए अमेरिका और मुसलमानों को कमजोर करने के लिए इजरायल भी ग्रेटर इंडिया प्लान से सहमत है।

मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर सपा की हार के बाद अब आजम की नाराजगी

(अजय कुमार)

बता दें कि लोकसभा चुनाव में आजम चाहते थे कि रामपुर से खुद अखिलेश यादव चुनाव लड़ें। आजम वहां किसी मुस्लिम नेता को पैर जमाने देना बिल्कुल भी नहीं चाहते थे लेकिन सपा ने वहां से मोहिब्बुल्लाह को टिकट दिया और वे जीत भी गए। जेल जाने से पहले तक समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री आजम खान की गिनती यूपी के बड़े मुस्लिम नेताओं के रूप में होती थी। मुलायम सिंह के वह सबसे खास हुआ करते थे। आजम के सहारे ही मुलायम सिंह मुस्लिम वोटरों को लुभाते थे। खासकर पश्चिमी यूपी में तो सपा के लिये आजम की राह पर चलना ही सबसे आसान तरीका समझा जाता था। सत्ता में रहते अखिलेश ने भी आजम को महत्व दिया, लेकिन योगी सरकार के आने के बाद आजम खान पर जब मुसीबतों का पहाड़ टूटा तो अखिलेश ने आजम को एक तरह से अकेला ही छोड दिया। जब तमाम नेता आजम से मिलने जेल पहुच जाया करते थे तब अखिलेश के मन में सीतापुर जेल में बंद अपने इस मुस्लिम नेता के प्रति वफादारी का भाव नहीं दिखा। यहां तक की अखिलेश द्वारा आजम के गृह जिला रामपुर के बारे में भी सियासी फैसले में उन्हें अनदेखा किया जाने लगा। इतना सब होते हुए भी आजम ने अखिलेश के खिलाफ कभी सार्वजनिक मंच से कोई बयान तो नहीं दिया,लेकिन दोनों नेताओं के बीच दूरियां सबको दिखने लगी थीं। जिस तरह से रामपुर में लोकसभा का टिकट आजम की बिना मर्जी के दिया गया और संभल के सांसद पर एफआईआर को सपा ने प्रमुखता दी, उससे कहीं न कहीं आजम का सब्र जबाव दे गया। क्योंकि अखिलेश की अनदेखी ने आजम के गृह जनपद रामपुर के साथ-साथ पश्चिमी यूपी में उनके सियासी अस्तित्व पर संकट खड़ा कर दिया है।उत्तर प्रदेश की नौ विधान सभा सीटों पर हुए उपचुनाव में जिस तरह से समाजवादी पार्टी को मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था,उसके बाद आजम की नाराजगी सपा प्रमुख के लिये मुसीबत का सबब बन सकता है। मुसलमानों को बीच अपनी सियासी जमीन खिसकती देख आजम ने अब दबाव की राजनीति शुरू कर दी है। कहा जा रहा है कि यदि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जेल में बंद अपने इस नेता को महत्व नहीं दिया तो अब आजम खान नई राह भी पकड़ सकते हैं, लेकिन आजम के लिये अलग होने की राह इतनी आसान नहीं है। क्योंकि इस बढ़बोले नेता को कोई बड़ी पार्टी अपने साथ नहीं लेना चाहती है। वैसे भी संभल पर सपा और कांग्रेस के बीच सियासी दरार पड़ती नजर आ रही है तो जेल में सजा काट रहे आजम खां ने इंडिया गठबंधन को कठघरे में खड़ा कर दिया है। रामपुर के सपा जिला अध्यक्ष अजय सागर ने आजम के सियासी संदेश को पत्र के जरिये लोगों के सामने रखा है। आजम के हवाले से पत्र में इंडिया गठबंधन पर मुस्लिमों की अनदेखी का आरोप लगाया गया है। कहा है कि मुसलमानों पर इंडिया गठबंधन को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी, अन्यथा मुस्लिमों को भविष्य पर विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। आजम ने यह भी कहा कि रामपुर में हुए जुल्म और बर्बादी का मुद्दा संसद में उतनी ही मजबूती से उठाया जाना चाहिए, जितना संभल का मुद्दा उठाया गया। रामपुर के जुल्म और बर्बादी पर इंडिया गठबंधन खामोशी तमाशाई बना रहा और मुस्लिम लीडरशिप को मिटाने का काम करता रहा। बता दें कि लोकसभा चुनाव में आजम चाहते थे कि रामपुर से खुद अखिलेश यादव चुनाव लड़ें। आजम वहां किसी मुस्लिम नेता को पैर जमाने देना बिल्कुल भी नहीं चाहते थे लेकिन सपा ने वहां से मोहिब्बुल्लाह को टिकट दिया और वे जीत भी गए। सपा सूत्र बताते हैं कि रामपुर के लोकसभा टिकट ने आजम की सपा नेतृत्व से दूरियां बढ़ाईं। आजम को यह भी महसूस हो रहा है कि उनके मामले को सड़क से संसद तक उतनी प्रमुखता से नहीं उठाया गया।

सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5585

	5				4		6	
3				6	8	2		
4	6			9				1
					1		4	
	3	4		5		7	2	
	9		2					
6				8			7	9
		9	3	2				8
	7		9				5	

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5584

3	2	6	8	4	5	1	7	9
4	8	7	6	1	9	5	2	3
9	1	5	7	2	3	6	8	4
7	9	2	5	6	8	4	3	1
6	4	8	3	9	1	7	5	2
1	5	3	4	7	2	8	9	6
2	6	1	9	5	7	3	4	8
8	7	4	2	3	6	9	1	5
5	3	9	1	8	4	2	6	7

वर्ग पहेली 5585



संकेत: बाएं से दाएं
1. दुनिया की सबसे लंबी गुफा इस देश में है इसकी लंबाई का अंदाजा इसी बात से लगया जा सकता है किस इसमें एक नदी और जंगल भी है (5)
5. किसी संख्या को उसी संख्या से गुणा करने पर प्राप्त होने वाला गुणनफल (2)
6. लुब्ध करना, चुग्गा डालना या दाना डालना (5)
8. एक प्रशंसा सूचक संबंधी उद्गार (3)
10. प्रेम, प्यार, इश्क, मुहब्बत (अंग्रेजी) (2)
11. सनिश्चय नहीं, बिल्कुल नहीं (3)
13. आसान, सरल, सामान्य (3)
17. रस्म, प्रथा, दस्तूर, रीति (3)
18. दौड़ने वाला, दौड़क (3)
21. दोष, मनोविकार, तकलीफ (2)
22. हीन होने का भाव, अभाव (3)
24. एक स्त्री से प्रेम करने वाले आपस में दो व्यक्ति (2)
25. निशाना, अमुमेय (2)

ऊपर से नीचे
1. पंजाब की व्यास नदी का नाम, जिसका अर्थ होता है पाशमुक्तकारिणी (3)
2. खोलना, चाहना (4)
3. कमल, कुमुद आदि की लंबी और खोखली डंडी, लोहे का अर्धचंद्राकार टुकड़ा (2)
4. मचलने का भाव, लालसा, हठ (3)
5. यह देश पश्चिमी अफ्रीका में है जिसकी राजधानी अक्करा है (2)
7. गंगा नदी को यह भी कहा गया है (5)
9. नाट्य वेश , परिधान, वर्णधर्म (2)
12. असम की पहाड़ियों में बसने वाली एक जंगली जाति, अनुपस्थिति, गैर हाजिरी (2)
14. विविध भारती से नाटकों पर आधारित एक दैनिक कार्यक्रम (5)
15. न्यायाधी, फैसला करने वाला (2)
16. अवरोधहीन, अबाधित (4)
19. जंगल, अरण्य, कानन (2)
20. पंक्ति, श्रेणी, क्रम, सिलसिला (3)
23. समस्त, एक प्रसिद्ध टीवी चेनल (2)

वर्ग पहेली 5584 का हल

मा	ल	दी	व		लो	हि	त
ली	ल	ना		न	भ	च	र
	क	पा	ल			क	फ
गु		ठ	ग		पा	ना	
ल	ट	क	न		र्व		बु
ब	ल			लू		शा	खा
द	ना	द	न		सा	द	र
न		ही	र	रां	झा		

आज का राशिफल

मेष

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होने से आपकी तरक्की होगी। आपके धन सम्मान और यश कीर्ति में वृद्धि होगी। आपका रुका कार्य पूर्ण होगा और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपको वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

वृष

आज दिन सफलता से भरा होगा। ऑफिस में आपके प्रदर्शन को देखकर कुछ लोगों का मूड खराब हो सकता है। आपसे कुछ लोगों को चिढ़ हो सकती है। दिन परोपकार में व्यतीत होगा और आपको दूसरों की मदद करने से खुशी होगी। आप अपने अच्छे व्यवहार से माहौल को काफी खुशनुमा बना देंगे। आपकी पत्नी की सेहत खराब होने से आपके घर का माहौल खराब हो सकता है।

मिथुन

आज करियर के मामले में लाभ होगा और गृहोपयोगी वस्तुओं पर आपका धन काफी खर्चा होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपकी तरक्की होगी। आपको अधीनस्थ कर्मचारी या किसी सम्बन्धी के कारण तनाव मिल सकता है।

तुला

आज दिन शुभ है और आपको पिता के आशीर्वाद और उच्चाधिकारियों की तरफ से कोई शुभ समाचार की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी और व्यर्थ व्यय से बचें। शाम से लेकर रात तक आपकी काफी व्यस्तता बनी रहेगी और आपको काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है। वाहनों के प्रयोग से सावधानी बरतें।

वृश्चिक

आज लाभ होगा और आपको अचानक से बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होने से खुशी का अनुभव होगा। आपके कोष में वृद्धि होगी और कारोबार में योजनाएं सफल होंगी। कोष की स्थिति बेहतर होगी और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपकी व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी और मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शीघ्रता व भावुकता में लिया गया।

धनु

आज दिन सफलता से भरा होगा और परिजनों के साथ आपका अच्छा वक्त बीतेगा। आपको कहीं से कोई दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। ऐसा कोई काम न करें कि आपकी सेहत को नुकसान हो। चिर प्रतीक्षित अतिथि के आगमन का हर्ष हो सकता है और आपको खुशी होगी।

कर्क

आज करियर के मामले में दिन शुभ है। आपके मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर होगी। आपके व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे। शाम को आपके लिए धार्मिक यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा।

सिंह

आज दिन काफी खर्च वाला रहेगा। आपको फालतू खर्च काफी करना पड़ सकता है। भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। शाम के समय स्थिति में सुधार होगा। पूर्ण स्वस्थ होने में समय लगेगा।

कन्या

आज दिन उत्तम रहेगा। मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। संतान पर विश्वास बढ़ेगा। धन और सम्मान में वृद्धि होगी। परिवार वाले आपकी बातों से खुश रहेंगे। परिवार से विशेष सहयोग मिलेगा। शान-शौकत पर खर्च करेंगे जिससे शत्रु परेशान होंगे। माता-पिता का ध्यान रखें।

मकर

आज दिन शुभ है और आपको हर कार्य में आशातीत सफलता प्राप्त होगी और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। संतान के प्रति आपके दायित्व की पूर्ति होगी और आप काफी तरक्की करेंगे। रुका हुआ कार्य भी सम्पन्न होगा। पाचन क्रिया मंद होने से आपको नुकसान हो सकता है। शाम से लेकर रात तक परिवार के लोगों का सहयोग आपको प्राप्त होगा। प्रियजनों के दर्शन और हास्य परिहास में समय व्यतीत होगा।

कुंभ

आज दिन सफलता से भरा रहेगा और आपका भाग्य साथ दे रहा है। आपको वृद्धजनों की सेवा और पुण्य कार्य पर धन व्यय करने से खुशी होगी। आपके सभी जरूरी कार्य बिना किसी बाधा के पूर्ण होंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी। आपको परिवार के लोगों के साथ कहीं शुभ अवसर पर जाने का मौका मिल सकता है। आपकी तरक्की के योग हैं।

मीन

आज शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं और आपके लिए आय के नए स्रोत बन रहे हैं और आपके सम्मान में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। आपको वाक्पटुता आपको विशेष सम्मान दिलाएगी। भागदौड़ अधिक रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, सावधान रहें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

सबरीमला मंदिर में 22 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, रेवेन्यू भी बढ़ा

सबरीमला, एजेंसी। केरल के सबरीमला मंदिर में 29 दिनों में 22.67 लाख से अधिक भक्तों ने भगवान अयप्पा के दर्शन किए, जो पिछले साल से 4.5 लाख ज्यादा हैं. त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड के अध्यक्ष पीएस. प्रशांत ने बताया, इस दौरान मंदिर का रेवेन्यू 163.89 करोड़ रुपये से अधिक रहा. जिसमें से लगभग आधा हिस्सा अरावन की बिक्री से आया, जो भगवान अयप्पा के भक्तों को दिया जाने वाला प्रसाद है. पिछले साल की तुलना में अरावन की बिक्री से आय में 15 करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि हुई है. त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के अध्यक्ष पी एस प्रशांत ने कहा कि, इस साल मंदिर में तीर्थयात्रियों के लिए सुचारू दर्शन के लिए सभी सुविधाओं की व्यवस्था की गई है. साथ ही उन्होंने पुलिस सहित सभी विभागों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने तीर्थयात्रा को सफल बनाने के लिए देवस्वोम बोर्ड के साथ सहयोग किया. त्रावणकोर देवस्वोम के अध्यक्ष पीएस प्रशांत ने बताया कि, सबरीमला मंदिर तक पहुंचने के लिए पुल्लुमेदु और एरुमेली के पारंपरिक वन मार्गों से पैदल लंबी दूरी तय करने वाले तीर्थयात्रियों के लिए जल्द ही दर्शन की विशेष व्यवस्था की जाएगी. उन्होंने बताया कि, वन विभाग के सहयोग से इन मार्गों का उपयोग करने वाले तीर्थयात्रियों को एक विशेष टैग प्रदान किया जाएगा. त्रावणकोर देवस्वोम के अध्यक्ष ने बताया कि, तीर्थयात्री स्वामी अय्यप्पन रोड के माध्यम से पम्पा से मंदिर तक पहुंच सकते हैं, और जो लोग नीलिमाला मार्ग से जाना चाहते हैं, वे भी ऐसा कर सकते हैं. इसके अतिरिक्त, इन तीर्थयात्रियों के पास मरककोट्टम में सरमकुथी मार्ग को दरकिनार करते हुए चंद्रनंदन रोड के माध्यम से मंदिर में प्रवेश करने का विकल्प होगा. उन्होंने यह भी बताया कि नई प्रणाली जल्द ही लागू की जाएगी.

छत्तीसगढ़ के बालोद में ट्रक ने एसयूवी को मारी टक्कर; 6 लोगों की मौत, 7 अन्य घायल

बालोद, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 7 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना सोमवार तड़के डोंडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत भानुप्रतापपुर-दल्लीराजहरा मार्ग पर चौरापावड़ के पास हुई। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अशोक जोशी ने सोमवार को हादसे के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भानुप्रतापपुर-दल्लीराजहरा मार्ग पर चौरापावड़ के पास एक ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रही एसयूवी कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 अन्य घायल हो गए। घायल लोगों को राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है। हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुसिस द्वारा उसकी तलाश की जा रही है। भाषा के अनुसार, पुलिस ने बताया कि पीड़ित जिले के गुंडरदेही क्षेत्र के निवासी थे। यह दुर्घटना रविवार देर रात डौंडी थाना क्षेत्र में हुई, जब एक पारिवारिक समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, वाहन और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। एसयूवी कार में सवार 13 लोगों में से छह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मृतकों में चार महिलाएं भी शामिल हैं। मृतकों की पहचान- सुमित्रा बाई कुंभकार (50), मनीषा कुंभकार (35), सगुन बाई कुंभकार (50) और इमला बाई (55), दुरपत प्रजापति (30) और एक नाबालिग लड़के जिग्नेश कुंभकार (7) के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि पांच महिलाओं और एक बच्चे समेत सात घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें आगे के इलाज के लिए राजनांदगांव जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच जारी है।

बहन के बाद भाई पर भी भ्रष्टाचार की आंच, पूर्व सीएम के बेटे केटीआर पर फॉर्मूसा-ई रेसिंग मामले में जांच

हैदराबाद, एजेंसी। तेलंगाना में सियासत एक बार फिर गरमा गई है। भारतीय राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) के बेटे के.टी. रामा राव (केटीआर) एक बार फिर विवादों में हैं। फॉर्मूसा-ई रेसिंग मामले में 55 करोड़ रुपये के फंड के कथित गबन पर जांच की मांग ने नया तूफान खड़ा कर दिया है। केटीआर पर आरोप है कि उन्होंने बतौर नगर प्रशासन मंत्री यह राशि बिना कैबिनेट की मंजूरी के डायवर्ट की।

हालांकि, केटीआर ने इन आरोपों को खारिज करते हुए इसे कांग्रेस सरकार का ध्यान भटकाने वाला खेल बताया। उन्होंने कहा, मैं किसी भी जांच के लिए तैयार हूं। यह सब कांग्रेस के चुनावी वादों की नाकामी से ध्यान हटाने की कोशिश है। यह बयान तब आया है जब हाल ही में उनकी बहन और बीआरएस नेता के. कविता भी शराब घोटाले में ईडी की जांच का सामना कर रही हैं।

इंटरव्यू में केटीआर ने स्पष्ट किया कि तेलंगाना की राजनीति में फिलहाल कांग्रेस उनकी पार्टी के लिए मुख्य प्रतिद्वंद्वी है। उन्होंने भाजपा को छोटा प्रतिद्वंद्वी करार देते हुए कहा, बीजेपी का यहां संगठनात्मक ढांचा मजबूत नहीं है। उनके मंत्री तो कांग्रेस के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के सबसे बड़े समर्थक बन गए हैं।

उन्होंने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला करते हुए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पर आरोप लगाया कि उन्होंने अमृत योजना के टेंडरों में गड़बड़ी की और अपने रिश्तेदारों को अनुबंध दिए। केटीआर ने इसे पद के लाभ का मामला बताते हुए इसे कर्नाटक और झारखंड के विवादों जैसा बताया। बीआरएस के भीतर उठापटक पर केटीआर ने कहा, हमारे 10 विवादित विधायक पार्टी छोड़ चुके हैं। लेकिन अब यह सिलसिला रुक गया है। हालिया विधानसभा चुनावों में हार पर उन्होंने परसेप्शन मैनेजमेंट और कम्युनिकेशन की कमजोरियों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने स्वीकार किया कि पार्टी अपने 10 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों- जैसे 1.60 लाख युवाओं को रोजगार और सरकारी कर्मचारियों के लिए 73प्रतिशत वेतन वृद्धि को जनता तक सही तरीके से पहुंचाने में नाकाम रही। केसीआर की विधानसभा से गैरमौजूदगी पर केटीआर ने कहा, अभी के लिए हम रेवंत रेड्डी का सामना करने के लिए पर्याप्त हैं। केसीआर समय आने पर जरूर आएंगे। उन्होंने जोर दिया कि ध्यान कांग्रेस के छह चुनावी वादों पर होना चाहिए, जो अभी तक अधूरे हैं।

बेंगलुरू में समस्तीपुर के एक इंजीनियर की मौत, परिजनों

समस्तीपुर, एजेंसी। बिहार के समस्तीपुर जिले के एक इंजीनियर की मौत बेंगलुरू में हुई। परिवार ने मौत पर संदेह जाहिर किया है। इंजीनियर समस्तीपुर शहर के वार्ड 36 मोहल्ला बहादुरपुर के रिटायर्ड रेलकर्मी दिनेश राय का पुत्र रवि कुमार बताया जा रहा है। वह बेंगलुरू की एक निजी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर था और दो साल से बेंगलुरू में रहकर नौकरी करता था। वह आरएमजेड गैलरिया अपार्टमेंट ऐलहनका में रहता था।

परिवार के लोगों ने इसे आत्महत्या नहीं हत्या करार दिया है। लोगों का कहना था कि अगर रवि ने आत्महत्या की होती तो कोई सुसाइड नोट छोड़ा होता लेकिन उसके कमरे में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। साथ ही उसके साथ रहने वाले 3 लोग भी गायब थे। इस मामले में बेंगलुरू में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मृतक के चाचा उमेश कुमार ने बताया कि शनिवार सुबह घटना हुई थी लेकिन बेंगलुरू पुलिस ने शनिवार की रात उन्हें जानकारी दी। जिसके बाद परिवार के लोग हवाई यात्रा कर बेंगलुरू पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद उन्हें शव सौंपा गया।

उन्होंने कहा कि उनके भतीजे को कंपनी द्वारा हिसाब करने के लिए बुलाया गया था। वह सॉफ्टवेयर इंजीनियर था और ऑनलाइन एक्जाम सेंटर में काम करता था। उसके साथ अपार्टमेंट में तीन और व्यक्ति भी रहते थे, जो इस घटना के बाद से फरार हैं। वहां पहुंचने के बाद उनसे संपर्क की कोशिश की गई लेकिन वह नहीं आए। उन्होंने शक जाहिर किया कि रवि की हत्या की गई है और इसे आत्महत्या का रूप दिया गया है। अगर रवि ने आत्महत्या की होती तो कोई सुसाइड नोट छोड़ा होता। यह पूरी तरह से हत्या का मामला है।

गुरुग्राम में जेल की रोटी बोटी रेस्तरां पर बवाल; तोड़ी गाड़ियां, धू-धू कर जली कार

गुरुग्राम एजेंसी। गुरुग्राम के सोहना चौक के पास पुराने जेल कॉम्प्लैक्स के पास रविवार को देर रात को एक रेस्तरां संचालकों और लोगों के एक गुट के बीच खाना खाने को लेकर जमकर बवाल हो गया। दोनों पक्षों में मारपीट हुई। इसमें दो सगे भाईयों समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। झगड़े के दौरान पार्किंग में खड़े तीन ऑटो, दो बाइक समेत अन्य वाहनों में तोड़फोड़ की गई। उसके बाद भी विवाद नहीं थमा। सोमवार को सुबह दोबारा से एक गुट ने रेस्टोरेंट जेल की रोटी-बोटी में तोड़फोड़ की। इस दौरान पार्किंग में खड़ी एक कार में आग लग गई।

हालांकि अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि कार में आग लगी या लगाई गई। गुरुग्राम पुलिस ने बताया कि करीब दो दर्जन लोगों ने सोहना चौक के पास पुराने जेल परिसर में स्थित रेस्तरां में कथित तौर पर बवाल काटा। भीड़ ने कथित तौर पर रेस्तरां संचालक समेत तीन लोगों के साथ मारपीट की और वहां खड़ी कई गाड़ियों में तोड़फोड़ की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जिस जगह पर हमला हुआ, वहां ऐसे लोगों की भीड़ लगी रहती है जो रेस्टोरेंट के सामने खुलेआम शराब पीते और बेचते हैं। इस पर रेस्टोरेंट संचालक ने आपत्ति जताई थी। घटना की सूचना पर रात और सोमवार को सुबह पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं दमकल टीम ने कार में लगी आग पर काबू पाया। शिवाजी नगार थाना पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। अभी तक शिकायत नहीं मिलने पर मामला दर्ज नहीं हुआ है।इस्लामपुर के रहने वाले हरीश शर्मा का सोहना चौक के समीप जेल की रोटी बोटी के नाम से रेस्तंरा है। हरीश ने बताया कि रविवार रात रेस्तंरा पर उनका भाई अरुण और दोस्त मोहित थे। आरोप है कि रात 11ः30 बजे 20 से ज्यादा लोग आ गए और मारपीट करने लगे। हमलावरों ने रेस्तंरा में तोड़फोड़ की। भीड़ ने दो बाइकों में तोड़फोड़ कर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया। हमले में हरीश, अरुण और मोहित को चोट आई।

हरीश शर्मा ने आरोप लगाया कि हमलावरों के पास हथियार थे। हमलावरों की भीड़ ने मोहित के सिर पर बोतल मार कर चोट पहुंचाई जबकि अरुण पर चाकू से हमला किया।

हिमाचल में अब सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को नहीं मिलेगी बिजली सब्सिडी, नया आदेश कब से लागू?

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत हिमाचल प्रदेश के सरकारी अधिकारियों को नए साल से बिजली पर कोई सब्सिडी नहीं दी जाएगी। यह निर्णय प्रदेश सरकार के वित्तीय सुधारों के हिस्से के रूप में लिया गया है। इससे राज्य की वित्तीय स्थिति को मजबूत किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में सोमवार को हुई हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड की समीक्षा बैठक में यह फैसला लिया गया।



ग्रेड-1 और ग्रेड-2 अधिकारियों पर लागू: हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बैठक के दौरान ऐलान किया कि 1 जनवरी 2025 से प्रदेश सरकार के ग्रेड-1 और ग्रेड-2 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बिजली सब्सिडी नहीं दी जाएगी। इस निर्णय के पीछे मुख्य कारण प्रदेश सरकार द्वारा विद्युत बोर्ड की वित्तीय स्थिति को सशक्त करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विद्युत बोर्ड के सुधार के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और यह कदम उसी दिशा में उठाया गया है।

500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय: मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने हाल ही में उद्योग और व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए विद्युत दरों में युक्तिकरण किया है जिससे लगभग 500 करोड़ रुपये की वार्षिक अतिरिक्त आय सुनिश्चित हुई है। यह कदम प्रदेश सरकार की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने और विद्युत बोर्ड की कार्यप्रणाली में सुधार के उद्देश्य से उठाया गया है।

विद्युत बोर्ड के लिए अतिरिक्त फंड: सीएम सुक्खू ने यह भी घोषणा की कि प्रदेश सरकार विद्युत बोर्ड के लिए 100 करोड़ रुपये का अतिरिक्त कॉरप्स फंड प्रदान करेगी। यह कदम बोर्ड की वित्तीय स्थिति को और भी मजबूत करने के लिए उठाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बोर्ड के कार्यों में नवोन्मेषी उपायों का समावेश करें ताकि विद्युत सेवा में सुधार और गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बोर्ड की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए नवोन्मेषी उपायों को लागू करें। इसके साथ हीउन्होंने यह भी कहा कि विद्युत बोर्ड में लाइनमैन और टी-मेट की भर्तियां की जाएंगी। ताकि फील्ड स्टाफ की कमी को दूर किया जा सके। फील्ड स्टाफ की सही तैनाती से विद्युत आपूर्ति सेवा में गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जाएगी।

हिमाचल प्रदेश सरकार ने इस साल जुलाई में हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया था कि राज्य के धनाढ्य उपभोक्ताओं को दी जा रही बिजली सब्सिडी को समाप्त किया जाएगा। इस निर्णय का उद्देश्य राज्य सरकार के वित्तीय संसाधनों का सही उपयोग करना और सब्सिडी का लाभ जरूरतमंद उपभोक्ताओं तक पहुंचाना है।

बुजुर्ग दंपति ने 44 साल बाद लिया तलाक, पति ने जमीन बेचकर 3 करोड़ में किया समझौता

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा में तलाक का एक दिलचस्प केस आया है। राज्य के करनाल जिले के एक दंपति ने जीवन के 7वें दशक में तलाक लिया है। दोनों ने अपनी 44 साल पुरानी शादी को तोड़ दिया है और पति ने 3 करोड़ रुपये सेटलमेंट के तौर पर 73 साल की महिला को दिए हैं। जीवन के अंतिम पड़ाव में चल रहे बुजुर्ग दंपति ने 18 साल की कानूनी लड़ाई के बाद अलगाव का फैसला लिया है। 70 साल के पति का कहना था कि उनकी 73 वर्षीय पत्नी मानसिक क्रूरता करती है और वह उससे तंग आ चुके हैं।

सेटलमेंट की रकम चुकाने के लिए पति ने अपनी खेती की जमीन बेच दी और 3 करोड़ रुपये अदा कर दिए। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में दोनों के तलाक पर मुहर लगाई गई। दोनों की 27 अगस्त, 1980 में शादी हुई थी। उनके दो बेटियां और एक बेटा हैं। करीब 25 साल तक यह संबंध अच्छा चला, लेकिन फिर कड़वाहटें पैदा होने लगीं। 8 मई, 2006 का दिन वह था, जब उनके रिश्ते ने अलग ही मोड़ लिया और वे अलग-अलग रहने लगे। इसके बाद पति ने मानसिक क्रूरता का आरोप लगाते हुए 2013 में तलाक का केस फाइल कर दिया था। वहां से अर्जी खारिज हुई तो फिर हाई कोर्ट पहुंचे।

यहां 11 साल मुकदमा चलने के बाद उन्हें तलाक मिला है और पत्नी को गुजारे के लिए 3 करोड़ रुपये की रकम देने के बाद वह रिश्ते से अलग हो गए हैं। सेटलमेंट की यह रकम कैश,

डिमांड ड्राफ्ट, सोना-चांदी के जरिए दी जाएगी। साफ है कि जिंदगी भर की कमाई को पति सेटलमेंट के तौर पर देने को तैयार है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार यह रकम चुकाने के लिए बुजुर्ग ने 2.16 करोड़ रुपये की जमीन बेची है।

इसके अलावा 50 लाख रुपये कैश अदा किए हैं, यह रकम फसलें बेचकर जुटाई है। वहीं 40 लाख रुपये के जेवर भी वह दे रहे हैं। इस समझौते में यह भी तय हुआ है कि यदि बुजुर्ग की मौत हो जाती है, तब भी पत्नी और उसके बच्चों को संपत्ति पर कोई हक नहीं रहेगा। यह फैसला हाई कोर्ट के जस्टिस सुधीर सिंह और जस्टिस जसजीत सिंह बेदी ने सुनाया।

गोबिंद सागर झील में सुरंग बनाने पर विचार, हिमाचल के मंत्री बोले- फोर लेन से जुड़ेगा बिलासपुर

बिलासपुर, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने सोमवार को कहा कि सरकार बिलासपुर शहर को कीरतपुर और मनाली के बीच फोर लेन सड़क से जोड़ने के लिए गोबिंद सागर झील में पानी के नीचे सुरंग बनाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। बिलासपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि लुहणू मैदान से फोर-लेन सड़क तक सुरंग बनाई जाएगी। यदि योजना फलीभूत हुई तो यह न केवल बिलासपुर शहर के लिए जीवनरक्षक साबित होगी बल्कि झील के अंदर बनने वाला देश का पहला सुरंग भी होगा। मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के ऊना और बिलासपुर जिलों में गोविंद सागर झील की लंबाई लगभग 56 किमी और चौड़ाई 3 किमी है। कीरतपुर-मनाली फोर लेन सड़क बनने के बाद बिलासपुर शहर का मुख्य सड़क से संपर्क टूट गया है। इससे यहां आर्थिक गतिविधियां धीमी हो गई हैं। सुरंग के निर्माण से व्यापारियों और उद्योगपतियों को भी नई राह मिलेगी। उन्होंने कहा कि अंडर वॉटर टनल ब्रिज न सिर्फ शहर को सीधे फोर लेन सड़क से जोड़ेगा बल्कि पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। अगर पुल निर्माण की संभावनाएं हैं तो इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए जर्मनी से विशेषज्ञों और सलाहकारों को काम पर रखा जाएगा। पुल का निर्माण जर्मनी की उन्नत विसर्जन

सुरंग प्रौद्योगिकी और सुरंग बोरिंग मशीन का उपयोग करके किया जाएगा। विसर्जन सुरंग प्रौद्योगिकी में सुरंग के कुछ हिस्सों को जमीन पर बनाया जाएगा और झील के नीचे स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुरंग बोरिंग मशीन से झील के तल के नीचे खुदाई करके इसे सुरक्षित और टिकाऊ बनाया जाएगा। परियोजना की संभावनाओं का आकलन करने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम गठित की जाएगी। यदि योजना अमल में लाने लायक पाई गई तो इसे केंद्र सरकार की सेतु भारतम योजना के तहत बजट के लिए प्रस्तावित किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि इस परियोजना पर कई सौ करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना में उन्नत एवं टिकाऊ जर्मन तकनीक का उपयोग किया जाएगा जो बिलासपुर के पुनरुद्धार की कहानी लिखेगी।

महाराष्ट्र में बगावत की आशंका, पिछली सरकार के 11 मंत्रियों को नहीं मिली जगह

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस के नई मंत्रिमंडल को अभी एक ही दिन बीता है और बगावत के सुर तेज हो गए हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति के 11 प्रमुख मंत्रियों को नई सरकार से हटा दिया गया, जिससे उनके समर्थकों में बेचैनी है। कुछ नेताओं के समर्थकों द्वारा विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है, खासकर छगन भुजबल के समर्थकों में काफी नाराजगी है। छगन भुजबल ने तो यहां तक कह दिया कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से बात करने के बाद भविष्य की राह तय करेंगे। उधर, खबर है कि भाजपा के दिग्गज नेता सुधीर मुंगतीवार भी नाराज चल रहे हैं। उन्होंने फडणवीस के उस दावे का खंडन किया कि लंबी चर्चा के बाद उन्हें मंत्रिपद नहीं मिला।

सत्तारूढ़ गठबंधन के तीन घटक दलों में से सबसे ज़्यादा एनसीपी के अजित पवार गुट के पांच प्रमुख नेता छगन भुजबल, धर्मराव बाबा आत्राम, संजय बनसोडे, दिलीप वाल्से पाटिल

और अनिल पाटिल को बाहर किया गया है। भाजपा और एकनाथ शिंदे की शिवसेना से भी तीन-तीन दिग्गज नेताओं को मंत्रिपद से बाहर का रास्ता दिखाया गया है। भाजपा ने रवींद्र चव्हाण, सुधीर मुंगंतीवार और विजयकुमार गावित को हटा दिया है जबकि शिवसेना ने तानाजी सावंत, अब्दुल सत्तार और दीपक केसरकर को बाहर रखा है।

छगन भुजबल निराश, सुधीर मुंगतीवार ने फडणवीस के दावों का खंडन किया: छगन भुजबल ने खुलेआम घोषणा की है कि वे अब विधानसभा सत्र में भाग नहीं लेंगे और नासिक लौट जाएंगे। उन्होंने कहा कि वे निराश हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें राज्यसभा सीट की पेशकश की गई है, लेकिन अभी इसे स्वीकार करना येओला के मतदाताओं के साथ न्यायसंगत नहीं होगा। उधर, हटाए गए दूसरे बड़े नेता सुधीर सुधीर मुंगतीवार ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के इस दावे का खंडन किया है कि उन्हें लंबी चर्चा के बाद हटाया गया है। फडणवीस ने कहा, हमने सुधीर सुधीर मुंगतीवार के साथ मंत्रिमंडल विस्तार पर लंबी चर्चा की। अगर उन्हें मंत्री पद नहीं मिलता है तो संभावना है कि पार्टी उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है।

सुधीर मुंगतीवार ने इस दावे का खंडन करते हुए कहा कि देवेंद्र फडणवीस ने उनसे मंत्री पद के बारे में लंबी चर्चा नहीं की। उन्होंने विस्तार के दिन ही बात की। उन्होंने कहा कि फडणवीस और राज्य भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा था कि मंत्रिमंडल विस्तार से एक दिन पहले उनका नाम मंत्रियों की सूची में था।

24 जिलों के यात्रियों को सुविधा, नोएडा एयरपोर्ट से सीधे मिलेंगी ई-बस; लिस्ट में कौन-कौन शामिल

ग्रेटर नोएडा , एजेंसी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 150 किलोमीटर के दायरे (हिंटर लैंड) में आने वाले विभिन्न राज्यों के 24 जिलों के यात्रियों की सुविधा के लिए इलेक्ट्रिक बस चलाने की तैयारी है। इसके लिए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) ने 200 ई-बसें चलाने की योजना बनाई है। नायल ने ई-बसें चलाने वाली कंपनियों को अपने प्रस्तुतिकरण के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) जारी किया है। 150 किलोमीटर के दायरे से यात्री विमान सेवा का लाभ पाने के लिए पहुंचेंगे। इस दायरे में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के करीब 24 जिले आ रहे हैं। वहीं, इससे आगे बढ़ें तो पंजाब और चंडीगढ़ तक शामिल हो जाता है। फिलहाल एयरपोर्ट आने के लिए यात्रियों के लिए कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। मेट्रो, नमोभारत परियोजना शुरू होने में कई वर्षों का समय लग सकता है। अप्रैल में एयरपोर्ट से विमानों की उड़ान शुरू होने जा रही है। ऐसे में यात्रियों को एयरपोर्ट तक सीधी कनेक्टिविटी के लिए सिटी सेवा के तहत नोएडा, ग्रेनो और यमुना प्राधिकरण मिलकर 23 रूटों पर ई-बसों का संचालन करने जा रहे हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्टः

इंडिया ने फॉलोऑन बचाया पहली पारी में स्कोर 252/9

ब्रिस्बेन, एजेंसी। जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप ने नाबाद 39 रनों की साझेदारी करके इंडिया को फॉलोऑन से बचाया। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में खुद को फॉलोऑन खेलने से बचा लिया है। द गाबा स्टेडियम में चल रहे मुकाबले में भारतीय टीम 193 रन से पीछे है।

मंगलवार को मुकाबले के चौथे दिन स्टंप्स तक इंडिया ने 9 विकेट पर 252 रन बना लिए हैं। आकाश दीप 27 और जसप्रीत बुमराह 10 रन पर नाबाद लौटे। एक समय टीम ने 213 रन पर 9वां विकेट गंवा दिया था।

रवींद्र जडेजा 77 रन बनाकर आउट हुए। यहां से भारत को फॉलोऑन बचाने के लिए 33 रनों की जरूरत थी। ऐसे में आकाश दीप और जसप्रीत बुमराह ने संयम से बल्लेबाजी की। भारतीय टीम ने 51/4 के स्कोर से दिन की शुरुआत की। केएल राहुल ने 33 रन से पारी को आगे बढ़ाया और 84 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान पैट कमिंस ने 4 विकेट झटके, जबकि मिचेल स्टार्क को 3 विकेट मिले।

एक-एक विकेट नाथन लॉयन और जोश हेजलवुड को मिले। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रन बनाए। टीम इंडिया ने शनिवार को टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी थी।

सीनियर बैडमिंटन नेशनल्स 18 दिसंबर से बेंगलुरु में

बेंगलुरु, एजेंसी। एक रोमांचक घरेलू सत्र, जिसमें युवा चुनौती देने वाले उभरे और कुछ अनुभवी खिलाड़ियों ने किस्मत आजमाई, का समापन 77वीं इंटर-जोनल और 86वीं सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप के साथ होगा, जो 18-24 दिसंबर तक बेंगलुरु में कर्नाटक बैडमिंटन एसोसिएशन कोर्ट में खेली जाएगी। चैंपियनशिप की शुरुआत इंटर-जोनल टीम स्पर्धाओं से होगी, जबकि व्यक्तिगत स्पर्धा 20 दिसंबर से शुरू होगी। इसमें मौजूदा पुरुष एकल चैंपियन चिराग सेन और महिला एकल विजेता अनमोल खरब बेहद प्रतिस्पर्धी मैदान के बावजूद अपने-अपने खिताब बरकरार रखने की कोशिश करेंगे।

भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा, सीनियर नेशनल चैंपियनशिप घरेलू सर्किट का शिखर है और हमारे घरेलू सर्किट में प्रतिस्पर्धा के बढ़े हुए स्तर को देखते हुए, बेंगलुरु में बैडमिंटन प्रशंसकों को अगले सात दिनों में उच्च गुणवत्ता वाले मैच देखने को मिलेंगे और हम युवा खिलाड़ियों के बीच से कुछ नए सितारों के उभरने का इंतजार कर रहे हैं जो अपने स्थापित साथियों को चुनौती देंगे। यह साल का अंतिम बाई टूर्नामेंट होगा, इसका मतलब है कि हमारा कैलेंडर बीडब्ल्यूएफ कैलेंडर के साथ संरेखित है।

पिछले कुछ वर्षों में सीनियर नेशनल कितने प्रतिस्पर्धी रहे हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 2006-07 में चेतन आनंद द्वारा यह उपलब्धि हासिल करने के बाद से कोई भी पुरुष एकल खिलाड़ी खिताब बरकरार नहीं रख पाया है और साइना नेहवाल (2006-07 और 2017-18) इसी अवधि के दौरान लगातार खिताब जीतने वाली एकमात्र महिला एकल खिलाड़ी हैं।

टीम स्पर्धाओं में भी कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, क्योंकि मौजूदा पुरुष और महिला चैंपियन, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और महाराष्ट्र, क्षेत्रीय स्तर पर बाहर होने के बाद इस साल अंतर-क्षेत्रीय चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहे।

व्यक्तिगत स्पर्धा में, सेन को दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी प्रियांशु राजावत, दुनिया के 37वें नंबर के खिलाड़ी किरण जॉर्ज, पिछले संस्करण के फाइनलिस्ट एम. थारुन और बहुमुखी प्रतिभा के धनी प्रणय शेट्टीगर की अगुआई वाली युवा ब्रिगेड से कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। महिला वर्ग में, पिछले संस्करण की फाइनलिस्ट तन्वी शर्मा, अनुभवी मालविका बंसोड़, आकर्षि कश्यप, उन्नति हुड्डा, पूर्व चैंपियन अनुपमा उपाध्याय और उभरती हुई रक्षिता श्री अनमोल के लिए कड़ी चुनौती पेश कर सकती हैं।

मिश्रित युगल चैंपियन ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो, और महिला युगल में श्रुति मिश्रा और प्रिया देवी कोंजेंगबाम भी अपने खिताब का बचाव करना चाहेंगे। सदी की शुरुआत के बाद से यह तीसरी बार है जब बेंगलुरु सीनियर नेशनल्स की मेजबानी कर रहा है और इस चैंपियनशिप में कुल 50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि होगी, जिसमें टीम चैंपियनशिप के लिए 10 लाख रुपये शामिल हैं।

टीम चैंपियनशिप और व्यक्तिगत स्पर्धाओं के लिए संबंधित स्पर्धाओं की पूर्व संध्या पर लाइव ड्रॉ निकाला जाएगा।

टेबल टेनिसः

मनिका की टीम एशिया बनी वाल्डनर कप चैंपियन, टीम वर्ल्ड को 14-0 से हराया

ओस्लो, एजेंसी। टीम एशिया ने रविवार को टीम वर्ल्ड को 14-0 से हराया। टीम वर्ल्ड में ट्रुल्स मोरेगार्ड, दिमित्रिज ओवत्चारोव, ह्यूगो काल्डेरानो, एड्रियाना डियाज़ और बर्नाडेट स्जोक्स जैसे खिलाड़ी थे। भारत की टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा सितारों से सजी 'टीम एशिया' का हिस्सा थीं जिसने वाल्डनर कप के पहले आयोजन में 'टीम वर्ल्ड' को हराया। टीम एशिया में मनिका के अलावा टेबल टेनिस के दिग्गज चीन के मा लोंग, ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेन मेंग, दक्षिण कोरिया के शिन युबिन और कजाकिस्तान के किरिल गेरासिमेंको शामिल थे। टीम एशिया ने रविवार को टीम वर्ल्ड को 14-0 से हराया। टीम वर्ल्ड में ट्रुल्स मोरेगार्ड, दिमित्रिज ओवत्चारोव, ह्यूगो काल्डेरानो, एड्रियाना डियाज़ और बर्नाडेट स्जोक्स जैसे खिलाड़ी थे। स्वीडन के महान खिलाड़ी जान-ओवे वाल्डनर ने टेबल टेनिस को शीर्ष वैश्विक खेल बनाने के उद्देश्य से इस टूर्नामेंट की स्थापना की है।

नॉर्वे शतरंजः

नॉर्वे शतरंज में कार्लसन से होगा विश्व चैंपियन गुकेश का सामना, इस तारीख से खेला जाएगा टूर्नामेंट

स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी। 18 साल के गुकेश ने इस साल टाटा स्टील मास्टर्स जीता, शतरंज ओलंपियाड में भारत को स्वर्ण दिलाया, कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में चमके और पिछले सप्ताह सिंगापुर में विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीता।

सबसे युवा विश्व चैम्पियन गुकेश डोम्माराजू का सामना अगले साल नॉर्वे शतरंज में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से होगा। टूर्नामेंट यहां 26 मई से छह जून तक खेला जाएगा। 18 साल के गुकेश ने इस साल टाटा स्टील मास्टर्स जीता, शतरंज ओलंपियाड में भारत को स्वर्ण दिलाया, कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में चमके और पिछले सप्ताह सिंगापुर में विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीता। गुकेश ने एक विज्ञप्ति में कहा, मैं दुनिया के सबसे मजबूत खिलाड़ियों में से एक के खिलाफ फिर नॉर्वे में भिड़ने को लेकर रोमांचित हूं। आर्मागेडोंस मजेदार होगा। गुकेश पिछले साल यहां तीसरे स्थान पर रहे थे लेकिन इस बार विश्व चैम्पियन के रूप में कार्लसन को उनके घर में चुनौती देंगे। नॉर्वे शतरंज के संस्थापक और टूर्नामेंट निदेशक जेल मेडलैंड ने कहा, यह मुकाबला शानदार होगा । देखना दिलचस्प होगा कि विश्व चैम्पियन का सामना नंबर एक खिलाड़ी से कैसा रहता है । पूरी दुनिया की इस पर नजरें होंगी। नॉर्वे शतरंज में दुनिया के शीर्ष पुरूष और महिला खिलाड़ी छह खिलाड़ियों के दोहरे राउंड रॉबिन प्रारूप में खेलेंगे।

महान क्रिकेटर की भविष्यवाणी से सब हैरान

कोहली के करियर का अंत करीब!

नईदिल्ली, एजेंसी। विराट कोहली के लिए साल 2024 लगभग हर दृष्टि से बहुत खराब रहा है. अब बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उनकी बेकार बैटिंग के बीच महान क्रिकेटर एलन बॉर्डर ने कोहली को लेकर चिंता प्रकट की है. बता दें कि कोहली ब्रिसबेन टेस्ट में ऑफ स्टंप के बहुत बाहर की गेंद को खेलकर आउट हुए थे. एलन बॉर्डर अनुसार कोहली अब उन गेंदों को खेलने का प्रयास कर रहे हैं, जिन्हें वो आमतौर पर खाली जाने देते हैं. इस ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने कहा कि कोहली या तो मानसिक रूप से स्वस्थ महसूस नहीं कर रहे हैं या फिर उनका करियर अंतिम पड़ाव पर आ पहुंचा है. एक ऑस्ट्रेलियाई मीडिया चैनल अनुसार एलन बॉर्डर ने कहा, कोहली ब्रिसबेन में जिस तरह आउट हुए, वो अगर बढ़िया फॉर्म में होते तो इस तरह की गेंद को खाली जाने देते हैं. मैं नहीं जानता कि विराट अभी मानसिक रूप से कैसा महसूस कर रहे हैं या फिर अब उनके पास वो स्किल नहीं हैं, जो पहले हुआ करती थीं. विराट कोहली को इसलिए भी आड़े हाथों लिया जा रहा है क्योंकि वो लगातार एक ही गलती को दोहराते जा रहे हैं. वो ऑफ स्टंप के बहुत बाहर की गेंदों पर बल्ला अड़ा कर खुद मुसीबत मोल ले रहे हैं.

एक और दिग्गज ने जताई चिंता

एलन बॉर्डर के अलावा इंग्लैंड के दिग्गज खिलाड़ी माइकल वॉन भी विराट कोहली के लिए कुछ ऐसा ही बयान दे चुके हैं. माइकल वॉन ने कहा था कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड, जहां गेंद में मूवमेंट और बाउंस देखने को मिलता है. ऐसी जगहों पर विराट कोहली जब अपनी बेस्ट फॉर्म में होते हैं तो ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों को खाली छोड़ देते हैं.

उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में विराट कोहली अधिकांश मौकों पर ऐसी ही गेंदों पर आउट हुए हैं जिन्हें वो खाली जाने दे सकते थे. माइकल वॉन ने कहा, मुझे लगता है कि अब उनका टच पूरी तरह खत्म हो चुका है.

31 साल की उम्र में लिया बड़ा फैसला

इस भारतीय खिलाड़ी ने अचानक किया संन्यास का ऐलान

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम इस समय ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेली जा रही है। सीरीज के दो मुकाबले हो चुके हैं और तीसरा मैच गाबा के मैदान पर हो रहा है। इसी बीच विदेशी टी20 लीग में संभावनाएं तलाशने के लिए भारतीय गेंदबाज अंकित राजपूत ने संन्यास का ऐलान किया है। जबकि वह अभी सिर्फ 31 साल के ही हैं। घरेलू क्रिकेट में वह उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलते हैं और हाल ही में वह रणजी ट्रॉफी में नजर आए थे।

सोशल मीडिया पर दी जानकारी

अंकित राजपूत ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं आज बेहद विनम्रता के साथ भारतीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करता हूं। साल 2009 से 2024 तक मेरी क्रिकेट यात्रा मेरे जीवन का सबसे शानदार समय रहा है। मुझे अवसर प्रदान करने के लिए मैं भारतीय क्रिकेट बोर्ड , उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ और कानपुर क्रिकेट संघ का आभार व्यक्त करता हूं।

आईपीएल में पांच टीमों का रहे हिस्सा

अंकित राजपूत ने पांच आईपीएल टीमों चेन्नई सुपर किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, पंजाब किंग्स राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स का भी आभार व्यक्त किया जिनका वह हिस्सा रहे है। आईपीएल के 29 मैचों में उन्होंने कुल 24 विकेट अपने नाम किए। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल ने भी पिछले महीने घरेलू क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उनकी तरह राजपूत भी दुनिया भर की टी20 लीग में संभावनाएं तलाश रहे हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड से जुड़ा कोई भी सक्रिय क्रिकेटर विदेशी लीग में भाग नहीं ले सकता।

रोहन जेटली फिर बने अध्यक्ष, बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष की बेटी बनी उपाध्यक्ष

नईदिल्ली, एजेंसी। रोहन जेटली को दिल्ली जिला क्रिकेट संघ का एक और कार्यकाल के लिए अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने डीडीसीए के विभिन्न पदों के लिए चुनावों में भारत के पूर्व खिलाड़ी कीर्ति आजाद को हराया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत अरुण जेटली के बेटे 35 वर्षीय रोहन जेटली ने शीर्ष पद की दौड़ में आजाद के 777 वोटों की तुलना में 1,577 वोट हासिल किए। कुल 2,413 वोट डाले गए और जीतने के लिए 1,207 वोटों की आवश्यकता थी।

2020 में रोहन निर्विरोध डीडीसीए अध्यक्ष चुने गए और एक साल बाद उन्होंने एडवोकेट विकास सिंह को हराया। बीसीसीआई के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष सीके खन्ना की बेटी शिखा कुमार (1,246 वोट) ने राकेश कुमार बंसल (536) और सुधीर कुमार अग्रवाल (498) को हराकर उपाध्यक्ष पद हासिल किया।

विश्व क्रिकेट में पाकिस्तान की किरकिरी, अब नेपाल ने चटाई धूल, हर तरफ हो रही थू-थू

नईदिल्ली, एजेंसी। महिला अंडर-19 एशिया कप टी20 टूर्नामेंट का आगाज 15 दिसंबर को हुआ था. इस बीच सोमवार को ग्रुप बी के मैच में पाकिस्तान और नेपाल का आमना-सामना हुआ, जिसमें नेपाल ने 6 विकेट से जीत दर्ज करके क्रिकेट जगत को हैरत में डाल दिया है. अब नेपाल ने अंडर-19 एशिया कप के सुपर-4 में जगह बना ली है, वहीं पाक टीम ग्रुप स्टेज में अपने दोनों मैच हारने से टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है. पाकिस्तान की महिला टीम ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 104 रन बनाए थे. जवाब में नेपाल टीम ने एक ओवर शेष रहते 6 विकेट से इस मुकाबले को जीता है.

नेपाल की कप्तान पूजा महातो को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. पहले उन्होंने अपने 4 ओवर के गेंदबाजी स्पेल में 27 रन देकर 2 विकेट लिए. वहीं जब बैटिंग की बारी आई तो पूजा ने 47 रन की नाबाद पारी खेलकर अपनी टीम को यादगार जीत दिलाने में बहुत बड़ा योगदान दिया. पाकिस्तान के लिए एक समय 100 रन बना पाना भी मुश्किल प्रतीत हो रहा था, लेकिन कोमल खान ने 38 रन और महम अनीस ने 29 रन की पारी खेल अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में मदद की.

पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर

महिला अंडर-19 एशिया कप में भारत, पाकिस्तान और नेपाल को ग्रुप बी में रखा गया था. ग्रुप मुकाबले में टीम इंडिया पहले ही पाकिस्तान को 9 विकेट से रौंद चुकी थी. यदि पाक टीम को सुपर-4 में प्रवेश पाना था तो उसे हर हालत में नेपाल पर जीत दर्ज करनी थी.

खैर अब नेपाल ने यादगार जीत दर्ज करके सुपर-4 स्टेज में जगह बनाई है. ग्रुप ए पर नजर डालें तो उसमें श्रीलंका, बांग्लादेश और टूर्नामेंट के होस्ट मलेशिया को जगह दी गई थी. इस ग्रुप में श्रीलंका 2 मैच में एक जीत दर्ज करने के बाद अभी टेबल के टॉप पर मौजूद है. इस ग्रुप में बांग्लादेश और मलेशिया का मैच बाकी है.

न्यूजीलैंड-इंग्लैंडः

इंग्लैंड की चौथी सबसे बड़ी हार, न्यूजीलैंड क्लीन स्वीप से बची, टिम साउदी की शानदार विदाई

नईदिल्ली, एजेंसी। कप्तान बेन स्टोक्स मंगलवार (17 दिसंबर) को हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बल्लेबाजी करने में असमर्थ रहे। इससे इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट के चौथे दिन चाय से पहले न्यूजीलैंड के हाथों 423 रनों से हार का सामना करना पड़ा। स्टोक्स को तीसरे दिन गेंदबाजी करते समय बाएं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया और वह बल्लेबाजी के लिए नहीं उतर सके। इससे इंग्लैंड की टीम 658 रनों के असंभव लक्ष्य का पीछा करते हुए 234 रनों पर आउट हो गई। रन की लिहाज से इंग्लैंड की चौथी सबसे बड़ी बार है।

न्यूजीलैंड ने रन की लिहाज से संयुक्त रूप से सबसे बड़ी जीत दर्ज की। 2018 में श्रीलंका को भी उसने 423 रनों से हराया था। कीवी टीम ने इंग्लैंड को सीरीज में वाइटवॉश करने से रोक दिया। इसके साथ ही दिग्गज क्रिकेटर टिम साउदी की टेस्ट क्रिकेट से शानदार विदाई हुई।इंग्लैंड ने पहला टेस्ट8 विकेट से और दूसरा 323 रनों से जीतकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली थी। इंग्लैंड ने मंगलवार को अपनी दूसरी पारी 2 विकेट पर 18 रन से शुरू की।

तीसरे दिन ही बेन डकेट और जैक क्रॉली आउट हो गए थे। जो रूट ने 54 और जैकब बेथेल ने 76 रन बनाए और तीसरे विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी की। लंच के बाद गस एटकिंसन ने 41 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाए। ओली पोप ने 17 रन बनाए, लेकिन विकेट लगातार गिरते रहे।

मिचेल सैंटनर का बहुत बड़ा योगदान

न्यूजीलैंड की जीत में मिचेल सैंटनर का बहुत बड़ा योगदान रहा। उन्होंने नंबर 8 पर बल्लेबाजी करते हुए 76 रन बनाए और मैट हेनरी, टिम साउथी और विल ओ'रुर्के के साथ मिलकर न्यूजीलैंड के आखिरी तीन विकेट के लिए 116 रन जोड़े। इससे न्यूजीलैंड टॉस हारने और पहले बल्लेबाजी करने के बाद 347 रन तक पहुंच सका। सैंटनर और ओ'रुर्के के बीच आखिरी विकेट के लिए साझेदारी पहले दिन के अंत में और दूसरे दिन की शुरुआत में 77 मिनट तक चली। इसके बाद सेंटनर ने 7 रन देकर 3 विकेट लिए। भविष्य में न्यूजीलैंड की संभावित रूप से नई गेंद की जोड़ी हेनरी और ओ'रुर्के ने सात विकेट लिए। इंग्लैंड अपनी पहली पारी में डेढ़ सत्र में 143 रन पर आउट हो गया।

साउथी कई वर्षों से न्यूजीलैंड के आक्रमण की अगुआई कर रहे थे। ज्यादातर ट्रेंट बोल्ट के साथ उन्होंने ऐसा किया। यह उनका 107वां और अंतिम टेस्ट था और बोल्ट अब न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ अनुबंधित नहीं हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

न्यूज बाइट्स

दानापुर में हथियार सप्लाई करने वाला गिरफ्तार

पटना (नि. सं.)। पटना के दानापुर थाना क्षेत्र के गोरा बाजार में 12 जुलाई को हुए सेंटिंग मिस्त्री जितेंद्र राय की हत्या हुई थी। इस मामले में पुलिस ने एक कुख्यात को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान बीबीगंज भट्ठा रोड के सुबोध साह के पुत्र गोविंद कुमार के रूप में हुई है। गोविंद ने ही अपराधियों को हथियार सप्लाई किया था। इसकी जानकारी दानापुर एएसपी भानु प्रताप सिंह ने दी है। दानापुर अनुमंडल का टॉप 10 कुख्यात में शामिल गोविंद कुमार को बीबीगंज भट्ठा रोड से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी है। इसकी गिरफ्तारी दानापुर थाना कांड संख्या 627/24 में गिरफ्तार किया गया है। इसमें बीबीगंज भट्ठा रोड निवासी सेटिंग मिस्त्री जितेंद्र राय की गोली मार हत्या की गई थी। गिरफ्तार गोविंद जितेंद्र राय हत्याकांड में शामिल हत्यारों को हथियार मुहैया करवाया था। इसका अपराधिक इतिहास रहा है।

नौबतपुर में खेत से मिला युवक का शव

पटना (नि. सं.)। पटना के नौबतपुर थाने की पुलिस ने अमरपुरा गांव के खेत से एक युवक का शव बरामद हुआ है। आस-पास के लोगों ने इसकी सूचना नौबतपुर थाने को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मृतक की पहचान फरीदपुरा गांव के सोनू कुमार (20) के रूप में हुई है। इस मामले को लेकर नौबतपुर थाना प्रभारी रजनीश कुमार ने बताया कि सोनू कुमार नशे का आदी था। अधिक नशे के सेवन से उसकी मौत हो सकती है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल के आसपास एविल सूई और सिरिंज के कुछ अंश पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि शरीर पर किसी तरह का कोई निशान नहीं पाया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। वहीं, परिवार के लोगों ने बताया कि सोमवार की रात सोनू कुमार को एक दोस्त घर पर बुलाने आया था। सोनू घर से यह बोलकर निकला कि कुछ देर में वापस लौट आएंगे। परिवार के लोगों ने बताया कि रात भर सोनू घर वापस नहीं आया। मंगलवार को सूचना मिली कि सोनू कुमार का शव अमरपुरा गांव के एक खेत के बाउंड्री नुमा जगह पर पड़ा हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि अभी तक परिवार की ओर से कोई आवेदन नहीं दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण का खुलासा होगा।

पटना-दुमका इंटरसिटी एक्सप्रेस का इंजन फेल

पटना (नि. सं.)। बख्तियारपुर स्टेशन पर पटना-दुमका इंटरसिटी एक्सप्रेस(13334) का इंजन फेल हो गया। करीब ढाई घंटे तक ट्रेन रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही। जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ना। टेक्निकल टीम ने दूसरी इंजन लगाकर गाड़ी को रवाना किया। पटना जंक्शन से दुमका तक जाने वाली गाड़ी संख्या 13334 सुबह करीब 7:45 बजे बख्तियारपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर पहुंची थी। जहां गाड़ी का इंजन फेल हो गया। इस दौरान डाउन लाइन में कुछ देर आवागमन बाधित रहा। बाद में डाउन लाइन की ट्रेन को प्लेटफॉर्म नंबर-3 से रवाना किया गया। यात्रियों ने बताया कि सुबह पटना जंक्शन से ट्रेन टाइम पर खुली थी। इंजन फेल होने से बख्तियारपुर स्टेशन पर काफी देर तक रूकी रही। सरकारी कर्मियों और दैनिक यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। स्कूल जाने वाले बच्चे भी परेशान दिखे। करीब ढाई घंटे बाद टेक्निकल टीम ने इंजन बदला, तब जाकर गाड़ी खुली।

कोर कमेटी से मोनाजिर हसन, देवेंद्र यादव का इस्तीफा

पटना (नि. सं.)। विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में खुद को स्थापित करने में जुटी जनसुराज को बड़ा झटका है। पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र यादव और पूर्व सांसद डॉ. मोनाजिर हसन ने जनसुराज के कोर कमेटी से इस्तीफा दे दिया है। एक सप्ताह पहले ही कोर कमेटी में दोनों नेताओं को जगह मिली थी। निजी कारणों का हवाला देते हुए पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर को इस्तीफा भेजा है। मोनजिर हसन ने कहा कि सदस्य के तौर पर जनसुराज में मजबूती के साथ बना रहूंगा। वहीं, देवेंद्र यादव ने फिलहाल स्पष्ट नहीं कहा है कि पार्टी में रहेंगे या नहीं। मोनाजिर हसन ने पत्र में लिखा, 'जनसुराज ने राज्य स्तर पर 125 सदस्यों की कोर कमेटी का गठन किया है। व्यक्तिगत कारणों से अब इस्तीफा देता हूं। हालांकि सदस्य के तौर पर जनसुराज में मजबूती के साथ बना रहूंगा। पूर्व केंद्रीय देवेंद्र यादव ने एक लाइन में लिखा, मैं अपरिहार्य कारणों से आपके 125 सदस्यीय राज्य कोर कमेटी से स्वेच्छा से त्याग-पत्र देता हूं।

औरंगाबाद में चला नक्सल विरोधी अभियान, सीआरपीएफ कोबरा बटालियन भी शामिल

पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में तीन प्रेशर आईईडी बरामद

निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)

मदनपुर प्रखंड के चकरबंधा के जंगल में नक्सल विरोधी अभियान के तहत पुलिस और सीआरपीएफ कोबरा बटालियन ने बड़ी सफलता हासिल की है। लड़ईया पहाड़ क्षेत्र से तीन शक्तिशाली प्रेशर आईईडी बम बरामद किए गए हैं। इन बमों का वजन 4-4 किलोग्राम था और इन्हें मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया। यह अभियान मंगलवार को मदनपुर थाना और कोबरा बटालियन 205 की संयुक्त कार्रवाई के तहत चलाया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-2) अमित कुमार ने जानकारी दी कि यह अभियान नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे व्यापक अभियान का हिस्सा है। पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने जंगल के इलाके में तलाशी के दौरान इन खतरनाक आईईडी बमों को बरामद किया। अमित कुमार ने बताया कि यह सफलता नक्सलियों के खिलाफ चल रही कार्रवाइयों का परिणाम है, जिसने उनका मनोबल गिरा दिया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस तरह के अभियानों से नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाने में बड़ी मदद मिल रही है।

चकरबंधा के जंगल नक्सलियों के गढ़ के रूप में जाने जाते हैं, जहां से वे सुरक्षा बलों और स्थानीय लोगों के खिलाफ साजिश रचते हैं। लेकिन हाल की कार्रवाइयों से यह स्पष्ट है कि पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त रणनीति नक्सलियों को उनके ठिकानों से बाहर निकालने में सफल हो रही है। जंगल में सघन तलाशी अभियान और नियमित पेट्रोलिंग से नक्सली गतिविधियों पर काफी हद तक अंकुश लगा है। सुरक्षा बलों की इन कार्रवाइयों से स्थानीय लोगों में भी सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है। कई ग्रामीण अब पुलिस के साथ सहयोग कर रहे हैं और नक्सलियों की हरकतों की जानकारी दे रहे हैं। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे नक्सल विरोधी अभियान में पुलिस का साथ दें और अपने क्षेत्र को सुरक्षित बनाने में सहयोग करें। पुलिस और सीआरपीएफ की ओर से नक्सलियों के खिलाफ यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा, ताकि किसी भी तरह की हिंसक गतिविधियों को रोका जा सके।

लगातार अभियान से नक्सलियों पर दबाव

नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा बलों की यह कार्रवाई कोई पहली सफलता नहीं है। कुछ दिनों पहले ही मदनपुर के पचरुखिया कैंप से 1300 मीटर दूर बासडीहा गांव में एक बड़े अभियान के तहत 2206 कारतूस बरामद किए गए थे। पुलिस का कहना है कि लगातार छापेमारी और नक्सल विरोधी अभियानों से नक्सली संगठनों का नेटवर्क कमजोर हो रहा है।

अमित कुमार ने यह भी संकेत दिया कि नक्सलियों के खिलाफ सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर और बड़े अभियान चलाए जाएंगे। यह कार्रवाई नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की बढ़ती पकड़ और उनके खतरनाक मंसूबों को नाकाम करने के लिए चल रहे प्रयासों का एक और उदाहरण है। इससे न केवल नक्सलियों का हौसला पस्त हुआ है, बल्कि स्थानीय समुदाय में भी सुरक्षा का माहौल बना है।

हाइवा की चपेट में आकर 25 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत, घर का बुझा इकलौता चिराग

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ओरा गांव के पास एक बेहद दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें 25 वर्षीय युवक राहुल कुमार की जान चली गई। यह हादसा सोमवार की रात हुआ, जब राहुल अपने घर से बाहर किसी काम के सिलसिले में जा रहा था। राहुल का गांव लाल बिगहा है, जो मुफस्सिल थाना क्षेत्र में स्थित है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, राहुल कुमार का जीवन हाल ही में एक बड़े दुख से उबरने की कोशिश कर रहा था। राहुल के पिता, सीता यादव, जिनकी कुछ महीने पहले बीमारी के कारण मृत्यु हो चुकी थी, परिवार के एकमात्र सहारे थे। अब राहुल की मृत्यु ने पूरे परिवार के लिए एक और गहरा शोक और कठिनाई का कारण बना दिया है। राहुल कुमार रविवार रात बाइक से ओरा गांव के पास उतरा और वहां से ऑटो पकड़ने के लिए सड़क के किनारे पैदल चलने लगा। उस समय, एक तेज रफ्तार हाइवा वाहन अनियंत्रित होकर उसे पीछे से रौंदते हुए निकल गया। हादसे में राहुल गंभीर रूप से घायल हुआ और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोग, जो घटना के बाद मौके पर पहुंचे, उन्होंने राहुल को जिंदा समझा और उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राहुल की मौत की खबर पूरे गांव में फैलते ही शोक का माहौल छा गया। उसके परिजनों ने शव से लिपटकर चीखते-चिल्लाते हुए दुख का इज़हार किया। यह हादसा परिवार के लिए बेहद दर्दनाक साबित हुआ क्योंकि राहुल ही घर का इकलौता सहारा था और अब उसके जाने से परिवार में गहरी निराशा छा गई है।

बताया जाता है कि राहुल की शादी अगले साल 2025 में होने वाली थी। वह अपने जीवन की नई शुरुआत के लिए बेहद उत्साहित था, लेकिन दुर्भाग्यवश शादी से पहले ही उसकी मौत हो गई। यह घटना न केवल उसके परिवार, बल्कि पूरे गांव के लिए एक बड़े झटके के रूप में आई है। राहुल कुमार का जीवन कई कठिनाइयों और संघर्षों से जूझते हुए भी आगे बढ़ रहा था, लेकिन इस हादसे ने उसकी खुशियों को चुराकर परिवार को शोक में डाल दिया। इस घटना के बाद, राजद के नेता और जिला पार्षद अनिल यादव ने राहुल के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राहुल सिर्फ परिवार का सहारा ही नहीं था, बल्कि पूरे गांव में एक सकारात्मक छवि रखता था। उसकी मौत ने न केवल परिवार को, बल्कि पूरे समाज को भी गहरे शोक में डाल दिया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मामले की जांच पूरी गंभीरता से की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मुफस्सिल थाना के थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि इस दुर्घटना के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचने के बाद परिजनों से पूरी जानकारी ली है और आवेदन मिलने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

परिवार के लिए गंभीर संकट

राहुल के परिवार ने बताया कि वह अब तक घर का एकमात्र सहारा था। पिता की मौत के बाद, राहुल ही परिवार की जिम्मेदारियों को संभाल रहा था। उसकी असमय मौत से परिवार के सदस्यों की मानसिक स्थिति खराब हो गई है और वे इस कठिन समय को सहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। राहुल की मौत ने उसके परिवार के सपनों को भी चकनाचूर कर दिया है, क्योंकि अब उसकी शादी के लिए चल रही तैयारियां रुक गई हैं।

बीडीओ ने लिया बच्चों का मोटिवेशनल क्लास

निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)

बारुण प्रखंड के राजकीय कृत देवबंशी उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुंदरगंज, का निरीक्षण सीनियर डिप्टी कलेक्टर सह प्रखंड विकास पदाधिकारी रितेश कुमार ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक और शिक्षकों से शिक्षा की गुणवत्ता पर चर्चा की। साथ ही, अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा और उनका समाधान करने की पहल की।

निरीक्षण के दौरान रितेश कुमार ने छात्रों के लिए एक मोटिवेशनल क्लास भी लिया। उन्होंने जीवन में लक्ष्य निर्धारण और अनुशासन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सही मार्गदर्शन और संगति बहुत जरूरी है। रितेश कुमार ने सुझाव दिया कि सभी माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कैरियर काउंसलर के रूप में एक शिक्षक को नियुक्त किया जाए, ताकि छात्र अपने करियर को सही दिशा में ले जा सकें।

संबोधन के दौरान उन्होंने माध्यमिक और इंटरमीडिएट के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के गुर बताए और साक्षात्कार में बेहतर प्रदर्शन के लिए उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और अनुशासन के जरिए किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के प्रारंभ में सीनियर डिप्टी कलेक्टर का स्वागत पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण के साथ किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार और शिक्षक शिवम कुमार, संजय कुमार, चंदन कुमार समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहे। मंच संचालन हरिप्रपन शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम से छात्रों को न केवल प्रेरणा मिली, बल्कि उन्हें अपने करियर की योजना बनाने और आगे बढ़ने की दिशा में ठोस मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ।

सीआरपीएफ के शहीद जवानों के परिजनों को किया गया सम्मानित

निज संवाददाता | पटना

सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर मोकामा घाट में परिवार कल्याण दिवस पर मिलेट महोत्स्व का आयोजन हुआ। इसकी अगुआई डीआईजी रबिन्द्र भगत ने की। इसमें शहीद जवानों और कर्मचारियों के परिवारों को सम्मानित किया गया। मिलेट महोत्सव में दर्जनों प्रकार के व्यंजन और पकवान का ना सिर्फ स्टॉल लगाकर प्रदर्शन किया गया। बल्कि, परोसे भी गए। एक-एक कर सभी अधिकारियों और आगन्तुक विशिष्ट अतिथियों ने मिलेट को भोजन मे शामिल करने के फायदे बताए। पीएम मोदी ने मोटे अनाज को भोजन मे शामिल करने पर अन्नश्री योजना की शुरुआत की थी। इसके बाद से अलग-अलग सरकारी विभागों की ओर से मिलेट को बढ़ावा देने के लिये कार्यक्रम आयोजित किये जाने लगे हैं। डीआईजी रविंद्र भगत ने कहा कि सीआरपीएफ की ओर से प्रत्येक साल परिवार कल्याण दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर पिछले 5 साल में जिस किसी की भी डेथ हुई है, उनके परिवारों की शिकायत को सुना गया। मिलेट को भोजन में शामिल करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में सीआरपीएफ के अधिकारी और जवानों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम को डीआईजी रबिन्द्र भगत, कमानडेंट मुन्ना कुमार सिंह व डिप्टी कमानडेंट एल एन उपाध्याय ने सम्बोधित किया। जबकी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मोकामा नगर परिषद के मुख्य पार्षद व किसान आनंद मुरारी तथा आरपीफ इंस्पेक्टर हरिकेश मीणा उपस्थित थे।

चोरी की बाइक के साथ तीन गिरफ्तार तलाशी में नहीं मिले वाहन के पेपर

निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)

जिले की गोह पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है, साथ ही एक नाबालिग किशोर को विधि निरुद्ध किया है। दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषिराज ने मंगलवार शाम जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को गोह थाना की पुलिस सघन जांच अभियान चला रही थी। इसी क्रम में पेंमा नहर पुल और नगाइन मोड़ पर चोरी की 2 बाइक के साथ तीन युवक और एक नाबालिग किशोर को पुलिस पूछताछ के लिए गोह थाना लाई। वाहन से संबंधित कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। पुलिस की पूछताछ के दौरान हिरासत में लिए गए युवकों ने जानकारी दी कि दोनों बाइक चोरी की है। बताया कि गोह थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव के राजेंद्र यादव के 21 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार, रामप्रवेश सिंह के 19 वर्षीय पुत्र मदन कुमार, गोह थाना क्षेत्र के डिंगराही गांव के डोमन यादव के 30 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार को गिरफ्तार कर मंगलवार की शाम में ही जेल भेज दिया गया।

आज से बीपीएससी सहायक अभियंता की परीक्षा शुरू

निज संवाददाता | पटना

बीपीएससी सहायक अभियंता असैनिक और यांत्रिक की परीक्षा 18 और 19 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। परीक्षा तीन पालियों में 10 से 2 बजे तक होगी। 18 दिसंबर को सामान्य अंग्रेजी 10 से 11 बजे, सामान्य हिंदी 11.30 से 12.30 बजे और सामान्य अध्ययन 1 से 2 बजे तक होगी, जबकि 19 दिसंबर असैनिक और यांत्रिक से जुड़े विषयों की परीक्षा होगी। परीक्षा के माध्यम 118 पदों पर नियुक्ति होनी है। सिविल में 113 और मैकेनिकल में पांच पदों के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी। 23,858 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इसके लिए आयोग ने 24 परीक्षा केन्द्र बनाए हैं। सभी केन्द्र पटना में ही हैं। आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि परीक्षा से एक घंटे पूर्व प्रवेश दिया जाएगा। विलंब से आने वाले छात्रों को किसी हाल में केन्द्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। केन्द्र में प्रवेश से पहले तीन स्तर पर जांच होगी। सभी केन्द्रों पर जैमर लगाए गए हैं। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए 58 मजिस्ट्रेट केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त रहेंगे। इसके अलावा 13 जोनल मजिस्ट्रेट और जिला नियंत्रण कक्ष में 14 मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त होंगे। बापू परीक्षा परिसर में भी सहायक अभियंता असैनिक और यांत्रिक की परीक्षा होगी। इसके लिए वहां सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं। क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) को भी तैनात रखा जाएगा। मेडिकल टीम भी तैनात रहेगी। सभी परीक्षा केन्द्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है।

कार्यशाला में नई शिक्षा नीति से विद्यार्थियों को कराया गया परिचित

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)

नवीनगर के अनुग्रह नारायण कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग में प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए फर्स्ट इंडक्शन मीट एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के संयोजक एवं परीक्षा नियंत्रक प्रो. अरुण कुमार ने बताया कि कार्यशाला में चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम एवं नई शिक्षा नीति से विद्यार्थियों को परिचित कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दिनेश प्रसाद सिन्हा ने नई शिक्षा नीति एवं बदलते परिवेश में आ रही चुनौतियों के बारे में चर्चा करते हुए नई संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

डॉ मदन रजक ने सीबीसीएस प्रणाली के अंतर्गत विद्यार्थियों को मिलने वाले विभिन्न अवसरों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला को संबोधित करते हुए अन्य शिक्षकों में प्रो जयप्रकाश ने बताया कि चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम में विद्यार्थियों को नए नए कोर्स एक ही स्ट्रीम में रहते हुए पढ़ने का मौका मिलेगा। साथ ही पढ़ाई अधूरी रह जाने या स्थानांतरित होने पर डिग्री पूरी करने में आसानी होगी।

महाविद्यालय के शिक्षक अक्षय जैन, नंदकिशोर चौधरी एवं आनंद कुमार ने विषय वार जानकारी देते हुए मेजर, माइनर एवं बहुविषयक कोर्स की अवधारणा पर प्रकाश डाला।

अगलगी में चार घर जले, मुआवजा की मांगा

निज संवाददाता | पौथू (औरंगाबाद)

पौथू थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर-11 स्थित बरपा गांव में मंगलवार की सुबह आगजनी की घटना में चार झोपड़ीनुमा मकान जलकर खाक हो गए। आग लगने से रामविलास चौधरी, सुभाष चौधरी, वीरेंद्र चौधरी और लालचंद्र चौधरी के घर पूरी तरह राख में तब्दील हो गए। घटना के दौरान ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए झोपड़ी में बंधे पशुओं को सुरक्षित निकाल लिया, लेकिन घर में रखा सारा सामान, कपड़े, चौकी और अनाज जलकर राख हो गए। पीड़ित परिवारों का कहना है कि घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर लोग खाना बनाने के बाद गोइड़ा और लकड़ी का अवशिष्ट फेंकते हैं। आशंका जताई जा रही है कि अवशिष्ट में दबी चिंगारी तेज हवा के चलते रामविलास चौधरी के घर तक पहुंची और वहां से आग ने धीरे-धीरे अन्य झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की सूचना मिलते ही अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचा। अग्नि चालक साहिल आलम, मोहम्मद इजहार आलम और सौरभ कुमार ने ग्रामीणों के साथ मिलकर तेजी से फैल रही आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक चार परिवारों का पूरा घर जल चुका था। ग्रामीणों की त्वरित मदद से आसपास के अन्य घरों को बचा लिया गया।

घटना के बाद रफीगंज अंचलाधिकारी ने दोपहर 12 बजे जानकारी दी कि अगलगी की सूचना मिलते ही कर्मचारी को मौके पर भेजा गया है। उन्होंने बताया कि कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद पीड़ित परिवारों को मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। घटना ने चार परिवारों को बेघर कर दिया है। आग में उनकी जीवनभर की जमा पूंजी और जरूरी सामान जलकर राख हो गए। पीड़ित परिवार ने सरकार से त्वरित मुआवजा और मदद की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने आग बुझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और प्रशासन से यह मांग भी की कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए। ग्रामीणों ने यह भी सुझाव दिया कि गांव में अग्निशमन सेवाओं की पहुंच को और बेहतर बनाया जाए। यह घटना आग लगने के प्रति सतर्कता की आवश्यकता और प्रभावित परिवारों की मदद के लिए प्रशासन की तत्परता की मांग को उजागर करती है।

शिशु प्रतियोगिता निकेतन विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शिशु प्रतियोगिता नृत्य विद्यालय में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन विद्यालय की निदेशक सोनी कुमारी, प्राचार्य अमरजीत कुमार, वरीय शिक्षक गोविंद प्रसाद और विशेष आमंत्रित अतिथि जयप्रकाश कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में बौद्धिक और मानसिक क्षमताओं का विकास करना था, ताकि वे भविष्य में देश और समाज की बेहतरी में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। इस प्रतियोगिता का विषय था 'स्मार्ट भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका'। इसमें विद्यालय के छात्रों को वरीय और कनीय समूहों में विभाजित किया गया, और दोनों समूहों के छात्रों ने इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता में वरीय समूह में अभिनव कुमार (कक्षा 10) ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रियांशु कुमार (कक्षा 9) और अंशु कुमारी (कक्षा 9) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। कनीय समूह में निशान कुमार (कक्षा 8) ने पहला, प्रीतम कुमार (कक्षा 7) ने दूसरा और निर्मला कुमारी (कक्षा 8) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिसे विद्यालय की निदेशक सोनी कुमारी ने प्रदान किया। साथ ही, प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच अन्य छात्रों को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि जयप्रकाश कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों के भीतर नवाचार और प्रतिस्पर्धात्मक गुणों का विकास होता है, जो उनके भविष्य के लिए लाभकारी होते हैं। प्राचार्य अमरजीत कुमार ने छात्रों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और बताया कि इससे उनकी कल्पनाशक्ति, मानसिक विकास और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में वृद्धि होती है। कार्यक्रम का समापन वरीय शिक्षक गोविंद प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। कार्यक्रम का संचालन वरीय शिक्षक नीरज कुमार सिंह ने प्रेरणादायक पंक्तियों 'मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है। पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है' के साथ किया। इस आयोजन से छात्रों को न केवल बौद्धिक रूप से सक्षम बनाने की दिशा में मदद मिली, बल्कि उन्हें आगामी जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा भी मिली।

डिप्टी सीएम ने की खान एवं भूतत्व विभाग के खनिज विकास पदाधिकारियों तथा खान निरीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक

निज संवाददाता | पटना

बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने मंगलवार को खान एवं भूतत्व विभाग के खनिज विकास पदाधिकारियों तथा खान निरीक्षकों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में विभाग के प्रधान सचिव सह खान आयुक्त नर्मदेश्वर लाल भी मौजूद थे। बैठक में विभागीय मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राजस्व समाहरण, बालूघाटों की बंदोबस्ती की स्थिति, अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की।

विजय कुमार सिन्हा ने बैठक के बाद कहा कि समीक्षा के क्रम में यह बात सामने आई की 5 जिलों का काफी खराब प्रदर्शन रहा है। दंड वसूली में लक्ष्य से 120 प्रतिशत अधिक प्राप्त किया जा चुका है। इसमें तय पैमाने के अनुसार जिलों में शानदार प्रदर्शन करने वाले जिला खनिज पदाधिकारियों तथा खान निरीक्षकों को पुरस्कृत किया जाएगा और साथ ही ख़राब प्रदर्शन करने वालों को दंडित भी किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अवैध खनन तथा ओवरलोडिंग पर काबू पा लिया गया है। बिना नंबर प्लेट के चल रहे ट्रैक्टरों की शिकायत मिलने पर कार्रवाई नहीं करने वाले संबंधित पदाधिकारियों को दंडित किया जाएगा। जिलाधिकारी तथा एसपी सुनिश्चित करें की इस मामले में कोई ढिलाई ना बरती जाए। इसकी निगरानी के लिए समय समय पर ड्रोन से, हेलिकॉप्टर से सर्वे किए जा रहे हैं और जहां से शिकायत आ रही है वहां कार्रवाई की जा रही है। राज्य के बाहर सीमावर्ती जिलों से होने वाले अवैध खनन, बिना काग़ज़ात के पत्थर, कोयला का व्यापार करने वालों पर भी कार्रवाई करने की योजना बनाई जा रही है। लोगों से अपील की जाती है पास किए गए ट्रांज़िट चालान का उपयोग करें और राज्य सरकार के अंदर सूचीबद्ध हों। उन्होंने आगे जानकारी दी कि विभाग में अवैध खनन से संबंधित प्राप्त परिवादों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। लौह अयस्क और लाइमस्टोन के लिए किए गए निविदा की समीक्षा की गई है जिसमें यह बात सामने आई है कि इस वित्त वर्ष बिहार ने पहली बार वृहद खनन के क्षेत्र में कदम रखा है। घरेलू मिट्टी के उपयोग के लिए कोई कार्रवाई या दोहन की शिकायत आने पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। गीला बालू के परिवहन पर चालक पर कार्रवाई होने के साथ बंदोबस्तधारी पर भी कार्रवाई होगी। इसके साथ ही विभाग की प्रगति, चुनौतियों के समाधान तथा भविष्य की योजनाओं पर समीक्षा की गई। जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में सामने आई अनियमितताओं को संज्ञान में लेते हुए उप मुख्यमंत्री ने उनसे स्पष्टीकरण लेने की बात बताई। मंत्री ने अंत में कहा कि ग़लत वसूली करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी, राजस्व की वृद्धि होगी, प्रकृति के उपहार को अवैध खनन से अभिशाप के बजाय वरदान बनाया जाएगा। सरकार लोगों के सहयोग के लिए उनका धन्यवाद देती है और अवैध खनन की जानकारी देने वाले बिहारी योद्धाओं के खातों में जल्द इनाम की राशि ट्रांसफ़र कर दी जाएगी। इनाम की राशि के रूप में ट्रक पकड़वाने वाले को पांच हजार तथा ट्रैक्टर पकड़वाने वालों को दस हजार दी जाएगी।

राज्य के युवाओं को विभिन्न कंपनियों में नौकरी दिलाने के लिए लगाये जा रहे नियोजन मेला

निज संवाददाता | पटना

राज्य के युवाओं को विभिन्न कंपनियों में नौकरी रोजगार दिलाने के लिए नियोजन मेला लगाए जा रहे हैं। सोमवार को दीघा आईटीआई में आयोजित एक दिवसीय नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेले में 724 लोगों को विभिन्न सेक्टर की कंपनियों में नौकरी मिली। इसके पहले रोजगार मेले का उद्घाटन करते हुए संतोष कुमार सिंह ने कहा कि विभिन्न जिलों में युवाओं को उनकी योग्यता और क्षमता के हिसाब से नौकरी का मौका दिलाया जा रहा है। फरवरी में बड़े पैमाने पर रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत कार्यरत अवर प्रादेशिक नियोजनालय सह मॉडल कॅरियर सेंटर पटना की ओर से आयोजित इस मेले में निजी सेक्टर के ऑटोमोबाइल, इंश्योरेंस, हॉस्पिटैलिटी, सेल्स, मार्केटिंग के कुल 44 नियोजनों ने दो हजार से अधिक रिक्ति के लिए युवाओं से साक्षात्कार किया। इस मेले में कुल 4689 लोग पहुंचे। इसमें रोजगार के लिए आवेदन के साथ 3 हजार 756 लोगों ने बायो डाटा दिया, इसमें से अंतिम रूप से नौकरी के लिए 724 लोग चयनित हुए।